राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 समुंद्र के किनारे मोनालिसा ने दिखाई...



देश के संविधान और प्रजातंत्र की... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 10 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 278, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## राज्यसभा के उपचुनाव के लिए भाजपा ने की प्रत्याशियों के नाम की घोषणा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपने तीन प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने नोटिफिकेशन जारी किया गया है।

भाजपा ने हरियाणा, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। पार्टी ने राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा को हरियाणा से राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। रेखा शर्मा करीब 9 साल तक राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं।गौरतलब है कि हरियाणा में भाजपा



नेता कृष्ण लाल पंवार के इस्तीफे के बाद राज्यसभा की एक सीट रिक्त हुई थी। कृष्ण लाल पंवार इसराना सीट से जीत दर्ज कर विधानसभा चुनाव पहुंचे और नायब सैनी सरकार में विकास एवं पंचायत, खान और भूविज्ञान मंत्री बने हैं।इसके अलावा भाजपा ने आंध्र प्रदेश से रयागा कृष्णैया के नाम पर मुहर लगाई है, जबकि ओडिशा से सुजीत कुमार को प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले चुनाव आयोग ने राज्यसभा की छह खाली सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की थी। इन सीटों पर 20 दिसंबर को चुनाव होंगे, जबकि नतीजे भी उसी दिन जारी किए जाएंगे। आयोग को 24 दिसंबर से पहले इन सीटों पर चुनाव संपन्न कराना है।

इन छह सीटों में से तीन सीटें आंध्र प्रदेश की हैं। इसके अलावा हरियाणा ,पश्चिम बंगाल और ओडिशा की एक-एक सीट पर चुनाव होंगे। बता दें कि सभी सीटें मौजूदा सांसदों के इस्तीफे के बाद खाली हुई हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 10 दिसंबर है। उम्मीदवार 13 दिसंबर तक नामांकन वापस ले सकते हैं।

## सत्ता पक्ष ने लगाए विपक्ष पर आरोप, सदन में हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा सांसदों ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ



सदस्यों के संबंध जॉर्ज सोरोस व उनसे जुड़े हुए संगठनों के साथ हैं। भाजपा सांसदों का कहना था कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता के लिए बहुत चिंता का विषय है। इन सांसदों ने इस मुद्दे पर राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग की। कांग्रेस ने इस प्रकार के आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और इसका विरोध किया। इसके बाद सत्ता पक्ष की ओर से भी सदन में जमकर हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही को कुछ देर के लिए स्थगित करना पड़ा। सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही प्रारंभ होने पर सभापति ने बताया कि उन्हें चर्चा के लिए कुल 11 नोटिस मिले हैं। यह सभी नोटिस नियम 267 के अंतर्गत दिए गए थे। किसानों की स्थिति पर चर्चा के लिए रामजीलाल सुमन ने चर्चा का नोटिस दिया था। संतोष कुमार पी ने मणिपुर की कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था। कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी ने रतलाम के मध्य प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों से दुर्व्यवहार पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था।

## न्यूज डायरी

### सुप्रीम कोर्ट में किसान आंदोलन के कारण बंद शंभू बॉर्डर खोलने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसानों के आंदोलन से जुड़ी



याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में शंभू बॉर्डर पर आंदोलन की वजह से बंद मार्ग को खोलने के निर्देश देने की मांग की गई थी।बता दें कि किसान न्यूनतम समर्थम मूल्य की मांग को लेकर 8 महीने से बॉर्डर पर डटे हुए हैं।

### जूनागढ़ में तेज रफ्तार कार डिवाइडर फांदकर दूसरी कार से टकराई, 7 लोगों की मौत

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात के जूनागढ़ में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार कार पहले डिवाइडर से टकराई, फिर दूसरी कार से जा भिड़ी। हादसे में 7 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 5 छात्र शामिल हैं। हादसा जेतपुर-वेरावल राजमार्ग पर सुबह 8 बजे भंडुरी गांव के पास हुआ है। दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है।




टक्कर के बाद एक कार में आग भी लग गई। पुलिस ने शवो को पोस्टमॉटर्म के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि राजमार्ग पर दोनों तरफ से वाहन अपनी रफ्तार में आ रहे थे। तभी एक कार अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई, फिर दूसरी तरफ से आ रही कार से जा भिड़ी। एक कार में 2 लोग, जबकि दूसरी कार में 5 छात्र सवार थे। सभी छात्र परीक्षा देने कॉलेज जा रहे थे। पुलिस ने बतााय कि एक कार में सीएनजी सिलेंडर टक्कर के बाद फट गया, जिससे वाहन में आग लग गई। जांच जारी है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन जंग को लेकर दिया बड़ा बयान, बोले तत्काल होना चाहिए युद्ध विराम

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन में तत्काल युद्ध विराम का आह्वान किया है। ट्रंप ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में फ्रांसीसी और यूक्रेन के नेताओं के साथ बैठक के बाद संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा तथा सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि कीव 1,000 दिनों से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए ह्यएक समझौता करना चाहेगा। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है, जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि किसी भी समझौते से स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए।

ट्रंप ने सोशल मंच पर एक पोस्ट में दावा किया कि रूस और यूक्रेन दोनों ने एक ऐसे युद्ध में सैकड़ों हजारों सैनिकों को खो दिया है जो कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा, तत्काल युद्ध



विराम होना चाहिए और बातचीत शुरू होनी चाहिए। बहुत से लोगों को बेवजह अपनी जान गंवानी पड़ रही है, बहुत से परिवार बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से युद्ध को समाप्त करने का आह्वान किया है। ट्रंप की यह टिप्पणी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनके फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक के बाद आई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस बैठक को रचनात्मक बताया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कोई भी शांति समझौता यूक्रेन के लोगों के लिए न्यायसंगत होना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा, ह्यह्यजब हम रूस के साथ प्रभावी शांति की बात करते हैं, तो हमें सबसे पहले प्रभावी शांति गारंटी के बारे में बात करनी चाहिए। यूक्रेन के लोग शांति चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि 24 फरवरी, 2022 को रूस के चौतरफा आक्रमण के बाद से यूक्रेन ने अब तक 43,000 सैनिकों को खो दिया है जबकि 370,000 अन्य घायल हुए हैं।

## पीएम मोदी ने सोनिया गांधी को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई। मैं उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भी सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हाशिए पर मौजूद लोगों के अधिकारों की सच्ची चैंपियन, प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अत्यंत अनुग्रह, सम्मान और साहस की प्रतीक, सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने भी सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर कहा, हमारे समय की प्रतिष्ठित नेता, सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की मेरी तरफ से शुभकामनाएं और हार्दिक सम्मान।


उन्होंने आगे कहा, उनके द्वारा किए गए अपार बलिदानों के बावजूद, भारत के लिए उनका अद्वितीय योगदान दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा है। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सुशासन के वर्षों के दौरान उनके मार्गदर्शन ने भारत की स्वतंत्रता के बाद विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने आगे कहा, लगातार विरोधों का सामना करने के बावजूद उन्होंने अपनी सार्वजनिक सेवा में बहुत समझदारी और प्रतिबद्धता दिखाई है। उनका समर्थन और दृष्टिकोण हमारी पार्टी के लिए ताकत का बड़ा स्रोत बना हुआ है।

सोनिया गांधी 9 दिसंबर को 78 साल की हो गई हैं। वह पिछले तीन दशकों से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

## शिमला में सीजन की पहली बर्फबारी से झूमे पर्यटक, सडकें हुई बंद

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में रविवार रात को हुई बर्फबारी से पर्यटक खुश हो गए। यह सीजन की पहली बर्फबारी बताई जा रही है।



रिपोर्ट के मुताबिक, शिमला से सटे कुफरी, नारकंडा और फागू में भी जमकर बर्फ गिरी है। लौहाल-स्पीती, किन्नौर, कुल्लू, मनाली, चंबा और सिरमौर के ऊंचे इलाकों में और कांगड़ा के धौलाधार की पहाडियों पर भी बर्फ की चादर दिख रही है।भारतीय मौसम विभाग ने 2 दिन बारिश की संभावना जताई है। बर्फबारी के कारण शिमला की अंदरूनी सडकों पर आवाजाही प्रभावित है। हालांकि, शिमला-चंडीगढ़ और शिमला-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग खुला हुआ है।अप्पर शिमला की ओर जाने वाली सडक को कुछ देर के लिए बंद किया गया था। अभी हिमाचल पथ परिवहन निगम ने इस मार्ग पर बस सेवा बहाल कर दी है। बर्फबारी से इलाकों में तापमान भी शून्य से नीचे माइनस में पहुंच गया है। बारिश से तापमान और गिरेगा। अभी स्कूलों में छुट्टी नहीं दी गई है।

## संसद परिसर में नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी का मुखौटा लगाकर नाटक, राहुल गांधी बने रिपोर्टर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में गौतम अडाणी के



रिश्वतखोरी मामले को लेकर विपक्ष का हंगामा जारी है। सोमवार को संसद परिसर में विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी का मुखौटा पहनकर विरोध-प्रदर्शन किया और नाटक किया।इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रिपोर्टर बने और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और अडाणी का एक बनावटी साक्षात्कार लिया।हालांकि, प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के सांसद शामिल नहीं हुए।

संसद परिसर में सांसद मणिकम टैगोर और सप्त गुरुलका प्रधानमंत्री मोदी और अडाणी का मुखौटा पहनकर गले में हाथ डालकर खड़े थे। इस दौरान राहुल गांधी ने अडाणी का मुखौटा लगाए सांसद से पूछा, आपको क्या चाहिए? इस पर सांसद ने मोदी का मुखौटा लगाए सांसद के गले में हाथ डालकर कहा, हमें बंदरगाह चाहिए और बहुत कुछ चाहिए।राहुल ने पूछा, कब से आपकी पार्टनरशिप है। सांसदों ने जवाब दिया, सालों से चल रही है। हम दोनों एक हैं।

## दिल्ली के दो स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, बच्चों को भेजा गया घर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के दो बड़े नामी स्कूल डीपीएस आरके पुरम और पश्चिम विहार के जीडी गोयनका को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है। इस धमकी के बाद स्कूल प्रशासन ने एहतियातन सभी बच्चों को घर भेज दिया है। धमकी

> **पुलिस ने अपने बयान में डीपीएस और जीडी गोयनका स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की पुष्टि की है, पुलिस ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है**

की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी फौरन मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने अपने बयान में डीपीएस और जीडी गोयनका स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की पुष्टि की है। पुलिस ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल जांच में किसी भी प्रकार का कोई संदिग्ध तथ्य बाहर निकलकर सामने नहीं आया है।



इससे पहले 20 नवंबर को रोहिणी के वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। वहीं, तमिलनाडु के एक सीआरपीएफ स्कूल को भी 21 अक्टूबर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। 20 अक्टूबर को दिल्ली के रोहिणी इलाके में स्थित सीआरपीएफ स्कूल की दीवार में विस्फोट हो गई थी। इससे आसपास की दुकानें और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। एक खालिस्तानी समर्थक टेलीग्राम ग्रुप ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने उस टेलीग्राम के बारे में जानकारी जुटाई।

हाल ही में कई स्कूलों, एयरलाइंस, होटलों और स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि अंत में यह घटनाएं झूठी साबित हुई हैं।

संसद के शीतकालीन सत्र में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा था कि एयरलाइनों को मिलने वाली झूठी धमकियों की संख्या 2023 में 122 से बढकर 2024 में 994 हो गई है, जो 714.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। जून में एयरलाइनों को 666 बम धमकियों वाली कॉल मिली हैं। जून में ऐसी 122 धमकियां मिल चुकी हैं। वहीं, सितंबर और अक्टूबर 2023 में 15 धमकियों वाली कॉल दर्ज की गई थी।

**उड़ान** | उत्तर प्रदेश का पांचवा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर)

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NIA) ने किया परीक्षण उड़ान का सफल संचालन, 2025 में शुरूआत की ओर बढ़ाए कदम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**
**अब्दुल सलाम**

**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर पर पहली बार विमान उतरा। कई दशकों से देखा गया यह सपना मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज आखिरकार पूरा हो गया। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NIA) ने आज अपनी परीक्षण उड़ान (वैलिडेशन फ्लाइट) में सफलता हासिल कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। एयरोड्रम लाइसेंसिंग प्रक्रिया का यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर हवाई जहाज उतारने का कार्य नियाल व यापाल द्वारा रिकॉर्ड 03 साल 02 महीने व 11 दिन की अवधि में संभव कर दिखाया, जिसकी आधारशिला भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 25 नवंबर 2021 को रखी थी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत सरकार के सिविल एविएशन मिनिस्टर श्री के राम मोहन नायडू, डॉ महेश शर्मा सांसद, धीरेंद्र सिंह विधायक जेवर, एसपी गोयल एसीएस मुख्यमंत्री /सिविल एविएशन यू पी, लक्ष्मी सिंह पुलिस कमिश्नर, अमित सिंह सचिव मुख्यमंत्री जी, डॉ अरुण वीर सिंह सीईओ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट/यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण, मनीष वर्मा जिलाधकारी, कुमार हर्ष निदेशक नागरिक उड्डयन यूपी, क्रिस्टोफ शेलमैन सीई ओ यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट, किरण जैन सीओओ, आशुतोष चतुर्वेदी हेड एडमिनिस्ट्रेटिव, नंदकिशोर सुन्द्रियाल, सुरभि राणा सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थित में यह उपलब्धि हासिल की गई।



एयरपोर्ट के लिए लॉन्च कैरियर इंडिगो की ओर से संचालित उड़ान ने एयरपोर्ट की एप्रोच प्रक्रियाओं को सत्यापित (वैलिडेट) किया, इसके नेविगेशनल एड्स और एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की सटीकता और कार्यक्षमता की पुष्टि की। यह महत्वपूर्ण कदम कमर्शियल ऑपरेशंस के लिए आवश्यक कड़े सुरक्षा और ऑपरेशनल स्टैंडर्ड्स के प्रति एनआईए की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। वैलिडेशन फ्लाइट के बाद एनआईए एयरोड्रम सर्टिफिकेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज को अंतिम रूप देगा और इसे नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सौंप देगा। यह उपलब्धि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) और प्रेसिजन एप्रोच पाथ इंडिकेटर (पीएपीआई) सिस्टम के अक्टूबर में सफल कैलिब्रेशन पर आधारित है, जिसे नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और आरएनपी (आवश्यक नेविगेशन प्रदर्शन) प्रक्रियाओं के सफल सिम्युलेटर परीक्षण का समर्थन प्राप्त था। यह कैलिब्रेशन एनआईए में विमान संचालन के लिए उच्चतम सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करता है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा, "नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वैलिडेशन फ्लाइट्स का सफलतापूर्वक संचालन होना हमारी पूरी टीम के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि उस समर्पण और सावधानीपूर्वक बनाई गई योजना को दर्शाता है जो यह सुनिश्चित करने में लगी है कि हवाई अड्डा कमर्शियल ऑपरेशन के लिए तैयार है। हम हवाई अड्डे के उद्घाटन के लिए तैयार हैं और हवाई अड्डे पर यात्रियों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।" एयरबस ए-320 पर आरएनपी (रिक्वायर्ड नेविगेशन परफॉर्मेंस) की प्रक्रियाओं और आईएलएस प्रस्ताव की प्रक्रियाओं को टेस्ट करने के लिए इस सत्यापन फ्लाइट का आयोजन किया जा रहा है। आरएनपी नेविगेशन स्पेसिफिकेशन का एक सेट है, जिससे एयरक्राफ्ट को बेहद सटीकता के साथ बिल्कुल सही फ्लाइटपाथ पर उड़ने की सहूलियत मिलती।

# दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच हेतु आदेश, अपर जिलामजिस्ट्रेट (प्रशासन) को 15 दिन में जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)।** जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अपने आदेश पत्रांक 2699 / न्याय सहायक/ 2024 दिनांक18 अगस्त 2024 में अंकित किया गया है कि दिनांक 18.08.2024 को मेरठ-बदायूँ मार्ग पर सर्वोदय इण्टर कालेज से आगे ग्राम सलेमपुर में करीब समय 10.15 बजे प्राइवेट बस यू०पी०-13 सी0टी0-0466, शिकारपुर से बुलन्दशहर को जाते हुए तथा बुलैरो पिकप सं०- यू०पी०एफ०टी०-1071 बुलन्दशहर से शिकारपुर की तरफ जाते हुए आमने-सामने से भिडंत होने के कारण दुर्घटना घटित हुई है, जिसमें घायलों को जे०पी० हॉस्पिटल चिट्टातथा बाबू बनारसीदास जिला अस्पताल बुलन्दशहर में उपचार हेतु भेजा गया है। अब तक की स्थिति के अनुसार कुल घायलों की संख्या 30 है, जिनका इलाज चल रहा है। मृतकों की संख्या 11 है। इस प्रकार कुल 41 व्यक्ति दुर्घटना में प्रभावित हुए है। दुर्घटना के विभिन्न पहलुओं की जॉच आवश्यक है तथा उक्तप्रकरण/घटना/दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु अधोहस्ताक्षरी को नामित करते हुए 15 दिन में जांचआख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। तत्कम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच की जा रही है। अतः एतद्वारा जनसामान्य / सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी जनसामान्य जो उक्त प्रकरण/घटना/दुर्घटना के सम्बन्ध में जानकारी रखते हो, वह अधोहस्ताक्षरी के कलेक्ट्रेट बुलन्दशहर स्थित कक्ष संख्या 04 में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर अपना लिखित बयान अथवा साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

**(डा० प्रशान्त कुमार) अपर जिलामजिस्ट्रेट (प्रशासन) बुलन्दशहर**

# सवारियों को ई-रिक्शा में बैठाकर उनका सामान चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 05 शातिर सदस्य गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**कब्जे से चोरी के सामान के 78,000 रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा, अवैध असलहा, कारतूस व चाकू बरामद**

**बुलंदशहर।** थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मैना मौजपुर से अलीगढ़ की तरफ, जाने वाले रास्ते से सवारियों को ई-रिक्शा में बैठाकर उनका सामान चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 05 शातिर सदस्यों को चोरी के सामान के 78,000 रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा व अवैध असलाह, कारतूस व चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअस- 117124 धारा 3/4/24 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैगिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अन्तर्जनपदीय चोर है जिनके द्वारा अपने गिरोह के अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर सवारियों को ई-रिक्शा में बैठाकर उनका सामान चोरी कर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता हे गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपने गिरोह के अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर दिनांक 17.11.2024 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत खुर्जा जंक्शन रेलवे स्टेशन के निकली एक महिला को ई-रिक्शा में बैठाकर उसके बैग में से जेवर व नकदी चोरी कने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं- 1167/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है जिससे संबंधित 38,000/- रुपये बरामद किये गये है गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपने गिरोह के अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर दिनांक 02.12.2024 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत खुर्जा रोडवेज बस अड्डे के पास से एक महिला को ई-रिक्शा में बैठाकर उसके बैग में से नकदी चोरी कने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं- 1168/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है ।

# पल्स पोलियो अभियान को लेकर मदरसा उमर खादिमुल उलम अकबरपुर में हुई उललेमाओ की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलंदशहर।** मदरसा उमर खादिमुल उलम अकबरपुर बुलंदशहर में एक बैठक पल्स पोलियो अभियान की पूर्व तैयारी एवं टीकाकरण को लेकर की गई जिसमें धर्म गुरुओं ने हिस्सा लिया तथा टीकाकरण के फायदे के बारे में जनसमुदाय को बताया मौलाना जफर साहब कासमी जिला- सदर जमीयत उलेमा हिम ने बताया कि टीके बच्चों की हिफाजत करते हैं और वर्तमान समय में 12 बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध है जो कि प्रत्येक ग्राम स्तर पर उपकेंद्र एवं परिवारों के नजदीक एएनएम के द्वारा आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से लगाए जाते हैं इस मौके पर उपस्थित यूनिसेफ के डीएमसी सुधीर तेवतिया के माध्यम से परिवार के मोबिलाइजेशन और काउंसलिंग संबंधित विषयों पर जन समुदाय में धर्म गुरुओं के सहयोग के बारे में विस्तार चर्चा करते हुए प्रभावशालियों के सहयोग पर चर्चा हुई इस मौके को बीएमसी सोनम सीएचओ अभिषेक कुशवाह ने भी संबोधित किया और स्वास्थ्य विभाग की चलने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन राम सिंह जादौन ने किया। इस मौके पर सर्वश्री मौलाना शाहिद , मौलाना मोहम्मद जीशान, मौलाना हम्माद ग्राम प्रधान तफसीर आदि मौजूद रहे।

# स्वामी पूर्णा नन्द इंटर कॉलेज के प्रबंधक रामबाबू यादव दूसरी बार हुए विजयी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**बुलंदशहर।** स्वामी पूर्णा नन्द इंटर कॉलेज चिरौरी के प्रबंधक रामबाबू यादव उप प्रबंधक डोरी लाल यादव निर्विरोध अध्यक्ष सरवन सिंह यादव उपाध्यक्ष विजय सिंह कोषाध्यक्ष राजेश्वर शर्मा पद के प्रत्याशी विजयी घोषित हुए आपको बता दें चुनाव पर्यवेक्षक जगपालसिंह के नेतृत्व में निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया स्कूल कमेटी में 53 मतदाता थे प्रबंधक पद के उम्मीदवार रामबाबू यादव को 27 मत तथा राम प्रकाश को 26 मत मत मिले एक वोट से रामबाबू यादव दूसरी बार प्रबंधक पद के लिए विजयी घोषित किए गए हैं अध्यक्ष पद के लिए 28 मत सरवन सिंह यादव को 25 रामबाबू शर्मा को मिले सरवनसिंह को यादव 28 मत मिले उपाध्यक्ष पद के लिए विजय सिंह 27 मत रामेश्वर को 26 मत कोषाध्यक्ष पद के राजेश्वर शर्मा को 30 मत और मुकेश शर्मा को 23 मत मिले ।कार्यकारिणी सदस्य चुन्नी सिंह विनोद कुमार शीशुपाल सिंह सतीश कुमार शर्मा ओमप्रकाश अशोक कुमार सुभाष निर्विरोध चुने गए हैं। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार के निर्देशन में उपनिरीक्षक टी एन शर्मा मनोज कुमार मोना अग्रवाल पुलिस बल के साथ तैनात रहे शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ।

# तहसील में लेखपाल के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति का धरना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**किसानों ने लेखपाल पर लगाया अवैध कब्जा करने का आरोप**

**शिकारपुर ।** तहसील शिकारपुर में तैनात लेखपाल खगेश कुमार गुप्ता के खिलाफ आरोप लगाते हुए किसान यूनियन महाशक्ति ने धरना दिया। यूनियन ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने तक धरना जारी रखने का ऐलान किया है।

सोमवार को धरना स्थल पर यूनियन के मेरठ मंडल के प्रचार मंत्री सरफराज खान ने शिकारपुर तहसील में तैनात लेखपाल खगेश कुमार गुप्ता पर पीतमपुर गांव में एक दबंग परिवार द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा करवाने और किसानों से अवैध धन वसूली का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। जिला सचिव राजकुमार ने लेखपालों पर मनमानी करने की बात कहते हुए किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने का आरोप लगाया। धरने पर बैठे यूनियन कार्यकताओं ने कहा है कि जब तक एसडीएम द्वारा आरोपों की जांच उपरांत दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तब तक धरना जारी रहेगा। खबर भेजे जाने तक धरना जारी था। दूसरी ओर, आरोपी लेखपाल खगेश कुमार गुप्ता ने आरोपों को झूठा बताते हुए कुछ लोगों द्वारा गलत काम करने का दबाव बनाने की बात कही है।धरना प्रदर्शन करने वालों में प्रमोद कुमार बाबू सिंह नसीर अहमद नीरज कुमार राजू भास्कर हफीज खान निजामुद्दीन खान प्रमोद कुमार प्रेमपाल नवीन मोनू कमार नवीन गोविंद कुमार विपिन कमार सुरेंद्र सिह निजामुद्दीन खान जोगिंदर शिवम जहीर खान अब्दुल कलाम पप्पन सिंह शिवम राकेश कमार सुरेंद्र सिह हफीज खान आदि शामिल रहे।

# गौकशी करने वाले बदमाश शमीम उर्फ कंजा से स्वाट टीम व थाना कोतवाली देहात पुलिस की हुई मुठभेड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** थाना कोतवाली देहात पुलिस व स्वाट टीम अडौली नहर पुल के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी तभी बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुका और बाइक को तेजी से मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया तो बदमाश ने अपनी बाइक अडौली नहर पटरी की तरफ मोड़ दी तथा हड़बड़ाहट में बदमाश की बाइक फिसलकर गिर गयी। अपने आप को पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1. शमीम उर्फ कंजा पुत्र खलील निवासी ग्राम गंगावली थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के गौकश अपराधी हैं। जिनके द्वारा दिनांक 03/04.08.2024 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत आम के बाग में गौकशी की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं 453/24 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 पंजीकृत किया गया था, जिसकी गिरफ्तारी पर 25000/- रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था ।

# मानव अधिकार दिवस के अवसर पर किया जाएगा एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** सांस्कृतिक परिषद तथा राजनीति विज्ञान विभाग देवनागरी महाविद्यालय के तत्वावधान में मानव अधिकार दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। व्याख्यान की मुख्य वक्ता प्रो0 प्रेमलता, प्राचार्य, आर एस एस कॉलेज पिलखुवा, हापुड़ होंगी।

इस वर्ष के मानवाधिकार की थीम 'हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी' रखी गई है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय प्रेक्षागृह में अपराह्न 12.30 से किया जाएगा।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** भारत विकास परिषद "सेवार्थ " के द्वारा एससीए मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 से 12 के विद्यार्थियों के लिए भारत विकास परिषद (सेवार्थ) ने भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित की थी, जिसमें विभिन्न कक्षा के करीब 50 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपना प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में लगभग विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पत्र एवं प्रथम व द्वितीय आने वाले विद्यार्थी क्रमशः वंश गर्ग कक्षा 6, पर्व अग्रवाल कक्षा 8, को शील्ड में प्रशस्ति पत्र देकर संस्था के पदाधिकारी, जतिन कुमार अग्रवाल (अध्यक्ष) हिमांशु अग्रवाल (सचिव), प्रशांत कुमार राघव,मोनी अग्रवाल, (महिला संयोजक), भारत विकास परिषद से दिव्या गुप्ता, मोनी गोयल,हिमांशु,जतिन आदि पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के कोऑर्डिनेटर एस एस यादव को भी संस्था एवं स्कूल के लिए किए जाने वाले कार्य के लिए सम्मानित करते हुए प्रशस्ति लेख व गिफ्ट द्वारा सम्मानित किय।

इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन वीके अग्रवाल, निदेशक मयंक अग्रवाल, प्रधानाचार्य नगेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सभी को प्रोत्साहन प्रतीत भेट किये।

# अमर सिंह कॉलेज में छात्र संघ चुनाव बहाल के लिए छात्रो ने भरी हुंकार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलंदशहर ।** अमर सिंह कॉलेज लखावटी बुलंदशहर में छात्र संघ चुनाव बहाल को लेकर छात्र नेता पुलकित शर्मा और मोहित ठाकुर के नेतृत्व में छात्रों ने किया प्रदर्शन पूर्व छात्र प्रतिनिधि डॉ० सोनू कुमार शर्मा और पूर्व छात्र नेता हर्ष ठाकुर ने बताया कि हमारे कॉलेज में छात्र संघ चुनाव बहुत समय से नहीं हुए हैं, जिससे छात्रों की आवाज और उनके हितों की रक्षा नहीं हो पा रही है हमारा मानना है कि छात्र संघ चुनाव बहाली से छात्रों को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उनके हितों की रक्षा करने में मदद मिलेगी इसके बाद छात्रो ने प्राचार्या को ज्ञापन सौंपा इस कार्यक्रम में हजारों छात्र शामिल हुए जिसमे पंकज शर्मा, सौरभ, अभय, पुनीत, रिंकू, विपिन, करण, हिमांशु, प्रशांत आदि छात्र मौजूद रहे।

# रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर में पुस्तक मेले का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** खडवाया स्थित रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 20 से अधिक प्रकाशनो के प्रतिनिधियों ने पुस्तक मेले में बुक स्टॉल लगाए। प्रबंधक नरेश सिंघल एवं प्रधानाचार्य गोविंद गुप्ता ने फीता काटकर पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। पुस्तक मेले में छात्र एवं अभिभावकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। लोगों ने ज्ञान विज्ञान, सामान्य ज्ञान, तकनीकी शिक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी पुस्तकों का अवलोकन करते हुए इस प्रकार के आयोजन के लिए प्रबंधन समिति की सराहना की। इस अवसर पर प्रबंध समिति के पदाधिकारी समेत अध्यापक छात्र एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# घर में घुसकर हमला,दंपत्ति व पुत्र घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू ।** पहासू क्षेत्र के गांव भैंयापुर में पड़ोसी ने लाठी डंडों और धारदार हथियार लेकर महिलाओं के साथ घर मे घुस कर पास के मकान पर धावा बोल कर पति-पत्नी और उनके बेटे को पीट पीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं पड़ोसी के मकान के सामने बने पक्के रैम्प को भी फावड़े से तोड़ दिया। पीड़ित अनीता पत्नी रनवीर की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिलाओं सहित छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी मूलचंद अपने भाइयों और उनकी पत्नियों के साथ पडोस के घर मे घुस आया तथा दम्पत्ति के साथ जमकर मारपीट की।आरोपियों ने अनीता के सर पर धारदार हथियार से वार कर उसे घायल कर दिया। घटना की वीडियो बना रहे पुत्र के कैमरे को भी ईंट से क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपियों ने घर के द्वार पर बने रैम्प को तोड़कर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने मूलचंद,रामप्रकाश, वीरेंद्र,मिथिलेश, सीमा और सरिता के खिलाफ संगत घराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## गिरफ्तार

## औरंगाबाद पुलिस ने खंडर बिल्डिंग से चोरों की निशानदेही से बरामद की 14 बाइक

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के तीन शातिर गिरफ्तार, चोरी की 15 बाइक बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**







**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस और स्वाट टीम ने बीती रात वाहन /व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के तीन शातिर चोरों को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने तीनों की निशानदेही से खंडर बिल्डिंग के कमरे से 14 बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध असलाह और कारतूस बरामद किए है। एसपी सिटी शंकर प्रसाद और आईपीएस रिजुल कुमार ने बताया कि रविवार की रात औरंगाबाद थाना प्रभारी नीतीश भारद्वाज और स्वाट प्रभारी राहुल चौधरी बुलंदशहर-गढ़ हाईवे स्थित नगलाकरन गांव के पास वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बाइक सवार तीन व्यक्तियों को संदिगध अवस्था में खड़े देखा। तलाशी के दौरान एक के पास से अवैध असलाह और कारतूस बरामद किए।पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।पुलिस की पूछताछ में तीनों ने चोरी की बाइक चुराने का जुर्म कबूल किया। पुलिस ने तीनों शातिरो की निशानदेही से खंडर बिल्डिंग के एक कमरे से अन्य जनपदों से चोरी की गई 14 बाइक बरामद की गई। गिरफ्तार चोरों की पहचान मनीष पुत्र रामभूल निवासी दौलतराम कालोनी निवासी दादरी, करन पुत्र अशोक कुमार निवासी अखल हाउसिंग थाना सूरजपुर,सहवाग पुत्र राम निवासी कोलाशपुर रोड लाल बाउंड्री तिलपता थाना सूरजपुर के रूप में हुई।गिरफ्तार चोरों पर करीब पच्चीस मुकदमे दर्ज है।

**इन्होंने कहा**

गिरफ्तार चोर शातिर किस्म के अपराधी है। जो कई जनपदों से वाहनों की चोरी करते है साथ ही चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उन्हें बेच देते थे।

**-नीतीश भारद्वाज, थाना प्रभारी औरंगाबाद**

# कैलाश देवी चैरिटेबल हॉस्पिटल में किया गया फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर स्थित कैलाश देवी चैरिटेबल हॉस्पिटल में एक फ्री कैंप का आयोजन किया गया ! इस कैंप में डॉ अमन सिंघल बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। निशुल्क सेवा के साथ-साथ सभी टेस्टों पर 50% की छूट मरीज को दी गई ।इस निशुल्क कैंप में कई मरीजो ने अपने खून की जांच एवं डॉक्टर द्वारा निशुल्क दवाई भी ली ! इस कैंप में अनिल कुमार देवेंद्र कुमार सुंदर सिंह हाड़ा अंकित कुमार कुलदीप शर्मा शरद असद दिनेश राजू आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की ।



# पहाड़ों पर बर्फबारी,एनसीआर में बारिश,बढ़ेगी ठंड,पारे में गिरावट शुरू



**नोएडा (आरएनएस)।** एनसीआर में सीजन की पहली बारिश रविवार देर शाम हुई। अक्टूबर और नवंबर पूरी तरीके से बगैर बारिश के चले गए थे। अब दिसंबर के पहले हफ्ते के बाद दिल्ली एनसीआर में कई जगहों पर बूंदाबांदी हुई और कई जगहों पर तेज बारिश भी हुई। इसका अनुमान मौसम विभाग ने पहले ही लगा रखा था। अनुमान यह भी है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के आसपास तक जाएगा। जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास होना शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण पहाड़ों पर एक तरफ जहां बर्फबारी शुरू होगी। वहीं मैदानी इलाकों में हल्की बारिश के बाद ठंड के बढ? के आसार शुरू हो जाएंगे और पारे में भी लगातार गिरावट दर्ज की जाएगी। दिल्ली के कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक भी पहुंच गया था। वही नोएडा में भी तापमान 7 से 8 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में कोहरे और पारे में गिरावट के चलते लोगों को ठंड का एहसास होना शुरू हो जाएगा।

मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, सोमवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहने का अनुमान है। शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। वहीं, पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से आने वाली ठंडी हवाएं और एक नए पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम के मिजाज को पूरी तरह बदल दिया है। मौसम विभाग की माने तो, मंगलवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। ऐसे में ठंड और बढ़ेगी। इससे पारा लुढकेगा। ऐसे में आने वाले दोनों में न्यूनतम तापमान छह डिग्री के आस-पास दर्ज किया जा सकता है। साथ ही, अधिकतम तापमान में भी गिरावट आने का अनुमान है।

# किसानों को जल्द से जल्द मिले प्लॉट और 64.7 फीसदी मुआवजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**रबूपुरा।** कोतवाली छेत्र के गांव रोनिजा में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की बैठक गौतम बुद्ध नगर में हो रहे किसानों के साथ अन्याय को देखते हुए सोमवार रात्रि में ही भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह के आवास पर हुई जिसमे प्रदेश के मुख्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमे भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह ने कहा कि अगर किसानों का 64.7 फीसदी मुआवजा एवम् आवासीय प्लॉट जल्द से जल्द नही दिया गया तो भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। इस दौरान विकास चौहान, फुरकान अहमद, फिरोज मलिक, पदम सिंह, वीरसिंह, राहुल खारी, संजय तोमर, केशव चौधरी, सुमित नागर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आयुर्वेद के उपयोग से हम स्वस्थ रह सकते हैं : संजीव कुमार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** आयुर्वेद और बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली प्रसिद्ध कंपनी एस्लेप्लस वैलनेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान अनेक वक्ताओं ने लाइफ चेंजिंग एजुकेशन के अंतर्गत आयुर्वेद के उपयोग से स्वस्थ रहने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।हाईवे के निकट एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि हमारे स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद बेहद लाभकारी है। हमारे आसपास पेड़ पौधों के रूप में ऐसी ऐसी जड़ी बूटियां पाई जाती हैं, जो साधारण से लेकर गंभीर बीमारियों के के उपचार में काम आती हैं। इसके अलावा हमारी सही और नियमितदिनचर्या भी हमारे स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव डालती है। दो दिवसीय कार्यशाला में मौजूद सुपर फाइटर एंबेसडर लीडर विकास कुमा, ब्लैक डायमंड लीडर देवेंद्र कुमार व डायमंड लीडर सोनम द्वारा भी अनेक जानकारियां दी गई। इस दौरान मौजूद पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, राजू वर्मा, श्रवण कुमार, सुंदरी वर्मा, बाला देवी, इंदु वर्मा सहित सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

# जेवर टोल प्लाजा पर 23 दिसंबर को होने वाली महापंचायत को सफल बनाने को लेकर डूंगरपुर रीलका गांव में हुई बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**दनकौर।** सोमवार को किसान एकता महासंघ की बैठक डूंगरपुर रीलका गांव में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना की मौजूदगी में ललित कसाना के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चनपाल मुक्कदम व संचालन नीरज कसाना ने किया ,बैठक के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना ने बताया गौतम बुध नगर संयुक्त किसान मोर्चा किसान आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किसान एवं किसान नेताओं को बिना शर्त जेल से रिहा करने की मांग की तथा जिला प्रशासन से सौहार्द पूर्ण किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया। इस दौरान संगठन के युवा राष्ट्रीय महासचिव अमित नागर ने बताया बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई तथा 23 दिसंबर को जेवर टोल प्लाजा पर होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने के लिए लोगों से अपील की इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें विकास कसाना को जिला उपाध्यक्ष,पंकज कसाना को जिला सचिव, इंद्रजीत कसाना(कल्ला) को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों पूरी ईमानदारी में निष्ठा से संगठन एवं जनहित में कार्य करने की शपथ दिलाई इस मौके पर अतर सिंह प्रधान,लेखराज सिंह, फिरे कसाना,देशराज कसाना, बाबा विदेश नागर,जगबीर भाटी,हरेंद्र कसाना, गिर्राज कसाना, गंगाराम, अरविंद, ओमेंद्र सिंह, राज खटाना, आदेश नागर,सुरेंद्र भड़ाना, रोहतास, राजीव कसाना, संदीप कसाना, छोटू, सतीश कसाना, फीरे कसाना, राजू कनरसा, कर्मवीर सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# गौतमबुद्धनगर में चल रहे किसान आंदोलन में किसानों से मिलने जेल में जा रहे सरधना विधायक अतुल प्रधान को दादरी बील सिरसा,पेरीफेरल टोल पर रोका गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**दादरी।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक नागर ने बताया की गौतम नगर में चल रहे किसान आंदोलन के दौरान जेल में बंद किसानों से मिलने जा रहे सरधना विधायक अतुल प्रधान को बिल सिरसा टोल पर पुलिस प्रशासन द्वारा जबरदस्ती रोका गया और पुलिस प्रशासन के बीच काफी नोक झोंक हुई सरधना विधायक अतुल प्रधान के साथ किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक नागर, किसान नेता टीकम नागर ,बबली नगरकिसान नेता लोकेश भाटी नितिन अवाना गोलू विपिन नागर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे इस दौरान सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि आराम से बना देखेंगे मिला था हमारे फोन उठाएं किसानों से मिलने की जीत पर पड़े रहे विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि शांतिपूर्वक धरना दे रहे किसानों को डराया जा रहा है धमकाया जा रहा है जेल में डाला जा रहा है यह तानाशाही को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हम गौतम बुद्ध नगर के एक-एक किसानों के साथ हैं और जब तक जेल में बंद किसानों से नहीं मिल जाएगा तब तक मैं नहीं जाऊंगा और जहां पुलिस प्रशासन लेकर जाएगा उनके साथ तैयार हूं शांतिपूर्वक लेकिन बिना मिले नहीं जाऊंगा विधायक अतुलप्रधान

# शारदा विश्वविद्यालय व पाहूजा लॉ एकेडमी के बीच एमओयू पर हुए साइन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के शारदा स्कूल ऑफ लॉ और पाहुजा लॉ एके-डमी, द ने छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शारदा स्कूल ऑफ लॉ के डीन प्रो. ऋषिकेश दवे और पाहुजा लॉ एकेडमी के चेयरमैन रवेन्द्र पाहुजा ने किया। इस एमओयू का उद्देश्य न्यायिक सेवाओं में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए विशेष अवसरों का सृजन करना है।

शारदा स्कूल ऑफ लॉ के डीन प्रो. ऋषिकेश दवे ने बताया छात्रों को न्यायिक सेवाओं की बारीकियों को समझाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण दिया जाएगा। अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा मेंटरशिप की सुविधा एवं डाउट सॉल्विंग वर्कशॉप न्यायिक सेवा परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से तैयार की गई अध्ययन सामग्री के बारे बताया जाएगा। उन्होंने कहा, यह साझेदारी छात्रों को न्यायिक सेवाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

इस अवसर पर पाहुजा लॉ एकेडमी के चेयरमैन रवेन्द्र पहूजा ने कहा कि हम विभिन्न विधि पाइयक्रमों में प्रशिक्षण दे रहे है लेकिन हमारा मुख्य ध्यान न्यायाधीशों को तैयार करना है। न्यायाधीश उच्च स्तर की सेवा प्रदान करते हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम न्यायपालिका में करियर बनाने के इच्छुक लोगों के सपने को साकार करने में मदद कर रहे है। इस सहयोग को भविष्य के कानूनी पेशेवरों के लिए मील का पत्थर बताया। इस दौरान प्रोफेसर अनीता सिंह, प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह,प्रोफेसर मनदीप कुमार, डाक्टर वैशाली अरोड़ा, डॉक्टर सौरभ कुमार,डॉक्टर दिव्या आदि उपस्थित रहे।

## एडिशनल एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण,बक्सर गांव का है पूरा मामला

# सिर में डंडा मार कर मजदूर की हत्या, ईख के खेत में मिला शव,दो दिन से लापता था मृतक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव बक्सर में एक मजदूर युवक शनिवार की शाम से लापता था। सोमवार की सुबह बक्सर और वैठ के बीच जंगल में ईख के खेत से शव बरामद हुआ है।पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस ने हत्यारोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।वही मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण गांव अभी तनाव की स्थिति है।शांति व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात है। वही एडिशनल एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने बताया कि रविवार को मृतक के भाई चांद ने थाने में गुमशुदगी की दर्ज कराई थी। उसने बताया कि छोटा भाई साहिल शनिवार की दोपहर घर से निकाला था,लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं आया।इधर-उधर तलाश करने पर जानकारी मिली कि गांव के ही दो युवकों के साथ नहर पटरी पर गया था। उसके बाद परिजनो ने युवक के साथ कोई अनहोनी की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार की सुबह 24 वर्षीय साहिल का शव एक ईख के खेत में पड़ा मिला है।युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उन्होंने बताया कि संभावना है कि हत्यारोपियों ने नशे की हालत में सिर में डंडा मार कर युवक की हत्या की है।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की काफी करीब पहुंच चुकी है।जल्दी घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

वहीं पुलिस ने दो युवकों को हिरासत लेकर आगे कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक के छह भाई और एक बहन है।जिसमें तीन भाई और एक बहन की शादी हो चुकी है। मृतक भी अविवाहित है। मृतक के पिता की लगभग 20 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है और मां बीमार है।

# जेवर एयरपोर्ट रनवे पर उतरी वैलिडेशन फ्लाइट, अधिकारियों ने की समीक्षा बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर मे नॉएडा एयरपोर्ट साईट पर सोमवार को वैलिडेशन फ्लाइट उतरने से पहले अधिकारीयों ने एक समीक्षा बैठक। साथ ही फ्लाइट के उतरने के बाद एक प्रेस वार्ता की। जहां आज के दिन को एक ऐतिहासिक दिन बताया।

नॉएडा एयरपोर्ट पर सोमवार को वैलिडेशन फ्लाइट उतरने के बाद विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज का दिन, इस देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। देश की आजादी के बाद, जिस सपने को लेकर वह बड़े हुए वह आज उनकी आंखों के सामने पूरा हुआ।

आज नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट की वैलिडेशन का कार्य पूरा हुआ। इस एयरपोर्ट के बनने से उत्तर भारत के असंख्य नौजवानों को रोजगार मिलेगा, जेवर प्रदेश और देश के आर्थिक विकास का माध्यम बनेगा। वहीं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि नोएडा अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट भविष्य में रोजगार सृजन का नया स्तंभ होगा। ये एयरपोर्ट न सिर्फ यात्रियों को एक जगह से दूसरी जगह उतारेगा, बल्कि व्यापार के लिए एक बड़ा कार्गो हब भी होगा। वहीं सांसद डॉ महेश शर्मा ने कहा कि आज नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के ट्रायल के दौरान इंडिगो की लैंडिंग एक ऐतिहासिक क्षण है। आज उनका और जनता का सपना पुरा हुआ। वहीं अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की प्रगति की एक समीक्षा बैठक भी की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव कुमार हर्ष, अमित सिंह, डीसीपी साद मियां, एसीपी सार्थक सेंगर, कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

**गिरफ्तार** कब्जे से 12 लाख रुपए कीमत की अवैध अग्रेजी शराब आईसर कैन्टर सहित बरामद

# क्राईम ब्रान्च पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का शातिर शराब तस्कर गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**






**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चंडीगढ, पंजाब की अवैध अग्रेंजी शराब की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के 01 शातिर अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर को अवैध शराब से भरी आईसर कैन्टर सहित थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र से गिरफ्तार करने मे महत्तवपूर्ण सफलता हासिल की गयी है । आईसर कैन्टर में चंडीगढ, पंजाब से तस्करी कर लाई जा रही कुल 210 पेटी ईम्पीरियल ब्लू व ओल्ट हैबिट मार्का अवैध अग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख रू0 है। पूछताछ पर अभियुक्त अशोक कुमार ने बताया कि वह 5वीं पास है। पढाई छोडने के बाद उसने ट्रक ड्राईवरी सीखी और फरीदाबाद, गुरूग्राम, दिल्ली रूट पर ट्रक ड्राईविंग का काम करने लगा । ट्रक ड्राईविंग के दौरान ही करीब 5-6 वर्ष पहले अशोक एक शराब तस्कर नरेश जो रेवाडी हरियाणा का रहने वाला है के सम्पर्क मे आया जो बिहार सरकार द्वारा अपने राज्य मे शराब की बिक्री बैन किये जाने के कारण हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश से अवैध शराब तस्करी करके बिहार सप्लाई करता था, जिसमें उसको काफी फायदा होता था उसको ऐसे विश्वसनीय ड्राईवर की आवश्यकता थी जो उसके शराब की तस्करी की गाडियों को बिहार तक सकुशल पहुँचा सके। शराब तस्करी के काम मे ज्यादा आमदनी होने के कारण अशोक लालचवश नरेश के साथ अवैध शराब तस्करी का काम करने लगा तथा हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश से अवैध शराब को तस्करी करके बिहार पहुँचाने लगा। बिहार राज्य मे शराब तस्करी करने के प्रत्येक चक्कर अशोक को रू0 25,000/- मिलते थे। शराब तस्करी करने मे अशोक पहली बार बनारस से जेल गया था, जेल से छूटने के बाद पुनः शराब तस्करी मे लिप्त हो गया, शराब तस्करी में पूर्व में बनारस के अतिरिक्त चन्दौली व गाजीपुर से भी अवैध शराब की तस्करी में जेल जा चुका है। अशोक ने बताया कि अवैध शराब के साथ पकडा गया आयसर कैंटर नरेश ने खरीद रखा है। पूछताछ पर यह भी बताया कि नरेश ही बिहार की पार्टियों को जानता है। अशोक व नरेश हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश की बनी हुई शराब को आईसर कैन्टर में नीचे लोड करके उसके ऊपर खाद, नमक, मुर्गी के दाने इत्यादि की बोरियों को लाद देते है और तिरपाल से ढककर बाँध देते है। शराब से लदी गाडी को तस्करी के लिए लेकर चलने से पहले ये लोग अपने-अपने मोबाइल बन्द कर लेते है तथा नरेश एक छोटी गाडी से आईसर कैन्टर के थोडा आगे या पीछे रहकर बिहार तक जाता है, इस बार भी नरेश शराब की गाडी के साथ में था जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त अशोक अवैध शराब तस्करी करने से मिले रूपयों से अपने घर के खर्चे व अपने शौक पूरे करता है। अभियुक्त से पूछताछ पर अवैध शराब के बिक्री व तस्करी करने वाले अपराधियों के सम्बन्ध में कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिली हैं। जिसके आधार पर टीमें बनाकर अवैध शराब की बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दबिशें दी जा रही हैं। निश्चित रूप से इस प्रकार की पुलिस कार्यवाही से अवैध शराब की तस्करी व उससे होने वाली राजस्व की हानि पर निश्चित रूप से रोक लगेगी।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राजस्थान से एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद प्रधानमंत्री का विमान गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट पहुंचा। यहां से दूसरे विमान के द्वारा प्रधानमंत्री हरियाणा में कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए रवाना हो गए। हिंडन एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आगमन की सूचना पर जनप्रतिनिधि एवं भाजपा संगठन के पदाधिकारी हिंडन एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दोपहर लगभग डेढ़ बजे हिंडन एयरपोर्ट पर पहुंचने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी भूपेन्द्र चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीतपाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, एमएलसी दिनेश गोयल, पुलिस आयुक्त







गाजियाबाद कमिश्नरेट अजय कुमार मिश्रा, जिलधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र शिशोदिया, भाजपा के प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, मानसिंह गोस्वामी आदि मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा संगठन के लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनसे सूक्ष्म चर्चा की और हरियाणा के लिए रवाना हो गए।

# श्रम विभाग ने मजदूरों को किया सरकार की योजना दिलाने के लिए जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** श्रम विभाग के द्वारा अभियान चला कर कस्बे में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर कार्य कर रहे मजदूरों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान दर्जनों मजदूर मौजूद रहे।

सोमवार को श्रम विभाग के सचिव मुनव्वर हसन व गुलजार अंसारी ने कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड, कैराना रोड, गंगेरू रोड, व मेन बाजार सहित आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर कार्य कर रहे मजदूरों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों को जानकारी देते हुए बताया कि पंजीकरण निर्माण श्रमिकों को पंजीयन की अवधि के एक साल पूरा करने पर श्रमिक की पुत्री तथा पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिक के स्वयं के विवाह के लिए 55000 की धनराशि बोर्ड के द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जाती है। पंजीकृत निर्माण श्रमिक की दुर्घटना के कारण हुई मौत की स्थिति में अंत्येष्टि के खर्च के लिए पच्चीस हजार रुपए एक मुश्त भुगतान किया जाता है, एवं पांच लाख रुपए प्रति माह किस्तों में पांच वर्ष तक अंतरिन्त किए जाते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिक महिला व पुरुष कर्मकार के परिवार में संतान पुत्र होने की दशा में एक मस्त बीस हजार रुपए और पुत्री पैदा होने पर पच्चीस हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इस दौरान दर्जनों स्थान का निरीक्षण कर मजदूरों को जागरूक किया।

# उत्थान की नई पहल: इंग्लिश स्पीकिंग के साथ बच्चे अब सीखेंगे कैलीग्राफी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन ने अपनी बढ़ते कदम योजना को विस्तार देते हुए एक नई पहल की शुरूआत की है। जिसके तहत इंग्लिश स्पीकिंग कोचिंग के साथ ही कैलीग्राफी की क्लास भी संस्था द्वारा आरंभ कर दी गई है। जिसमें कमजोर वर्ग के बच्चे अंग्रेजी सीखने के साथ ही अब कैलीग्राफी भी सीख सकेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था की संस्थापकसचिन डॉ सोनिका जैन ने बताया कि संस्था द्वारा अपनी बढ़ते कदम योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को अंग्रेजी बोलना सिखाने के लिए इस वर्ष मई माह से हर रविवार विजयनगर मोहल्ले में निशुल्क इंग्लिश कोचिंग क्लासेस चलाई जा रही है। डॉ सोनिका



जैन ने बताया कि इसी योजना को आगे बढ़ाते हुए बच्चों की लेखन कला को निखरने के लिए कैलीग्राफी कक्षा की शुरूआत इस रविवार से कर दी गई है। जिसमें कैलीग्राफी के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को कैलीग्राफी का अभ्यास कराया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष सीए राहुल जैन ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि सुंदर लेखन कला बच्चों के भीतर आत्मविश्वास पैदा करती है। और किसी भी प्रतियोगिता अथवा परीक्षा में लेखन शैली का बड़ा महत्व है। और सुंदर लेखन कला के धनी बच्चे अपनी इस कला से औरों को प्रभावित करते हैं। डॉ सोनिका जैन के मुताबिक इंग्लिश स्पीकिंग की कोचिंग जहां अलका चौधरी, कविता गुप्ता और रिंकी कंसल देती है, वहीं कैलीग्राफी का प्रशिक्षण लक्षिता मल्होत्रा देंगी।

# नगर निगम के अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और भरोसे का साथ धोखा किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नगर निगम के वार्ड 17 हिंडन विहार आबादी में आपके विभाग ने गार्बेज प्लांट का निर्माण काफी समय पहले कराया

**ज्ञापन मे कहा है कि नगर निगम द्वारा निर्मित गार्बेज प्लांट को हिंडन विहार से अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कार्य योजना बनाने और हिंडन विहार के प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य करा कर उनके उपाचार की व्यवस्था की जाएं**




गया था। गार्बेज प्लांट बनाते समय नगर निगम के अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों को मशीनों के रखरखाव के लिए गोदाम बनाने का झूठा आश्वासन दिया था। नगर निगम के अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और भरोसे का साथ धोखा किया। नगर के गार्बेज प्लांट से निकलने वाली दुर्गंध से हिंडन विहार कालोनी में रहने वाले लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। हिंडन विहार कालोनी निवासी के स्वास्थ्य पर प्रति कुल प्रभाव पड़ रहा है। हिंडन विहार का प्रत्येक व्यक्ति गार्बेज प्लांट से निकलने वाले प्रदुषण और जहरीली गैस से प्रभावित हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति गम्भीर बीमारीयो के चपेट में हैं।ज्ञापन मे कहा है कि नगर निगम द्वारा निर्मित गार्बेज प्लांट को हिंडन विहार से अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कार्य योजना बनाने और हिंडन विहार के प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य करा कर उनके उपाचार की व्यवस्था की जाएं श्रीमान जी आप के विभाग ने गार्बेज प्लांट से हिंडन विहार के हजारों नागरिकों के जीवन पर पड़ने वाले प्रति कुल प्रभावों को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए और गार्बेज प्लांट को अन्य स्थान पर स्थानांतरित न किया गया तो यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी नगर निगम के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। ज्ञापन को वरिष्ठ नेता उमेश शर्मा, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सलीम अहमद (सैफी) यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष उज्जवल गर्ग, राजेश,धीरज,अरुण आदि ने दिया।

# फ्लैट ओनर फेडरेशन ने सोसायटी में अवैध रूप से लगे सब्जी के ठेले हटवाने के लिए एसीपी से की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी की आरडब्लूए की मनमानी के आगे तमाम प्रशासनिक अमला बौना नजर आ रहा है। नगर निगम और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा कार्यवाही

**कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने निवासियों की सुरक्षा व्यवस्था को बताया खतरा**

करने की जगह हाथ खड़े किए जाना इस बात का प्रमाण है। इस मामले में अब फ्लैट ओनर फेडरेशन एवं आरडब्लूए फेडरेशन गाजियाबाद के चेयरमैन कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने गुलमोहर एंक्लेव निवासी गौरव बंसल की शिकायत का संज्ञान लेते हुए गाजियाबाद की एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा को कार्यवाही की मांग करते हुए एक शिकायती पत्र लिख






कर भेजा है। कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने शिकायती पत्र में गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए की शह पर सोसायटी में अवैध रूप से सब्जी के दो ठेले लगाने के कारण स्थानीय लोगों को हो रही असुविधा व सोसायटी की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पैदा हुए खतरे के बारे में लिखा है, क्योंकि ठेले वाले से सब्जी लेने गुलमोहर एनक्लेव में काफी बाहर के लोग भी आते हैं, उन्होंने पत्र में यह भी कहा है कि इस प्रकार की सोसायटियों में ठेले लगाना पूर्णतया अवैध है क्योंकि सोसाइटी में बिल्डर के द्वारा दुकानें बनाकर दी गई है लेकिन इस बारे में न तो नगर निगम कार्यवाही करने को तैयार है और न ही गाजियाबाद विकास प्राधिकरण। इन दोनों सरकारी संस्थाओं के दरवाजे खटखटाने के बाद अब निवासियों ने पुलिस की शरण ली है। उन्होंने तत्काल इन ठेलों को सोसायटी के बाहर लगवाए जाने की मांग भी की है। वहीं एसीपी ने भी इस मामले में निष्पक्ष रूप से जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत रॉयल कॉलेज ऑफ लॉ, दिल्ली हापुड रोड, गाजियाबाद पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध, प्रतितोष) अधिनियम 2013 की जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में एक्ट के अन्तर्गत गठित स्थानीय समिति की अध्यक्ष, डा० कमलेश भारद्वाज ने स्थानीय समिति के कार्य एवं प्रदान शक्तियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। विधि सह परिवीक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह द्वारा एक्ट के अन्तर्गत गठित आन्तरिक समिति के गठन व जॉच प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इस दौरान लीगल एड काउंसलिंग, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण विचित्र वीर सिंह द्वारा एक्ट के क्रियान्वयन एवं विविध पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में कालेज की प्रिंसीपल डा० टीना गर्ग, अंजली त्यागी, प्रिया त्यागी, देवेश कपिल, ललीता इत्यादि द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।








# यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में नींव द स्कूल बना विजेता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सीकरी कलां के निकट स्थित नींव द स्कूल' में यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के अनेक स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी कुशल खेल क्षमता का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए स्कूल की डायरेक्टर जनरल डॉ अपर्णा शर्मा ने ने कहां कि नींव द स्कूल के खेल प्रशिक्षक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेल कूद जैसे जूडो कराटे, ताइक्वांडो, कबड्डी, क्रिकेट आदि खेलों में भी भी प्रशिक्षित करते हैं। और छात्रों की खेलकूद व ताइक्वांडो में रुचि जागरूक करने व उनका मनोबल प्रोत्साहन हेतु इस ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने अपनी खेल क्षमता का बेहतर प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में नींव द स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक के अलावा वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा? सहित स्कूल की तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं तथा अभिभावकगण मौजूद थे।

# विवाह योग्य वैश्य युवक युवती का 79वां मासिक परिचय सम्मेलन आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** वैश्य एकता समिति गाजियाबाद द्वारा दुर्गा वाशिंग पाउडर परिसर, पारस होटल के पीछे, अम्बेडकर रोड, यूकालकागढ़ी चौक, गाजियाबाद पर विवाह योग्य वैश्य युवक युवतियों एवं समाज के अन्य वर्ग हेतु 79वां मासिक परिचय सम्मेलन प्रेमचंद गुप्ता,चेयरमैन दुर्गा वाशिंग पाउडरद्ध के सौजन्य से आयोजित किया गया।

समिति के अध्यक्ष ने सभी प्रत्याशियों, अभिभावको, परिचयकर्ताओ एवं आयोजन में उपस्थित समाजसेवियों व पत्रकार बंधुओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें आने वाले नववर्ष-2025 की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होने कहा कि आप सभी के सहयोग के कारण यह सम्मेलन हर माह सफलतापूर्वक आयोजित हो रहा है एवं आप सभी के सहयोग से प्रत्येक माह 40-50 रजिस्टेशन फार्म का सहयोग सदैव मिलता रहा है तथा 8-10 रिश्ते भी तय हो जाते हैं, इसके लिए उन्होने सभी का धन्यवाद अर्पित किया। समिति द्वारा विवाह योग्य वैश्य युवक युवती हेतु परिचय सम्मेलन के साथ-साथ ब्राह्मण एवं अन्य वर्ग के युवक एवं युवती हेतु भी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। महासचिव व संयोजक अजय कुमार गोयल ने सभी प्रत्याशियों का मंच के माध्यम से परिवार सहित परिचय कराया।





उन्होने बताया कि इस माह परिचय सम्मेलन में 38 नये प्रत्याशियों के पंजीकरण हुए एवं पत्रिका में पूर्व पंजीकृत प्रत्याशियों से सम्पर्क करने पर 11 प्रत्याशियों के वैवाहिक सम्बन्ध तय होने की जानकारी प्राप्त हुई है जो कि समिति के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है, उन्होने कहा कि यह कार्य प्रेमचंद गुप्ता के मार्गदर्शन व सभी पदाधिकारियों एवं अभिभावकों के सहयोग से सम्भव हो पाया है। समारोह में उपस्थित युवती प्रत्याशियों द्वारा मंच पर परिचय देने के उपरांत उन्हें पुरूस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। पत्रिका के संपादन का कार्य अनुराग अग्रवाल के द्वारा बहुत कम समय में तैयार किया गया जिसके लिए समिति के समस्त पदाधिकारियों की तरफ से उनका विशेष रूप से आभार प्रकट किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता, अजय कुमार गोयल, अनुराग अग्रवाल, राकेश मित्तल, नीरू अग्रवाल, सतीश गुप्ता, हरस्वरूप सिंघल, राजीव अग्रवाल तथा महेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मी नारायण सिंघल, राधारमण अग्रवाल, राजेश गुप्ता आदि पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

**जांच** — ग्रामीण व अन्य लोगों ने खण्ड विकास में भी धरना प्रदर्शन कर मामले की जांच की मांग की थी

# सरकारी हैण्डपंप उखाडने के मामले में टीम करेगी जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** खण्ड विकास क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घंसौली में सरकारी हैण्डपंप उखाडने व नल रिबोर कराने की जांच के लिये चार सदस्य टीम का गठन किया गया है। टीम मौके पर जाकर नल रिबोर की जांच कर उच्चाधिकारीयों को रिपोर्ट सौपेंगी।

विकासखंड क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घंसौली में एक ग्रामीण के घर के बाहर सरकारी हैण्डपंप लगा हुआ था। ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर ग्राम प्रधान पर जबरन हैण्डपंप उखाड़कर ले जाने का आरोप लगाया था। मामले में ग्रामीण व अन्य लोगों ने खण्ड विकास में भी धरना प्रदर्शन कर मामले की जांच कराकर दोषी



ग्राम प्रधान के विरूद्ध कार्रवाही की मांग की थी। जिसके बाद खण्ड विकास विभाग हरकत में आया था। प्रकरण में बीडीओ अंशुल कुमार चौहान ने पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कराने के निर्देष दिए। बीडीओ ने हैण्डपंप रिबोर प्रकरण की जांच कराने के लिये चार सदस्य टीम को गठित की है।

टीम में साहयक अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी कृषि, जेई भूपेन्द्र, ग्राम सचिव नियुक्त किया गया। जांच टीम ग्राम पंचायत में जाकर मामले की उच्चस्तरीय जांच करेगी। टीम में दोनो पक्षों से पूरे प्रकरण जानकारी लेगी। जांच के उपरांत उच्चाधिकारीयों को मामले रिपोर्ट सौंपी जायेगी। जसके बाद दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़ी ग्रामीण महिलाएं बनेंगी लखपति दीदी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़ी ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं अन्य सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से संगठित करते हुए उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न प्रकार की कृषि एवं गैर-कृषि आधारित आजीविका से जोड़ते हुए उन्हें लखपति महिला बनाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ा जा रहा है, ताकि वे सालाना कम से कम एक लाख या उससे अधिक की आय अर्जित कर सकें।

ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है, पशुपालन विभाग एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा, जिसके अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन विकास,पशु स्वास्थ्य एवं उद्यमशीलता प्रोत्साहन संबंधी संचालित योजनाओं में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। पशुपालन विभाग की बकरी पालन योजना हो, भेड़ पालन योजना हो, कुक्कुट पालन, राष्ट्रीय पशुधन मिशन या फिर बैक्यार्ड पोल्ट्री योजना हो इन सभी योजनाओं से ग्रामीण महिलाओं को जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय पशुधन मिशन अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लाभान्वित किए जाने की असीम संभावना है एवं इस कार्यक्रम अंतर्गत समूह सदस्यों द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को नियमानुसार पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर समिति गठित करते हुए इस पर गहनतापूर्वक कार्य किया जाए। मुख्य विकास अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि पशुपालन एवं ग्राम्य विकास विभाग की समन्वय बैठक कर निर्धारित योग्यतानुसार समूह सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाने एवं उन्हें इस कार्य हेतु प्रशिक्षित करने के भी प्रबंध करने हेतु निर्देशित किया गया है।

आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह शासन द्वारा दिए गए निर्देशों को अक्षरशः अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

# राम निवास इंटर कालेज में जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हापुड़।** शहर के मोहल्ला तगा सराय में संचालित राम निवास स्मारक बालिका इंटर कालेज में जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं में जर्सी वितरित की गयी। विद्यालय के प्रबन्धक हरीराज सिंह त्यागी व प्रधानाचार्या सिम्पी वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि गरीबों की सेवा करने से अपना खुशी का अनुभव होता है,जर्सी मिलने पर निर्धन वर्ग की छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर सीमा,रचना,शिवानी श्रीवास्तव,प्रीति श्रीवास्तव,वैशाली आर्य,पूनम रानी,सुनीता रानी, नीतू त्यागी, शैली शर्मा,मुक्ता सिंह, वंदना सिंह,कंचन, विजय लक्ष्मी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# हापुड़ शहर में निकाली जनाक्रोश रैली : बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या पर जताया आक्रोश,एडीएम को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर सुनियोजित हो रहे अत्याचार एवं नरसंहार के विरोध में सोमवार को सर्व हिन्दू समाज द्वारा जनाक्रोश रैली निकाली गई। रैली के दौरान बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। रैली उपरांत जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के नाम ज्ञापन अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार

**हिंदुओं पर हो रहे उत्पीडन को तुरंत प्रभाव से रोकने की प्रमुखता से उठाई मांग**

को सौंपा गया। सोमवार को जनाक्रोश रैली फ्री गंज रोड़ से शुरू होकर,रेलवे रोड़,अतरपुरा चौपला,दिल्ली रोड से होते हुए अंबेडकर तिराहे पर पहुंची संपन्न हुई।

विहिप जिलाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल चोटी ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं को चिन्हित करके प्रताड़ित किया जा रहा है,तथा हिंदू संतों एवं मंदिरों पर हो रहे हमले संपूर्ण हिंदू समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से





बांग्लादेश में हिंसा हो रही है उसको देखते हुए जैसलमेर के हिंदू समाज के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया है। राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन डीएम सौंपा।

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के नाम ज्ञापन में कहा कि बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के तख्ता पलट के बाद सत्तारुढ़ हुई सरकार के बाद से बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यकों विशेष कर हिंदू समाज पर चिन्हित कर हिंसात्मक हमले किए जा रहे है,निर्दोष हिंदुओं की गिरफ्तारियां की जा रही है। उन्हें अपनी नौकरी, व्यवसाय छोड़कर बांग्लादेश छोडने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश की वर्तमान सत्तारुढ़ सरकार इस अमानवीय हिंसा को रोकने के प्रति गंभीर दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि एक संप्रभु देश की स्वायत्तता को चुनौती देना किसी दूसरे देश के लिए ठीक नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि विश्व समुदाय वैश्विक संगठनों और मानवाधिकार संगठनों द्वारा इस संपूर्ण घटनाओं को रोकने जैसे प्रयास नहीं किए गए। भारत सरकार का प्रति उत्तर भी न्यूनतम ही रहा है। ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे उत्पीडन की संपूर्ण विश्व, पड़ोसी देशों व भारत की अनदेखी स्वीकार नहीं की जा सकती है। ज्ञापन में मांग की गई कि देश का समस्त हिंदू समुदाय मांग करता है कि भारत सहित विश्व समुदाय इन सब घटनाओं को संज्ञान में ले और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए कि वह हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड? को तुरंत प्रभाव से रोके और गिरफ्तार इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मयदास कृष्ण दास प्रभुजी को तुरंत रिहा करें एवं बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यकों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करें।

इस मौके पर गुरुकुल पूठ से स्वामी अखिलानन्द,महेश आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर,विधायक विजयपाल आढ़ती,हरेन्द्र तेवतिया,जिलाध्यक्ष नरेश तोमर,विनीत शारदा,यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि,पवन गर्ग,विनोद गुप्ता,मनोज कर्णवाल,भारत भूषण गर्ग,गिरीश त्यागी,डा विकास अग्रवाल,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पायल गुप्ता,डा विपिन गुप्ता,पूर्व जिला महामंत्री प्रमोद जिन्दल,अमित शर्मा टोनी आदि मौजूद थे।

# निर्माण श्रमिकों ने सरकार की योजनाओं का लाभ लेने को कराया पंजीकरण: सर्वेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के निदेशों के अनुपालन में गत रविवार को श्रम विभाग ने निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण करने के लिए निमार्णाधीन साईटों पर कैम्प लगाकर श्रमिकों को

**श्रम प्रवर्तन अधिकारियों ने श्रमिकों को योजनाओं की दी जानकारी**

विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही श्रमिकों ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए कैम्प में अपना पंजीकरण भी कराया।

सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमार ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एनसीआर क्षेत्र में कार्यरत प्रभावित निर्माण श्रमिकों को जीवन निर्वाह भत्ता देने व अधिक से





अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिये थे।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर गत रविवार को श्रम विभाग के अधिकारियों ने निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण करने के लिए निमार्णाधीन साइटों पर कैम्प लगाकर श्रमिकों को विभाग द्वारा श्रमिकों के हित के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। साथ ही श्रमिकों का पंजीकरण भी किया।

सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमार ने बताया कि निमार्णाधीन साइटों में लेवर अड्डा अतरपुरा चौपला, लेवर अड्डा पिलखुवा,निमार्णाधीन पुलिस लाइन,धौलाना में दा ईंट भट्ट,गंगा एक्सप्रेस-वे,निमार्णाधीन बाबूगढ़ स्टेडियम में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के श्रमिक पंजीकरण करने के लिए कैम्प लगाये गये। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी ऊषा वर्मा,विजयपाल सोनकर,कम्प्यूटर आपरेटर महेश यादव व अरुण आदि मौजूद रहे।

# शिवा पाठशाला में मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नगर के शिवा प्राथमिक पाठशाला में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। बच्चों को देशप्रेम व शहीदों के बलिदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ जनता की जिम्मेदारी से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यापारी नेता दीपांशु गर्ग ने बताया कि सैनिक किसी भी देश की संपत्ति होते हैं। वे राष्ट्र के

**सैनिक किसी भी देश की संपत्ति व राष्ट्र के संरक्षक होते हैं: दीपांशु,हर्षित**

संरक्षक होते हैं तथा किसी भी कीमत पर नागरिकों की रक्षा करते हैं। अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए सैनिकों ने अपने जीवन में बहुत सी चीजों का बलिदान किया है। देश हमेशा इन वीर सपूतों के लिए ऋणी रहेगा जिन्होनें मातृभूमि की सेवा में अपने जीवन लगा दिया है।



प्रधानाध्यापक डा सुमन अग्रवाल ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के इतिहास,महत्व व भारत सरकार की ओर से शहीद सैनिकों व सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए चलाई जा रही वित्तीय सहायता,स्वास्थ्य सुधार भत्ता, सम्मान निधि व उनके बच्चों के लिए चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजनाओं के बारें में बताया गया।

हर्षित गर्ग ने छात्राओं को देश के जिम्मेदार नागरिक बनकर अपनी सभी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर नीतू नारंग, डॉ हरजीत कौर, लक्ष्मी,सुमन, सोनिया आदि मौजूद थे।

# एएसपी ने रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गत रविवार की देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक ने नगर में संचालित रैन बसेरे को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उनके द्वारा रैन बसेरे में रहने वाले लोगों को सत्यापन किया। नगर पालिका परिषद शहर में तीन रैन

- **रैन बसेरे में निवास करने वाले लोगों को किया सत्यापन**
- **नगर पालिका द्वारा तीन रैन बसेरों को संचालन किया जा रहा है: मनोज**

बसेरे व एक आश्रय स्थल का संचालन किया जा रहा है।

डिप्टी कलेक्टर व हापुड़ नगर पालिका परिषद के प्रभारी अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि गत दिसंबर



माह में रात्रि में प्रतिदिन ठंड बढ़ती जा रही है। जिसके मद्देनजर नगर पालिका परिषद द्वारा अतरपुरा चौपला,रेलवे स्टेशन व दिल्ली रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड में रैन बसेरे शुरू कर दिया है। इसके अलावा ईदगाह रोड पर भी सौ बैड का आश्रय स्थल संचालित है। जहां ठंड से बचाव के लिए गरीब व निराश्रित रात्रि में रुक रहे है। उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में रुकने वाले लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। अब रात्रि में ठंड अधिक पड? पर अलाव जलाने की व्यवस्था भी की जायेगी। रैन बसेरे में तैनात कर्मचारी को निर्देशित किया गया है,कि वहां रात्रि में रुकने वाले लोगों का नाम पता रजिस्टर में दर्ज किया जाये। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने रविवार की देर शाम रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। साथ ही रैन बसेरे में रुकने वाले लोगों का सत्यापन भी किया।

# सिंभावली शुगर मिल के क्रय केंद्रों को बदलवाने के लिए सचिव प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओ ने सोमवार को मेरठ मंडल उपाध्यक्ष शब्बू

**गढ़ खादर क्षेत्र के हैं क्रय केंद्र भाकियू टिकैत के हैं कार्यकर्ता**

चौधरी के नेतृत्व में गन्ना सचिव प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा है।जिसमें खादर क्षेत्र के सिंभावली शुगर मिल से जुड़े कई गांवों के क्रय केंद्रों को बदलवाने की मांग उठाई है। मेरठ मंडल उपाध्यक्ष शब्बू चौधरी ने बताया कि शुगर मिल पर पिछले पेराई सत्र का करीब एक माह का कई करोड़ रूपया बकाया भुगतान है। गन्ना किसानों को समय पर पर्ची नहीं मिल पा रही है।जिस कारण किसान अगली फसल की बुवाई नहीं कर पा रहे है। लेकिन सरकार और




विभाग इनके खिलाफ कोई ठोस कदम उठाने के लिए तैयार नहीं है। जिससे किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच चुका है।वैट निवासी किसान जमाल खां ने कहा कि चीनी मिल से जुड़े गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है।किसान कर्जा लेकर अपने कामकाज चला रहे है।जिससे परेशान किसान सिंभावली चीनी मिल के क्रय केंद्रों को बदलकर दूसरे शुगर मिलों के क्रय केंद्रों को लगवाने की मांग उठा रहे है।

इस मौके पर जमील खान, समद खां, राशिद सैफी,हबीब चौधरी, आसिफ अली, माजिद, मोहम्मद साकिब सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सिंभावली गन्ना समिति सचिव प्रभारी राकेश पटेल ने बताया कि क्रय केंद्रों को बदलने की प्रक्रिया पेराई सत्र शुरू होने से पहले की जाती है,अब इस प्रक्रिया को करना संभव नहीं है।फिर भी ज्ञापन के बारे में अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जएगी।

**प्रतियोगिता** | **ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन...**

# खेलकूद से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है: देशराज वत्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/पिलखुवा।**पिलखुवा स्थित राजपूताना इंटर कॉलेज में खंड शिक्षा अधिकारी देशराज बत्स व व्यायाम शिक्षिका जयश्री के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का

**खेलों के माध्यम से बच्चे अपना भविष्य भी बना सकते है: जयश्री**

आयोजन किया गया। जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सोमवार को खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ राजपूताना इण्टर कालिज के प्रधानाचार्य राजबहादुर सिंह के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वालन किया गया। प्रधानाचार्य राजबहादुर ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा खेल बच्चों के स्वस्थ जीवन व शारीरिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है,टीम भावना का विकास होता है।ब्लॉक व्यायाम शिक्षिका जयश्री ने बताया कि खेलों में धौलाना ब्लॉक के लगभग 200 छात्र व छात्राओं ने प्रतिभाग





किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर में 50 मी.रेस में इशिका,सुभान 100 मी0 में अलीना ताबिश 200 मी. में अब्दुल 400 मी. रेस में सुभान, साइला उच्च प्रा. स्तर 100 मीः रेस में सालिम, समरजहाँ 200 मी. नासिर, इलमा, 400 मी.यश और समरजहाँ प्रथम स्थान पर रहे। प्रतिभागी बच्चों ने लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक व अन्य खेलों में प्रतिभाग किया। खो-खो में बालिका वर्ग में परतापुर व बालक वर्ग में पिपलैंडा टीम विजेता रही। डम्बल पी. टी. में प्रा.वि छिजारसी के बच्चों द्वारा उत्कृष्ठ प्रर्दशन करके प्रथम स्थान प्राप्त किया गया ।योग में प्रा. वि. खिचरा व प्रा. वि. सिखेड़ा न. 2 के छात्रों ने सुंदर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ब्लाक व्यायाम शिक्षिका जयश्री ,व्यायाम शिक्षका कस्तूरबा गार्गी सरोहा व खेल अनुदेशक विनोद कुमार,राजबहादुर सिंह, लौकेश कुमार, मुर्शीद अली,अजय कुमार त्रिलोक चन्द,मौ. अकरम,सृष्टि त्यागी, सूरजपाल सिंह,कैलाश चन्द्र,दीपक सिसौदिया,आकृति सिंह,नवीन कुमार,अदिति गोले,रेनू चौधरी,प्रीति नेहरा, शशि किरन, सतेन्द्र सिसौदिया,जितेन्द्र कुमार,पूनम सिंह, शोभा सिंघल,पूनम रानी आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर किया गया आयोजित



बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** रोटरी क्लब ऑफ पिलखुवा सिटी एवं भारत विकास परिषद पिलखुआ द्वारा रोटरी ब्लड बैंक वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की सहायता से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें लगभग 100 यूनिट रक्त ब्लड बैंक को दिया गया शिविर में दोनों ही संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वह रक्तदान भी किया शिविर के मुख्य अतिथि डॉ सुनील त्यागी मुख्य चिकित्सा अधिकारी हापुड विशिष्ट अतिथि पालिका परिषद अध्यक्ष विभू बंसल भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशुल मित्तल परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रक्तदान शिविर सुधीर सक्सेना थे प्रांतीय संयोजक रक्तदान शिविर आशीष गर्ग का सानिध्य प्राप्त हुआ रोटरी अध्यक्ष गौरव बिंदल सचिव नितिन गोयल कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल शिविर संयोजक प्रवीण गोयल मोहित गर्ग व भारत विकास परिषद की अध्यक्ष लक्ष्मी मित्तल सचिन रेखा गोयल कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक राजीव गोयल विपिन गोयल के साथ-साथ दोनों संस्थाओं के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक



**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य शमिका रवि के हालिया रिसर्च पेपर में कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। भारत के आर्थिक विकास के कई क्षेत्रों के संबंध में तथ्यों पर आधारित सारग?भत बातें बताने के साथ-साथ यह भी जानकारी दी गई है कि किस प्रकार भारत में अब ग्रामीण इलाके भी अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं। यह भी कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है। किसी भी देश के लिए श्रम की भागीदारी एवं बेरोजगारी, दो अलग-अलग मुद्दे हैं। श्रम की भागीदारी में 18-59 वर्ष के बीच के वे लोग शामिल रहते हैं, जो अर्थ के अर्जन हेतु या तो कुछ कार्य कर रहे हैं अथवा कोई आर्थिक कार्य करने को उत्सुक हैं एवं इस हेतु रोजगार तलाश रहे हैं। पिछले 40 वर्षो के दौरान चीन में श्रम की औसत भागीदारी 75 प्रतिशत से ऊपर रही है अर्थात प्रत्येक 4 में से 3 लोग या तो रोजगार में रहे हैं अथवा रोजगार तलाशते रहे हैं। वियतनाम में श्रम की भागीदारी 72-73 प्रतिशत के बीच रही है। बांग्लादेश में यह 60 प्रतिशत से अधिक रही है परंतु भारत में 5 वर्ष पूर्व तक केवल 50 प्रतिशत के आसपास थी जो आज बढ़कर 57 प्रतिशत हो गई है। अर्थात इतने बड़े देश में कुल कार्य करने योग्य जनसंख्या में से आधे से कुछ कम आबादी या तो रोजगार में नहीं है अथवा रोजगार तलाश भी नहीं रही है। यह स्थिति भारत जैसे देश के लिए ठीक नहीं है। दूसरे, बेरोजगारी से आश्य ऐसे नागरिकों से है, जो रोजगार तलाश रहे हैं, लेकिन रोजगार मिल नहीं रहा। भारत में ऐसे नागरिकों की संख्या मात्र 3 प्रतिशत है। समय के साथ बेरोजगारी की दर में थोड़ा-बहुत परिवर्तन होता रहता है परंतु, जब इस स्थिति को विभिन्न प्रदेशों के बीच तुलना करते हुए देखते हैं, तो बेरोजगारी की दर में भारी अंतर दिखाई देता है। गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों में बेरोजगारी की दर 0.9-1.5 प्रतिशत के बीच है, जबकि केरल में 12.5 प्रतिशत है। आर्थिक विकास में वृद्धि के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी अधिक निर्मिंत होते हैं। इसलिए देश में रोजगार के नये अवसर निर्मिंत करने के लिए व्यवसाय को बढ़ाना होगा, विकास को बढ़ाना होगा। केवल केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध नहीं करा सकतीं। इस हेतु, निजी क्षेत्र को आगे आना होगा। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के संस्थानों के रोजगार के अवसर निर्मिंत करने की कुछ सीमाएं हैं। आज भारत में 30 वर्ष के अंदर की उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी की दर 12 प्रतिशत है, जबकि देश में कुल बेरोजगारी की दर 3.1 प्रतिशत है। अतः युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक दिखाई देती है। युवाओं में कौशल का अभाव है। इसलिए केंद्र सरकार विशेष कार्यक्रम लागू कर युवाओं में कौशल विकसित का प्रयास कर रही है। विशेष रूप से युवाओं के लिए कहा जा रहा है कि वे 30 वर्ष की उम्र तक काम करना ही नहीं चाहते क्योंकि इस उम्र तक वे रोजगार के अच्छे अवसर ही तलाशते रहते हैं। 30 वर्ष की उम्र के बाद वे दबाव में आने लगते हैं एवं फिर जो भी रोजगार अवसर मिलता है, उसे स्वीकार कर लेते हैं।इसलिए 30 वर्ष से अधिक की उम्र के नागरिकों के बीच बेरोजगारी की दर बहुत कम है। यह स्थिति हाल के समय में अन्य देशों में भी देखी जा रही है। युवाओं की अपनी नजर में सही रोजगार के अवसर के लिए वे इंतजार करते रहते हैं, अथवा अपनी पढ़ाई जारी रखते हैं। आज विशेष रूप से भारत में रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। युवाओं में कौशल एवं मानसिकता का अभाव एवं केवल सरकारी नौकरी को ही रोजगार के अवसर के लिए चुनना ही भारत में श्रम की भागीदारी में कमी के लिए जिम्मेदार तत्व हैं।

# संभल मस्जिद, अजमेर दरगाह : आखिर हम कितने पीछे जाएंगे?



**राम पुनियानी**

सन 1980 के दशक में देश में शांति-व्यवस्था और प्रगति पर गम्भीर हमले हुए। साम्प्रदायिक ताकतों के हाथ एक नया औजार लग गया। वे देश के पूजास्थलों के कथित अतीत का उपयोग साम्प्रदायिकता भड़काने के लिए करने लगे। लालकृष्ण आडवाणी ने रथयात्रा निकाली। उनकी मुख्य मांग यह थी कि जिस स्थल पर पिछले पांच सदियों से बाबरी मस्जिद खड़ी थी, ठीक उसी स्थल पर एक भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर बढ़ती कड़वाहट और तनाव के मद्देनजर संसद ने एक नया कानून पारित किया, जिसके तहत पूजास्थलों की जो प्रकृति 15 अगस्त 1947 को थी, उसे बदला नहीं जा सकेगा और वही बरकरार रहेगी। बाबरी मस्जिद मामले में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून को उचित ठहराया और यह भी कहा कि भविष्य में देश में शांति बनाए रखने की दिशा में यह कानून एक महत्वपूर्ण कदम है। सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद के ढहाए जाने को अपराध बताया और यह भी कहा कि इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि बाबरी मस्जिद के नीचे कोई मन्दिर दबा हुआ है। सबरंग में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि एक शीर्ष पुरातत्ववेत्ता प्रोफेसर सुप्रिया वर्मा, जो सन 2000 के दशक में बाबरी मस्जिद की भूमि पर हुई पुरातात्विक खुदाई में, एक अन्य पुरातत्वविद जया मेनन के साथ पर्यवेक्षक थीं, ने एक विवादास्पद बयान में कहा था कि मस्जिद के नीचे कोई मन्दिर तो था ही नहीं, बल्कि अगर हम बारहवीं सदी से और पीछे जाकर चौथीं या छठवीं सदी अर्थात गुप्तकाल की बात करें, तो ऐसा लगता है कि वहां एक बौद्ध स्तूप था। बाबरी मस्जिद को दक्षिणपंथी ताकतों के नेतृत्व में ढहाया गया था। ढहाने वाले नारे लगा रहे थे, ये तो केवल झांकी है, काशी, मथुरा बाकी है। कुछ समय पहले काशी और मथुरा में सर्वेक्षण की बात कही गई थी। यह इसके बावजूद कि प्लेसेस ऑफ रिलीजियस वर्शिप एक्ट 1991 इसे प्रतिबन्धित करता है। जस्टिस चन्द्रचूड़ ने यह कहकर एक मुसीबत खड़ी कर दी है कि अधिनियम पूजा स्थलों की प्रकृति में परिवर्तन को तो प्रतिबंधित करता है, मगर वह उनके सर्वेक्षण पर रोक नहीं लगाता। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दुओं को यह जानने का हक है कि जहां कोई मस्जिद खड़ी है, वहां पहले क्या था। इससे तोड़े-मरोड़े गए और काल्पनिक इतिहास का उपयोग कर अपने एजेण्डा को आगे बढ़ाने वालों की बन आई।

पहले उन्होंने कहा कि अगर अयोध्या, काशी और मथुरा में मस्जिदों के नीचे दबे मन्दिरों को उन्हें सौंप दिया जाता है, तो वे अन्य पूजास्थलों के सम्बन्ध में यह मांग नहीं करेंगे। मगर अब स्थिति यह है कि अलग-अलग अदालतों में कम से कम 12 मस्जिदों और दरगाहों के सर्वेक्षण की मांग करते हुए याचिकाएँ लंबित हैं। इसके अलावा, कमाल मौला मस्जिद, बाबा बुधनगिरी दरगाह, हाजी मलंग दरगाह आदि पर भी हिन्दुओं द्वारा दावे किए जा रहे हैं। सम्भल की जामा मस्जिद के बाद सदियों पुरानी अजमेर दरगाह पर भी हिन्दू सेना नामक एक नए संगठन द्वारा दावा किया जा रहा है। यह संगठन शायद इन सभी मामलों में कुछ दस्तावेजों का हवाला दिया जाता है, और अक्सर ये दस्तावेज शंकास्पद होते हैं। इनमें से कई मामलों में ब्रिटिश शासकों की अत्यन्त संदेहास्पद भूमिका रही है। जैसे, बाबरनामा के अपने अनुवाद में बीवरिज ने बिना किसी प्रमाण के एक फुटनोट डाल दिया, जिसमें कहा गया था कि मस्जिद के नीचे कोई मन्दिर हो सकता है। इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने के असंख्य उदाहरण हैं। इसी तरह मन्दिरों को तोड़ने के भी अनेक कारण थे, जिनमें मुख्य थे उनकी सम्पत्ति को लूटना और हारे हुए राजा को बेइज्जत करना। अगर हम इतिहास की बात करें, तो अनेक बौद्ध विहारों को धार्मिक कारणों से नष्ट किया गया। स्वामी



विवेकानंद लिखते हैं, जगन्नाथ मंदिर एक पुराना बौद्ध मन्दिर है। हमने इस पर और कई अन्य बौद्ध मन्दिरों पर कब्जा कर लिया और उनका पुनर्हिन्दूकरण किया...। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश में स्वामी दयानन्द सरस्वती, आदि शंकाराचार्य के योगदान की चर्चा करते हुए लिखते हैं, उन्होंने 10 साल तक पूरे देश का भ्रमण किया, जिस दौरान उन्होंने जैन धर्म का खंडन किया और वैदिक धर्म की पैरोकारी की। जमीन खोदने पर जो टूटी-फूटी मूर्तियां इन दिनों मिलती हैं, वे शंकर के समय तोड़ी गई थीं और जो साबुत मिलती हैं, उन्हें जैनियों ने खुद इस डर से जमीन में गाड़ दिया था कि उन्हें तोड़ दिया जाएगा। प्राचीन भारतीय इतिहास के बौद्ध नरेटिव के अनुसार, मौर्य राज्यवंश के बौद्ध राजा बृहद्रथ की हत्या उसके ही सेनापति पुष्यमित्र शुंग द्वारा ईसा पूर्व 184 में की गई थी। इसके साथ एक सम्मानित और प्रतिष्ठित बौद्ध राजवंश (सम्राट अशोक भी जिसमें शामिल थे) का अंत हुआ और शुंग कुल के शासन की शुरूआत हुई। प्राचीन भारतीय इतिहास के लब्ध प्रतिष्ठित अध्येता डी. एन. झा लिखते हैं कि एक प्राचीन बौद्ध रचना दिव्यवदाना, जो संस्कृत में है, में वर्णित है कि बौद्धों के पीड़क पुष्यमित्र शुंग ने किस तरह अनेकानेक बौद्ध और जैन धार्मिक स्थलों को ढहाया था। ऐसा बताया जाता है कि वो एक विशाल सेना के साथ पाटलीपुत्र से निकला और पूरे रास्ते स्तूपों को नष्ट करता गया। उसने बौद्ध विहारों को आग के हवाले कर दिया और बौद्ध भिक्षकों को मौत के घाट उतार दिया। वो पाटलीपुत्र से लेकर सकाल (जिसे अब सियालकोट कहा जाता है) तक गया और वहां पहुंचकर उसने यह घोषणा की कि किसी भी श्रमण व्यक्ति का कटा हुआ सिर लाने वाले को इनाम दिया जाएगा।झा बताते हैं कि मथुरा, जो कुषाण युग में एक समृद्ध व्यापारिक केन्द्र था, वहां के कुछ मन्दिर जैसे भूतेश्वर और गोकरणेश्वर प्राचीन काल में बौद्ध पूजास्थल थे। इतिहास की जो समझ हमारे समाज में है, वह हिन्दू राष्ट्रवादी ताकतों द्वारा गढ़ी गई है। इसकी जड़ में है अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति, जिसके अंतर्गत उन्होंने इतिहास का साम्प्रदायिक लेखन करवाया। इस इतिहास लेखन में राजाओं को उनके धर्म का प्रतिनिधि बताया जाता है। इस इतिहास लेखन का फोकस मध्यकाल पर है, जिस दौरान देश में कई मुस्लिम शासक हुए। जो चीज भुला दी जाती है और जिसे हमारी याददाश्त से मिटाने की कोशिश की जा रही है वह यह है कि औरंगजेब ने असम के कामाख्या देवी मन्दिर और उज्जैन के महाकाल मंदिर को भारी धनराशि भेंट के रूप में दी थी। हम यह भी जानते हैं कि हिन्दू राजा हर्षदेव ने देवोत्पतननायक नामक अधिकारी की नियुक्ति की थी, जिसका काम था मन्दिरों की मूर्तियां उखाड़ कर उनके नीचे दबी दौलत को लूटना। यह बात कल्हण की राजतरंगिणी में कही गई है। इसी तरह यह भी भुला दिया जाता है कि मराठा राजाओं ने श्रीरंगपटनम में एक मंदिर को नष्ट कर दिया था। मध्यकाल में धर्म का इस संदर्भ में कोई विशेष महत्व नहीं था। धार्मिक स्थलों को लूटने और तोड़ने के पीछे धार्मिक कारण नहीं थे। इसके विपरीत मौर्यकाल के अंत के बाद बौद्ध धर्म को उखाड़ फेंकने के लिए बौद्धविहारों को नष्ट किया गया था। भारतीय राजनीति और न्यायपालिका ने एक भस्मासुर पैदा कर दिया है, जो समाज में धार्मिक विभाजन को और गहरा बना रहा है। आज हमें क्या करना चाहिए? क्या हमें हर मस्जिद को खोदकर देखना चाहिए कि उसके नीचे क्या कोई मन्दिर है? या फिर हमें पंडित जवाहरलाल नेहरू के शब्दों में आधुनिक मन्दिरों का निर्माण करना चाहिए. भाखड़ानंगल बाँध की नींव रखते हुए पंडित नेहरू ने वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थाओं, इस्पात कारखानों, बिजली घरों और बाँधों को आधुनिक मन्दिर बताया था. हम आधुनिक मन्दिरों का निर्माण करेंगे या मस्जिदों के नीचे मन्दिर ढूंढते रहेंगे, इस पर ही हमारे देश की नियति निर्भर करेगी।

# दंडित करने का मकसद

ट्रंप ने प्रस्तावित व्यापार युद्ध का पहला गोला दागा है। इससे दुनिया को संदेश दिया है कि उनका प्रशासन किसी समझौते का ख्याल नहीं करेगा। भारत और यूरोप इसके असर से फिलहाल बच गए हैं, लेकिन लंबे समय तक वे शायद ही बच पाएं। डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालने के 56 दिन पहले ही अपने तीन प्रमुख व्यापार सहयोगी देशों के खिलाफ आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी का एलान कर दिया है। इसके तहत 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालते ही वे कनाडा और मेक्सिको से अमेरिका में आने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जाएगा। चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगेगा। चीन से होने वाले आयात पर पहले ही अलग-अलग, लेकिन ऊंची दरों से आयात शुल्क लगाया जा चुका है। कनाडा और मेक्सिको के साथ अमेरिका का मुक्त व्यापार समझौता है। जाहिर है, इस घोषणा के जरिए ट्रंप ने दुनिया को यह संदेश भी दिया है कि उनका प्रशासन किसी समझौते का ख्याल नहीं करेगा। इस तरह उन्होंने प्रस्तावित व्यापार युद्ध का पहला गोला दागा है। भारत और यूरोपीय देश इसके असर से फिलहाल बच गए हैं, लेकिन लंबे समय तक वे बच पाएंगे, इसकी संभावना कम ही है। राष्ट्रपति चुनाव अभियान दौरान ट्रंप ने इन देशों के खिलाफ भी आयात शुल्क लगाने का इरादा जताया था। उसके मुताबिक भारत से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। ट्रंप की इस घोषणा ने अमेरिकी कारोबार जगत में उथल-पुथल मचा दी है। मंगलवार को यह एलान होते ही शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। उधर कारोबार से जुड़ी संस्थाओं ने दो-टूक कहा कि इस कदम के परिणामस्वरूप अमेरिका में महंगाई तेजी से बढ़ेगी, उद्योगों की लागत बढ़ जाएगी जिससे अमेरिकी निर्यात भी महंगे हो जाएंगे। उधर चीन, मेक्सिको और कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यानी वे भी अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाएंगे। नतीजा होगा कि उन बड़े बाजारों में अमेरिकी निर्यात और महंगे हो जाएंगे, जिससे वहां अमेरिकी कंपनियों का हिस्सा घटना तय है। आम समझ है कि व्यापार चक्र को इस तरह पलटना किसी के फायदे में नहीं है। ट्रंप ने कहा है कि उपरोक्त तीनों देश मादक पदार्थ और अपराधियों को अमेरिका भेज रहे हैं, इसलिए उन्हें दंडित करने के मकसद से उन्होंने ये कदम उठाया है। मगर ये बात शायद ही किसी के गले उतरेगी।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

## वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# अग्निशमन अधिकारियों को भी मिले सम्मान

अभी कुछ दिनों पहले अमेजन प्राइम वीडियो पर राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित फिल्म आई है जिसका नाम है अग्नि। यह फिल्म उन महान अग्निशमन अधिकारियों और कर्मचारियों को समर्पित है जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना ही आग बुझाने का काम करते हैं और बाद में उनके काम को उतनी प्रशंसा नहीं मिलती जिसके वो हकदार होते हैं। निर्देशक की इस बात की तारीफ की जानी चाहिए कि आज तक जितनी भी फिल्में बनी हैं उनमें से किसी ने भी इन वीर अग्निशामको की शहादत को नहीं दशार्या गया था। आज जब यह फिल्म हमारे सामने आई है तो हमें इस बात को मुख्य धारा में लाना होगा कि जिस तरीके से हम पुलिस के अधिकारियों, डॉक्टर , सेना के जवान पर स्मारक बनवाते हैं, जगह जगह उनके सम्मान में आयोजन करवाते हैं और साथ ही उनके नाम से विभिन्न पुरस्कार की शुरूआत करते हैं वैसे ही इन अग्नि के सपूतों के साथ भी किया जाए। हम में कितने ही लोग हैं जो किसी भी अग्निशामक का नाम जानते हैं, या उनको पुरस्कृत होते हुए देखा है। यह बात शत प्रतिशत सत्य है कि जब भी कभी आग लगती है तो सबसे पहले फायर बिग्रेड को ही याद किया जाता है, वो हमारे लिए भगवान का रूप होते हैं। इतना ही नहीं हमारी देश की मीडिया भी उन्हें ही ज्यादा तवज्जो देती है जिससे उनको ज्यादा फायदा दिखता है।

हमें उन व्यापक और गंभीर मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए कि कैसे महज कुछ चंद पैसों के लिए बिना सुरक्षा मानकों पर ध्यान दिए फैक्टरी और



**मंगल सिंह (शोधार्थी)**
**बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ**

भवन बनाने के अंधाधुंध लाइसेंस मिल जाता है। आज न जाने कितने ऐसे गली मुहल्ले हैं जहां पर बिजली के तार एक दूसरे में ऐसे उलझे है कि न जाने कब कोई बड़ी दुर्घटना हो जाए । आज बड़े बड़े महानगरों में ऐसे तमाम कोचिंग संस्थान हैं, शॉपिंग मॉल है जहां पर आगजनी की घटनाओं के रोकथाम हेतु मानकों की अनदेखी की जा रही है, और नगर निगम की नींद तभी खुलती है जब कोई भयानक घटना हो जाती है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि जिम्मेदार एजेंसी इन मानकों पर खरा न उतरने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई करते हुए उनके लाइसेंस को रद्द करे। आज जब ऐसी बेहतरीन फिल्म हमारे सामने प्रस्तुत हुई है तो हमें निर्देशक का धन्यवाद करना चाहिए कि हमें इस पहलू से रूबरू कराया।जिस तरीके से हम किसी सेना के जवान को देख के फख्र करते हैं और उनके प्रति सम्मान से भर जाते हैं ऐसे ही हमें इन अग्निशामको के प्रति भी अपना प्रेम दिखाना होगा, उनके साहस को भी देश और समाज में प्रचारित और प्रसारित करना चाहिए, ताकि उनके अंदर कोई हीन भावना न पैदा हो और उनके बारे में भी बच्चों को पढ़ाया जाना चाहिए। हमे पुस्तको में उन सभी आग लगने वाली बड़ी घटनाओं को भी बच्चों से अवगत कराना चाहिए कि कैसे इन घटनाओं में अग्निशामको ने अपनी वीरता का परिचय देते हुए व्यापक क्षति से बचाया। साथ ही सरकार को भी चाहिए कि इनसे नाम से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सम्मान पुरस्कार का आयोजन किया जाए।

# कैसे बढ़े चुनावों में मतदान का प्रतिशत



**डॉ ० आर.के.सिन्हा**

महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है । झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है। महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! पर यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है।

हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है , जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं।हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों - क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है, और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है।महाराष्ट्र में बेहतर मतदान भारतीय लोकतंत्र के लिए आश्वस्त करने वाला है।

हालांकि यह मानना होगा कि देश के शहरी इलाकों में मतदान कमोबेश कम ही रहता है।शिमला से सूरत तक शहरी मतदाता की उदासीनता लगातार बनी हुई है। यह रुझान नया नहीं है। चुनावों के पहले तीन दशकों में, शहरी मतदाताओं की भागीदारी काफी बेहतर रहती थी। 1980 के दशक से शहरी और ग्रामीण मतदान के बीच का अंतर बढ़ गया है। शहरी उदासीनता को समझना होगा। शहरी भारत का जीडीपी में 60% और करों में बहुत बड़ा हिस्सा है। पर हमारे यहां के शहरों की हालत लगातार खराब हो रही है। आजकल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर जिस तरह का हो गया है, उसने आम लोगों का जीना दूधर कर दिया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। यह तो राजधानी की हालत है। गुजरे कुछ सालों के दौरान दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, बैंगलुरू जैसे देश के अति अहम महानगर बारिश से जलमग्न होते रहे। इनमें जिंदगी कई दिनों तक थमी रही। सड़कों पर जलभराव के कारण जाम लग गए, रेल सेवा प्रभावित हुई, घरों में पानी जाता रहा, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। देश के इन खासमखास शहरों की तस्वीर बहुत कुछ बयां कर गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ। यह स्थिति हर साल होती है, योजनाएं बनती हैं ताकि बारिश के बाद होने वाली अव्यवस्था और अराजकता की पुनरावृत्ति ना हो। पर योजनाएं फाइलों में गुम हो जाती हैं।यह समझना होगा कि शहरी भारत, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश का लगभग सारा सेवा क्षेत्र ( सर्विस सेक्टर) शहरों में ही सिमटा है। जनगणना के आंकड़ों को माने तो देश की 31 फीसद आबादी शहरों में रहती है। हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर। जाहिर है, इस कारण से मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से। उसे लगता है कि जब उसके नेता निकम्मे होंगे तो वह वोट क्यों करे। मतदाताओं को नेता बार-बार निराश करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को समझना होगा कि अगर देश में मतदान केन्द्रों की तरफ फिर से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लाना है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। उन्हें भी जनता से सीधा संपर्क बनाकर रखना होगा। उन्हें भी जनता के मसलों को लेकर संवेदनशील बनना होगा।आपको याद ही होगा पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त लगभग सारे में देश सूरज देवता आग उगल रहे थे। फिर भी मतदाता मतदान करने के लिए घरों से निकल रहे थे। मतदान वाले दिन कई जगहों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर था। लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात नहीं थी। इतने खराब मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे थे । यह सुखद भी है और हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी। इसलिए ही लोग वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का भरपूर इस्तेमाल करते हैं।

# मंगलवार का राशिफल

**मेष** विदेश में रहते है तो परिवार की याद सतायेगी, बातचीत होगी, बैठे बैठे आसानी से अपने कार्य को बढ़ा लेंगे, एक से अधिक सोर्स से धन कमाएंगे। भाग्य प्रतिशत-85

**वृषभ** तकनीकी, औषधि, ट्रांसपोर्ट, मछली, शिपिंग कार्य करते है तो उन्नती करेंगे, मन किसी रिश्ते के कारण दुखी रहेगा, संतान के प्रति असुरक्षा रहेगी। भाग्य प्रतिशत-75

**मिथुन** नौकरी में खटपट हो सकती है, सम्भव है आपका कार्य अधिकारी को समझ ना आए, व्यापार वृद्धि में समय लगेगा। भाग्य प्रतिशत-49

**कर्क** सोचे हुए कार्य में विलंब होगा, मशीनरी, तकनीकी कार्य करने में मन नहीं लगेगा, विवाह की बात चल सकती है। भाग्य प्रतिशत-51

**सिंह** टैक्स, जीएसटी वकील है तो कार्य मिलने में परेशानी होगी, विवाह के लिए बातचीत चलाएंगे,नौकरी में ट्रांसफर सम्भव है। भाग्य प्रतिशत- 53

**कन्या** रिश्ता तय होगा लेकिन कोई विपरित परिस्थित भी आ सकती है, दूसरे शहर में आना जाना होगा, सर्जिकल व्यवसाय में उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-59

**तुला** घर संबन्धी मामले में अपनी बात प्रमुखता से रखेंगे, ससुराल पक्ष में नोकझोंक रह सकती है, विद्यार्थी सोच समझकर करियर चुने। भाग्य प्रतिशत-51

**वृश्चिक** सरकारी परीक्षा की तैयारी में फोक्स बढ़ाए,पारिवारिक मुकदमे में धन मिलेगा, फार्मा कम्पनी में जॉब मिल सकती है। भाग्य प्रतिशत- 72

**धनु** परिचित जगह विवाह तय हो सकता है, लेखन में दिलचस्पी बढेगी, रसोई का सामान खरीदेंगे,आढत व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-84

**मकर** धन अवश्य कमायेगे लेकिन खर्चे बढ़ेंगे, परिवार स्वास्थ्य के प्रति चिंता रहेगी, डिप्रेशन समस्या बढ़ सकती है, मकान दुकान निवेश में परेशानी होगी। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** मेडिकल जांच नकारात्मक रह सकती है। जल, पीडब्ल्यूडी विभाग में है तो अधिकारी से परेशानी होगी, रिसर्च कर रहे छात्र कुछ भूल करेंगे। भाग्य प्रतिशत-49

**मीन** अपनी मानसिकता नहीं मिला पाएंगे, क्रोध भी रहेगा, घर में समय कटेगा, मन लगाने के लिए घर में कलात्मक, कुछ बदलाव करेंगे। भाग्य प्रतिशत- 60



**अशनिका शर्मा ज्योतिष।**
**हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423**

# आप कार्यकर्ताओ ने जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में कमिश्नरी पार्क पर फूंका सीएमओ का पुतला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी )**। आम आदमी पार्टी मेरठ जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारी कार्यकताओं ने कमिश्नरी पार्क पर मुख्य कार्यक्रम चिकित्सा अधिकारी का पुतला दहन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा व एसएसपी मेरठ से मुलाकात कर अस्पताल संचालकों की गिरफ्तारी की मांग की।अंकुश चौधरी ने कहा आए दिन मेरठ जिले के निजी अस्पतालों में घोर अनिमितताओं के कारण लोगों की जान जा रही है ।तमाम नियम कायदे कानून को ताक पर रखकर अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है और स्वास्थ्य विभाग आंख मूंद कर बैठा है ।





कैपिटल अस्पताल के पास न हीं फायर विभाग की एनओसी है ना ही विद्युत सुरक्षा व लिफ्ट संचालन की एनओसी,परिणाम स्वरूप कैपिटल हॉस्पिटल रूपी बने अवैध कत्ल खाने में लिफ्ट गिरने से प्रसूता करिश्मा की मृत्यु हो गई।मेरठ में लगातार मरीजो की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। यह खुलासा अग्निशमन विभाग द्वारा हाल में कैपिटल अस्पताल के निरीक्षण में हुआ। यहां अग्निसुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे, जिसके लिए 20 नवंबर को फायर डिपोटमेंट द्वारा नोटिस भी जारी हुआ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कथन अनुसार शहर में 306 निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं लेकिन खुले आम क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट की घोर अवहेलना की जा रही है।एक्ट में साफ-साफ अंकित किया गया है कि अस्पताल संचालन के लिए सबसे पहले मेरठ विकास प्राधिकरण से निर्माण का कंपटीशन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य है ( मात्र नक्शा स्वीकृत होना पर्याप्त नहीं है ) उसके बाद सीएफओ फायर विभाग की एनओसी देंगे और विद्युत सुरक्षा विभाग अपनी जांच के उपरांत विद्युत सुरक्षा व लिफ्ट संचालन की एनओसी देंगे तब जाकर सीएमओ अस्पताल संचालक को संचालन की परमिशन निर्गत करेंगे। इन तमाम नियम कायदे कानून को धता बताते हुए अस्पताल संचालकों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा धड़ल्ले से संचालन की अनुमति दे दी गई।झाँसी मेडिकल कॉलेज के स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में आग लगी और वहाँ 12 नवजात शिशुओं की जलने से मृत्यु हो गई।

पूरे प्रदेश के लोग सहमे हुए हैं अस्पताल जाने से डरते हैं और मेरठ के अंदर भी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है अगर इस तरीके की घटना मेरठ में हो गई तो उसका जिम्मेदार कौन अधिकारी व विभाग होगा।उन्होंने मेरठ जिले में बिना फायर विभाग की एनओसी के चल रहे सभी अस्पतालों का लाइसेंस तुरंत निरस्त किया जाए।

# शोभित विश्वविद्यालय में 11 एवं 12 दिसंबर को होगा राष्ट्रीय स्तर पर 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024' का भव्य आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ** । स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) के 7वें संस्करण की शुरूआत 11 दिसंबर को देशभर के 51 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों को उनके दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करना और नवाचार की संस्कृति और समस्या-समाधान की मानसिकता को प्रोत्साहित करना है। एसआईएच 2024 के लिए 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और उद्योगों द्वारा 250 से अधिक समस्या बिंदु प्रस्तुत किए गए हैं।

शोभित विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश का एकमात्र डीम्ड विश्वविद्यालय है, जिसे शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं एआईसीटीई द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त हुआ है। शोभित विश्वविद्यालय का यह दूसरा वर्ष है जब वह स्मार्ट इंडिया हैकथॉन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन 11 और 12 दिसंबर 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

**विश्व का सबसे बड़ा ओपन इनोवेशन प्लेटफॉर्म**

शोभित विश्वविद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कुलाधिपति श्री कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन विश्व का सबसे बड़ा ओपन इनोवेशन प्लेटफॉर्म है, जो छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह पहल माननीय प्रधानमंत्री जी की दूरदृष्टि का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को नवाचार और समस्या समाधान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि यह दूसरे वर्ष के लिए इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है।




**प्रतियोगिता के मुख्य बिंदु**

इस वर्ष शोभित विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 में 12 राज्यों की 28 टीमें भाग लेंगी। ये टीमें सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत पाँच प्रमुख समस्याओं का समाधान खोजेंगी।

**समस्याएँ और समाधान की दिशा:**

1.स्पीच लैंग्वेज थेरेपी का डिजिटलीकरण:
स्पीच थेरेपी प्रक्रिया को डिजिटल बनाना, जिसमें केस आवंटन, थेरेपी योजना, प्रगति रिपोर्ट और क्लिनिकल रेटिंग जैसी सेवाएँ शामिल हों।

2. ऑडियो-विजुअल सामग्री का भारतीय सांकेतिक भाषा में रूपांतरण:
ऐसा एआई आधारित उपकरण विकसित करना जो हिंदी/अंग्रेजी ऑडियो को भारतीय सांकेतिक भाषा में और इसके विपरीत टेक्स्ट/ऑडियो में परिवर्तित कर सके।

3. भारतीय सांकेतिक भाषा से टेक्स्ट/स्पीच में अनुवाद:
भारतीय सांकेतिक भाषा के इशारों को टेक्स्ट और वाणी (स्पीच) में बदलने के लिए एक तकनीकी समाधान तैयार करना।

# पर्यटन पर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्मों का प्रदर्शन 16 दिसम्बर से

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)** । संस्कृति और पर्यटन की लघु फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय समारोह (आईएफएफसी) प्रयागराज में आयोजित होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित 03 दिवसीय समारोह की शुरूआत 16 दिसंबर से होगी। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के सभागार में आयोजित समारोह में पर्यटन पर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह विश्व का एकमात्र फिल्म समारोह है जो संस्कृति और पर्यटन के लिए समर्पित है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में 16 से 18 दिसंबर तक आयोजित आईएफएफसी में सिने जगत की कई नामी हस्तियां शामिल हो रही हैं, जिनमें बोनी कपूर (फिल्म निमार्ता और निर्देशक), सुनील दर्शन (प्रसिद्ध निमार्ता-निर्देशक), कुणाल कोहली (फिल्म निर्देशक-निमार्ता, लेखक और अभिनेता), अभिनय देव (फिल्म निर्देशक), मनोज जोशी (फिल्म, टीवी और थिएटर अभिनेता), प्रीति सप्रू (अभिनेत्री, निमार्ता और निर्देशक), गुरमीत चौधरी (फिल्म और टीवी अभिनेता), राजेश पुरी (अभिनेता), मंजरी फडनीस (अभिनेत्री), इंदिरा कृष्णा (फिल्म और टीवी अभिनेत्री), सुभाष सहगल (फिल्म संपादक) की प्रमुख उपस्थिति रहेगी।

**प्रयागराज में आयोजित हो रहा संस्कृति और पर्यटन की लघु फिल्मों के अंतरराष्ट्रीय समारोह का सातवां संस्करण**

श्री सिंह ने बताया कि महाकुंभ-2025 से पहले प्रयागराज में यह आयोजन निश्चित तौर पर फिल्म प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। इस तीन दिवसीय फिल्मोत्सव में देश-विदेश की कई प्रतिष्ठित फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी, जो संस्कृति और पर्यटन के विभिन्न पहलुओं को उजागर करेंगी। समारोह में फिल्मों के निमार्ता, निर्देशक और कलाकार अपनी फिल्मों के निर्माण प्रक्रिया तथा अनुभव भी साझा करेंगे। आईएफएफसीका उद्देश्य सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटन को प्रोत्साहित करना है। इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच सांस्कृतिक पुल का निर्माण होता है, जो आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देता है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के फिल्म बनाने वालों के लिए यह फिल्मोत्सव स्वर्णिम अवसर है। फेस्टिवल में उत्तर प्रदेश के फिल्मकारों को राज्य में बनी फिल्मों के लिए पुरस्कारों का विशेष वर्ग रखा गया है। इस समारोह में फिल्मों की प्रविष्टियों और दर्शकों के प्रवेश को निःशुल्क रखा गया है। प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय फिल्मोत्सव में भारतीय व अंतर्राष्ट्रीय फिल्म व टीवी जगत की अनेकों प्रसिद्ध हस्तियां भाग लेंगी। श्री सिंह ने बताया कि प्रयागराज की अपनी सांस्कृतिक धरोहर के कारण ही इस फिल्मोत्सव के आयोजन के लिए चुना गया है। इससे पहले समारोह पिछले वर्ष वाराणसी में आयोजित हुआ था। उसे भी उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग ने प्रायोजित किया था। यह समारोह विभिन्न संस्कृतियों और पर्यटन स्थलों पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन करेगा, जिससे दर्शकों को वैश्विक विविधता को देखने-समझने का मौका मिलेगा। आईएफएफसी के सातवें संस्करण में 144 देशों से 4328 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं, जो समारोह की व्यापकता को दर्शाती है।

संस्कृति और पर्यटन की लघु फिल्मों के अंतरराष्ट्रीय समारोह के सातवें संस्करण में भारत के अलावा जिन देशों की फिल्में शामिल होंगी, जिनमें प्रमुख हैं- ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, अजरबैजान, बेल्जियम, ब्राजील, बलगारिया, क्रोशिया, कनाडा, क्यूबा, फ्रांस, फिजी, जर्मनी, इजरायल, ईरान, इटली, जेदाह, लिथुआनिया, लेबनान, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, पाकिस्तान, पनामा, रूस, स्पेन, साउथ कोरिया, साउथ अफ्रीका, सऊदी अरब, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम (यूके), अमेरिका, उज्बेकिस्तान, जिम्बाब्वे इत्यादि हैं।

# अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में कार्यालय उप श्रमायुक्त श्रम भवन मेरठ के प्रांगण में किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ** । सर्वोच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका (सिविल) संख्या-13029/1985, एम0सी0 मेहता बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य के सम्बन्ध में विशेष सचिव (श्रम), उ0प्र0 शासन द्वारा एन0सी0आर0 क्षेत्र के 08 जनपदों में सम्मिलित जनपद मेरठ में यू0पी0बी0ओ0सी0डब्लू0 पोर्टल पर पात्र श्रमिकों को पंजीकृत कराने की कार्यवाही कराने, मजदूर संघों के प्रतिनिधियों को इस सम्बन्ध में श्रमिकों से वार्ता करने हेतु आज अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मेरठ/नोडल अधिकारी बलराम सिंह की अध्यक्षता में कार्यालय उप श्रमायुक्त, उ0प्र0, श्रम भवन, बेगमब्रिज रोड, मेरठ के प्रांगण में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।राजीव कुमार सिंह, उप श्रमायुक्त, अवधेश कुमार वर्मा,सहायक श्रमायुक्त, मेरठ, दिगम्बर सिंह चौहान, राष्ट्रीय मंत्री, भारतीय जनता मजदूर महासंघ, मेरठ, ज्ञानेन्द्र गौतम, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बी0ओ0सी0 वर्क्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया एवं मजदूर उत्थान समिति, मेरठ द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम के अध्यक्ष/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मेरठ/नोडल अधिकारी का स्वागत किया गया।कार्यक्रम में सर्वश्री शशिकान्त पाण्डेय, विनय कुमार दुबे, सुधीर कुमार एवं नीलम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, मेरठ ने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड के अन्तर्गत संचालित मातृत्त्व शिशु एवं बालिका मदद योजना,संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना,अटल आवासीय विद्यालय योजना, कन्या विवाह सहायता योजना,निर्माण कामगकार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता आदि योजनाओं की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 18 से 60 वर्ष की आयु वर्ग का ऐसे व्यक्ति जोकि निर्माण कार्य से जुडे हों वह



निकटतम जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों/ई-श्रम कार्डधारकों हेतु चलायी जा रही पेंशन योजनाओं यथा-1-प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना (पी0एम0एस0 वाई0एम0) व 2-राष्ट्रीय पेंशन योजना (एन0पी0एस0ट्रेडर्स) के बारे में जानकारी दी गयी।कार्यक्रम में उपस्थित दिगम्बर सिंह चौहान, भारतीय मजदूर संघ ने बताया कि विभिन्न निर्माण साईटों पर जाकर अपंजीकृत लोगों को पंजीयन तथा जिन्होंने नवीनीकरण नहीं कराया है, उन्हें अपने निकटतम जन सुविधा केन्द्र पर जाकर नवीनीकरण हेतु जागरूक करने की आवश्कता बतायी।उप श्रमायुक्त ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के कम में इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ऐसे श्रमिक जिन्होंने वर्ष में 90 दिन कार्य किया हों, वह निकटत्तम जनसुविधा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीयन/नवीनीकरण करा सकते हैं। उप श्रमायुक्त ने इस हेतु अपनी प्राथमिकता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शहर के प्रत्येक लेबर अड्डों पर श्रमिकों के पंजीयन/नवीनीकरण हेतु श्रम प्रवर्तन अधिकारियों के माध्यम से प्रतिदिन जागरूकता कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/नोडल अधिकारी ने जनपद के ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों,श्रमिक संघों के प्रतिनिधियो, ईट भट्ठों के उपस्थित श्रमिक प्रतिनिधियों से श्रमिकों के पंजीयन/नवीनीकरण में आवश्यक सहयोग लिये जाने की अपेक्षा की गयी। जागरूकता कार्यक्रम में राजीव कुमार, सिंह, उप श्रमायुक्त,अवधेश कुमार वर्मा, सहायक श्रमायुक्त, मेरठ,दिगम्बर सिंह चौहान, राष्ट्रीय मंत्री,भारतीय जनता मजदूर महासंघ, मेरठ, ज्ञानेन्द्र गौतम, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बी0ओ0सी0 वर्क्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया एवं मजदूर उत्थान समिति, मेरव, सर्वश्री सुधीर कुमार, शशिकान्त पाण्डेय, विनय कुमार दुबे, श्रीमती नीलम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, मेरठ सहित लगभग 35-40 श्रमिकों सहित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ हिमानी अग्रवाल 11 दिसंबर को सर्किट हाउस में करेगी महिलाओं की जनसुनवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मेरठ (जावेद अब्बासी )**। जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए सदस्य राज्य महिला आयोग डॉ हिमानी अग्रवाल 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई की जायेगी, जो महिला अपनी समस्या की सुनवाई चाहती है वो 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे सर्किट हाउस मेरठ में पहुँच कर अपनी जनसुनवाई कराये।

### आफिया हत्याकांड के आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर परिजनों में रोष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना**। थाना क्षेत्र के कालंद गांव में एक सप्ताह पूर्व गोली मारकर की गई आठ वर्षीय आफिया की हत्या के मामले में तीन नामजद सहित पांच अज्ञात आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस फरार आरोपी कैफ, शोहराब व कामरान पर 25-25 हजार का इनाम घोषित कर चुकी है।आफिया हत्याकांड के फरार आरोपी पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक सप्ताह का समय दिया था, लेकिन अभी भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। इसे लेकर ग्रामीणों में रोष है।ग्रामीणों ने एसएसपी से मिलकर शिकायत करने की बात कही है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह बताया कि पुलिस की कई टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।जल्द ही हत्यारोपी सलाखों के पीछे होंगे।

### आखिर टाउन हॉल रोड पर जलभराव की समस्या से कब मिलेगा छुटकारा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी )**। नगर के टाउन हॉल रोड पर जलभराव की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। लोगों का कहना है कि तहसील रोड पर पहले से ही गंदगी और जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं ।लेकिन नगर पालिका प्रशासन कोई सुध लेने को तैयार नहीं है।दिन निकलते ही दुकान खोलने से पहले जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है जिससे उनकी दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है गंदगी



के चलते क्षेत्र में मच्छरों की भरमार है जिससे डेंगू और मलेरिया फैलने का खतरा है। लोगों का कहना हैं की तहसील रोड़ पर वीआईपी रोड हैं। इस रोड़ से दिनभर सभी अधिकारियों का आगमन होता है। और इसी रोड़ पर ऐतिहासिक रोमन कैथोलिक चर्च भी स्थित है। जहां पर देश विदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु घूमने आते हैं। लेकीन बार बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई भी अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं है। लोगों ने चेतावनी दी है की यदि पालिका प्रशासन ने जल्द से जल्द समस्या का समाधान ना किया तो सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे।

# सरूरपुर थाने पर खड़े 11 लावारिस वाहनों की हुई नीलामी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरूरपुर (जावेद अब्बासी )**। थाना कोतवाली में खड़े लावारिस व मुकदमाती 11 वाहनों की नीलामी नायब तहसीलदार व थानाध्यक्ष की उपस्थिति में की गई।नीलामी प्रक्रिया में विभिन्न जनपदों के करीब 18 व्यापारियों ने भाग लिया। इस दौरान नायब तहसीलदार जतिन गोस्वामी, थाना प्रभारी अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे। पांच दोपहिया वाहन और चार चारपहिया वाहन व दो ट्रक के लिए न्यूनतम बोली 7.36 लाख रुपये से शुरू हुई। वाहनों को खरीदने के लिए मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर व बागपत आदि के व्यापारी पहुंचे। सबसे अधिक बोली नूर अहमद पुत्र हाजी कल्लू निवासी जली कोठी मेरठ ने दस लाख 35 हजार रुपये लगाकर अपने नाम की।थानाध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि बोली की पूरी रकम जमा करने के बाद उक्त वाहनों को व्यापारी को सौंपा जाएगा।



# शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल में रिदम महोत्सव 2024 धूमधाम से हुआ संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)**। शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल में हर वर्ष की भांति सोमवार को रिदम महोत्सव 2024 का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के विशाल मैदान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चैयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज त्यागी ने मां सरस्वती की प्रतिमा केसमक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्बोधन में नीरज त्यागी ने कहा कि स्कूल पर सभी अभिभावकों का विश्वास और मैनेजमेंट की उत्कृष्ट शिक्षा के लिए प्रतिबद्धता के बल पर ही आज शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल पूरे क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान बन चुका है। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के राजस्थानी, पंजाबी, गुजराती व अन्य राज्यों पर पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत किये और सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करते हुए एक नाट्य प्रस्तुति भी दी। स्कूलके चेयरमैन नीरज त्यागी ने सुन्दर प्रस्तुतियों के लिए सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहां कि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई सभी प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कारों बहुत खूब तरीके से समावेश किया गया है। जिनसे स्कूल के अन्य विद्यार्थियों को भी संस्कार ग्रहण करने की प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर चैयरमैन नीरज त्यागी के साथ निदेशक बिंदु त्यागी ,प्रधानाचार्या अनुभूति सिंह ,समन्वयक डिंपल नय्यर, शिक्षकगण और अभिभावकगण मौजूद थे।




**कार्यशाला** जिया मानत नाही, कैसे समझाऊ, टप ख्याल में आलाप, लयकारी, बोल बाँट बहलावा व तानों में प्रो. जयंत खोत ने दिया प्रशिक्षण

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय गायन कार्यशाला का हुआ समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ**। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग में चल रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय गायन कार्यशाला का भव्य समापन किया गया। कार्यशाला में ग्वालियर घराना के मूर्धन्य कलाकार प्रो. जयंत खोत ने शिरकत करते हुए विद्यार्थियों का अपनी कला से ज्ञान वर्धन किया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रो. जयंत खोत, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल, डॉ. पवन तिवारी, डीन डॉ.पिन्टू मिश्रा, प्रो. भावना ग्रोवर ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।

प्रो. जयंत खोत ने कार्यशाला के विषय ह्लग्वालियर घराने की विविध गायन शैलियाँ यथा ख्याल, टप ख्याल, अष्टपदी, तराना, चतुरंग, टप्पाह्व आदि गायन शैलियों पर भिन्न-भिन्न प्रकार की बंदिशों को सिखाया।

उन्होंने सम भूपाली में अष्टपदी जय जय देव हरे तराना व रास का पद सिखाया। इसके अलावा राग यमन जिसके अन्तर्गत टप खयाल की बंदिश जिया मानत नाही, कैसे समझाऊ टप ख्याल में आलाप, लयकारी, बोल बाँट बहलावा व तानों का प्रशिक्षण दिया। एक अन्य टप ख्याल जो तिलवाला ताल में निबद्ध है, तुम तो साहेब जमाने, औलिया मिले दरकरार व तुम तो हो अपरंपार, पालनहार भवन के एक आधार बंदिशों को सिखाया। उन्होंने द्रुत तीनताल में एक बंदिश - करीम करतार सरीब नवाज का सुंदर प्रशिक्षण किया। उन्होंने अंत में राग खमाज के दो टप्पो से शुरूआत की, जिसके बोल - चाल पहचानी व राग खमाज में एक तराना सिखाया। राग काफी में भी प्रो. खोत ने दो टप्पे अत्यंत सुंदर सिखाए।प्रो० जयंत खेत के सम्मान में सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में सुभारती परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग के छात्र - छात्राओं द्वारा एक सांस्कृतिक शाम में लोक वाद्य वृंद, भारतीय समूह गायन, कथक नृत्य, गजल व कालबेलिया लोक नृत्य का भव्य प्रस्तुती दी गई। जिसमें आलिया खान, आलिया अलिमा खान, रिद्धि, शिवाली, आद्या, दर्शिनी, अक्षत, नचिकेता, अनिकेत, अरूण, रोहित, जयंत, रजत, आकाश, खुशी, रिया यादव, रिया आनंद, तान्या भगत, पार्थ दुआ आदि ने प्रस्तुति दी।विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल व अन्य पदाधिकारियों ने प्रो. जयंत खोत को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति पर सम्मानित किया। प्रो. जयंत खोत के साथ लखनऊ से पधारे डॉ. पवन तिवारी को भी सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक संध्या में प्रो. खोत ने भी अपनी प्रस्तुति दी जिसमें, उन्होंने टप ख्याल व मीरा का भजन गाया। उन्होंने संगीत संबंधी प्रश्न के उत्तर देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा को शांत किया।








कार्यशाला के सफल संयोजन होने पर विभागाध्यक्ष प्रो. भवना ग्रोवर ने प्रो. जयंत खोत का आभार व्यक्त किया। डीन डॉ. पिन्टू मिश्रा ने विभाग के सभी सदस्यों व छात्र - छात्राओं को बधाई दी। कार्यशाला में प्रो. खोत की सांगीतिक संगति मेहराज खां व तबले पर फरदीन हुसैन ने की। कार्यशाला में डॉ. श्वेता चौधरी, डॉ. इंद्रेश मिश्रा, डॉ. दीपक, निशि चौहान, श्वेता सिंह, भुवन भटनागर आदि का सहयोग रहा।

# भारत निर्वाचन आयोग मतदाता शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम के लिए देगा मीडिया अवार्ड-2024

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2024 में मतदाता शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रमों के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले मीडिया संस्थानों को सम्मानित करने के लिए श्मीडिया अवार्डश दिया जाएगा। यह पुरस्कार चार श्रेणियों प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन), इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो), और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया में दिए जाएंगे। इस सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि वे वर्ष 2024 में मतदाता शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रमों के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले मीडिया संस्थानों के नाम आयोग को भेजें।

- पुरस्कार चार श्रेणियों : प्रिंट मीडिया,इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन), इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो), और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया में दिए जाएंगे
- मीडिया अवार्ड के लिए 10 दिसंबर तक प्रविष्टियां भारत निर्वाचन आयोग को भेजी जा सकेगी

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि वर्ष 2012 से लगातार दिए जा रहे इन पुरस्कारों का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति नागरिकों को जागरूक करने और मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने में मीडिया की भूमिका को सम्मानित करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे मीडिया संस्थान अपनी प्रविष्टियाँ सीधे आयोग को भेज सकते हैं। प्रविष्टियां भेंजने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर, 2024 तक निर्धारित है। सभी प्रविष्टियों की समीक्षा निर्वाचन आयोग द्वारा गठित कमेटी/जूरी द्वारा की जाएगी, और विजेताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी, 2025) के अवसर पर पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया पुरस्कार चयन अभियान की गुणवत्ता, कवरेज की मात्रा और उसकी पहुंच, निर्वाचन संबंधी तकनीकी जानकारी, दूरस्थ और अनूठे मतदेय स्थलों की खबरें, निर्वाचन से जुड़ी झूठी सूचनाओं को उजागर करने और जागरूकता पैदा करने वाले कार्यक्रमों पर आधारित होगा। इसके अलावा, मतदाता जागरूकता अभियान का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा, इस पर भी विचार किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो, और ऑनलाइन मीडिया के लिए प्रविष्टियों के अलग-अलग निर्देश जारी किए हैं। प्रिंट मीडिया के लिए समाचार आलेखों का संक्षिप्त विवरण, समाचारों का कुल प्रिंट क्षेत्र, और उनकी पीडीएफ कॉपी या अखबार की प्रतियां जमा करनी होंगी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए टेलीविजन और रेडियो कार्यक्रमों का विवरण, प्रसारण की अवधि, और कुल प्रसारण समय सहित अन्य जानकारियां जमा करनी होंगी। ऑनलाइन मीडिया को अपने अभियान का सारांश, पोस्ट या ब्लॉग की संख्या, और उनके प्रभाव का विवरण देना होगा।

सभी प्रविष्टियाँ 10 दिसंबर 2024 तक राजेश कुमार सिंह, अवर सचिव (संचार), निर्वाचन आयोग, अशोक रोड, नई दिल्ली-11000 के पते और ईमेल उमकपं.कपअपेपवद/मबपण्हवअण्पद पर भेजी जानी है। मीडिया अवार्ड से सम्बन्धित जानकारी हेतु दूरभाष संख्या 011-23052131 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# जनहानि से बचाव के लिए गन्ना ढुलाई वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाना अनिवार्य, गन्ना आयुक्त ने जारी किये निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के गन्ना एवं चीनी आयुक्त प्रभु एन0 सिंह ने बताया कि पेराई सत्र 2024-25 प्रारम्भ होने के साथ-साथ चीनी मिलों द्वारा गन्ना खरीद का कार्य भी प्रगति पर है। चीनी मिलों का संचालन एवं गन्ना खरीद का कार्य सर्दियों के मौसम में होता है। इस दौरान ठंडक के साथ ही घना कोहरा भी छा जाता है। इस कारण सड़क पर वाहनों की दृश्यता कम होने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इन दुर्घटनाओं की सम्भावनाओं के दृष्टिगत गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले वाहनों में लाल व पीले रंगां की रिफ्लेक्टर पट्टियां लगाने संबंधी निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि सड़कों के नियमित यातायात वाहनों पर रिफ्लेक्टर अथवा पीला प्रकाश एवं बल्ब की व्यवस्था होने के कारण इनकी दृश्यता दूर से हो जाती है, किन्तु गन्ना किसानों की बुग्गी, बैलगाड़ी, ट्राली आदि में प्रायः रिफ्लेक्टर नहीं लगे होते हैं अथवा गन्ना लादने पर रिफ्लेक्टर ढक जाते हैं। जिसके कारण वाहन गन्ना लेकर अपने क्रय केन्द्रों अथवा मिल गेट पर सड़क मार्ग से गुजरते हैं तो दूर से दिखाई नहीं पड़ते। जिससे तेज गति से चलने वाले वाहनों से दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावनायें बनी रहती हैं।

इन संभावनाओं को रोकने के लिये ट्रैक्टर-ट्रालियों के दोनों कोनों पर छह-छह इंच की लाल एवं पीले रंग की फ्लोरेसेन्ट पेन्ट तथा ट्रकों के अगले एवं पिछले बम्फर पर लाल एवं पीले रंग की फ्लोरेसेन्ट पट्टियां एवं गन्ना ढुलाई हेतु प्रयुक्त बुग्गियों के पिछले हिस्से पर लोहे की पट्टी लगाते हुए उस पर लाल एवं पीले रंग के फ्लोरेसेन्ट पेन्ट लगाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने जिले के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों तथा चीनी मिल प्रबन्धन के साथ समन्वय स्थापित कर गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर पट्टी लगाये जाने का अभियान चलाया जाए और यह कार्य सीजन के दौरान दो से तीन बार किया जाए जिससे पूरे सीजन इन वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगा रहे और सड़कों पर आवागमन के समय दूर से दिखाई दे सके। यह कार्य समस्त चीनी मिलें अपने-अपने क्षेत्र में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने बताया कि परिक्षेत्रीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये हैं कि कृषकों से चीनी मिल यार्ड में मुलाकात कर उन्हें अन्य विभागीय कार्यों की जानकारी देते हुए उनसे फीडबैक भी प्राप्त करें, जिससे गन्ना कृषकों को यदि कोई व्यावहारिक समस्या आ रही हो तो उसका तत्परता से निस्तारण कराया जा सके। परिक्षेत्रीय अधिकारी पेराई सत्र के दौरान समय-समय पर उपरोक्त का अनुश्रवण भी सुनिश्चित करेंगे।

# आगरा फोर्ट रामनगर एक्सप्रेस पलटने से बची, रेल पटरी चटकी हुई मिली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** रेल पटरी चटकी होने के कारण सोमवार तड़के 15055-56 आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस पलटने से बची। सूचना मिलने के बाद कंट्रोल रूम ने ट्रेन को इज्जतनगर में रोक दिया। इंजीनियरिंग टीम ने 45 मिनट में ट्रैक को दुरुस्त किया। इसके बाद ट्रैक पर 20 किमी प्रति घंटा के कॉशन के बाद ट्रेन को इज्जतनगर से आगे रवाना किया गया।आगरा फोर्ट-रामनगर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस का सप्ताह में अप-डाउन तीन-तीन दिन संचालन होता है। रविवार राम 8:53 बजे आगरा फोर्ट से चलने के बाद यह ट्रेन सोमवार तड़के 4:04 बजे इज्जतनगर पहुंची थी। इज्जतनगर-भोजीपुरा के बीच रेलवे क्रॉसिंग संख्या 236 बी के पास ट्रैकमैन प्रेमपाल और हरीबाबू पेट्रोलिंग कर रहे थे। उन्होंने देखा कि रेल पटरी चटकी हुई है।

पटरी में करीब एक इंच की दरार थी। अगर ट्रेन यहां से गुजरती है तो हादसा हो सकता है। प्रेमपाल ने तुरंत की इसकी सूचना गेटमैन को दी। गेटमैन ने कंट्रोल रूम को अलर्ट कर दिया। इस दौरान ट्रेन इज्जतनगर स्टेशन छोड़ रही थी। रेल लाइन में फैक्चर की सूचना पर ट्रेन को रोक दिया गया।

कुछ ही देर में रेलवे की इंजीनियरिंग टीम मौके पर पहुंच गई। 45 मिनट में ट्रैक की मरम्मत करने के बाद 20 किलोमीटर प्रति घंटा के कॉशन के साथ 15055 आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस को इज्जतनगर से रवाना किया गया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि तापमान में गिरावट आने पर रेल पटरियां सिकुड़ने से इस तरह के फ्रैक्चर होते हैं। सभी रेलवे सेक्शन में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।

**खुल गया था पटरी का ज्वाइंट, एक इंच से ज्यादा गैप**

इज्जतनगर-भोजीपुरा के बीच पटरी सिकुड़ने के कारण ज्वाइंट खुल गया था। इससे पटरी में एक इंच से ज्यादा की दरार आ गई थी। जिस स्थान पर यह ट्रैक फैक्चर हुआ वहां ट्रेन की औसतन रफ्तार 60-70 किमी प्रति घंटा की रहती है। अगर फ्रैक्चर के समय आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस यहां से गुजरती तो हादसा हो सकता था। फिलहाल इंजीनियरिंग टीम ने रेलवे क्रॉसिंग संख्या 236 बी के पास 20 किमी प्रति घंटा का अस्थाई कॉशन दे दिया है।

इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि इज्जतनगर-भोजीपुरा के बीच क्रॉसिंग संख्या 236 बी के पास रेल लाइन फ्रैक्चर हुई थी। ट्रैकमैन की सूझबूझ से आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस को इज्जतनगर में कंट्रोल कर लिया गया। 45 मिनट में ट्रैक दुरुस्त करने के बाद 20 किमी प्रति घंटा के कॉशन के साथ ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

# महिला समेत व्यक्ति से साइबर ठगी, लिंक पर क्लिक करते ही युवक के खाते से कट गए 1.40 लाख रुपये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** साइबर ठगी के मामले थम नहीं रहे। साइबर ठग कमाई का लालच देकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। बरेली का युवक भी ठगों के जाल में फंस गया। लिंक पर क्लिक करते ही उसके खाते से रकम कट गई। बरेली में टास्क के जरिये रुपये कमाने के लालच में इज्जतनगर थाने के युवक ने अपनी निजी जानकारी साइबर ठगों के दिए गए लिंक पर शेयर कर दी। इसके बाद युवक के खाते से 1,40,000 रुपये निकाल लिए गए। बारादरी थाने में पीड़ित की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

धौरेरा माफी निवासी सचिन के पास व्हाट्सएप पर मेसेज आया था। मेसेज में टेलीग्राम पर टास्क पूरे करने पर रुपये देने का झांसा दिया गया। सचिन ने झांसे में आकर मेसेज के साथ भेजे गए लिंक पर अपनी खाता संख्या समेत अन्य निजी जानकारी शेयर कर दी।

इसके बाद ठगों ने सचिन के खाते से एक लाख चालीस हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। सचिन ने तत्परता से साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर शिकायत की तो इसमें से 88000 रुपये फ्रीज कर दिए गए। अब पुलिस ने बारादरी थाने में ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**मोबाइल में आया लिंक खोलते ही एक लाख उड़े**

चेकबुक जारी करने का मेसेज एक लिंक के जरिये मिला। महिला ने जैसे ही लिंक खोलकर देखा तो उनके खाते से एक लाख रुपये कट गए। साइबर क्राइम पोर्टल पर महिला ने शिकायत दर्ज कराई। अब महिला ने बारादरी थाने में भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। कालीबाड़ी की नीतू उर्फ नितेश ने चेकबुक के लिए बैंक में आवेदन किया था।

# वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान अब उत्तर प्रदेश राज्य कर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के रूप में जाना जायेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य कर विभाग के प्रशिक्षण संस्थान का नाम वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान से परिवर्तित करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य कर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान किये जाने की राज्यपाल महोदय ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब यह संस्थान उत्तर प्रदेश राज्य कर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के नाम से जाना जायेगा। यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव, राज्य कर एम० देवराज ने बताया कि प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से परस्पर संवाद कर उनके प्रशिक्षण को और अधिक उन्नत बनाने, करापवंचन को रोकने तथा राजस्व प्राप्ति के नये स्त्रोतों को खोजने हेतु संस्थान में शोध किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में आयुक्त, राज्य कर द्वारा प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया, जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। इससे अधिकारियों की कार्यशैली, राजस्व प्राप्ति, करापवंचन को रोकने में सुधार होगा।प्रमुख सचिव ने बताया कि राज्य कर विभाग का उत्तर प्रदेश के विकास एवं राजस्व संग्रह में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश के कुल राजस्व का एक बड़ा भाग केवल राज्य कर विभाग द्वारा प्राप्त किया जाता है। माननीय मुख्यमंत्री जी के संकल्प, कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य की प्राप्ति की दृष्टि से भी यह विभाग महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने बताया कि राज्य कर विभाग के अधिकारियों को मिलने वाली आधारभूत, व्यवसायिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को और उन्नत बनाने के उद्देश्यो से प्रयागराज जनपद में अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल की स्थापना सन् 1931 में की गयी थी। जिसे वर्तमान में स्थानांतरित करते हुए विभूति खण्ड गोमतीनगर लखनऊ में स्थापित किया गया है।

# बरेली में फिर गोलीकांड,परिवार पर घातक हमला, सरेआम फायरिंग से तीन घायल, एक की हालत नाजुक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (आशु बेग)।** शहर के बारादरी थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। होली दहन स्थल के पास पारिवारिक रंजिश के चलते हुई सरेआम फायरिंग और मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

**घटना को अंजाम देने वाले भाजपा के बड़े नेता के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं**

**क्या है मामला ?**

रविवार शाम करीब 7 बजे लखन राठौर बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह होली दहन स्थल के पास पहुंचे, सौरभ राठौर, टिंकू राठौर और अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। लखन ने किसी तरह वहां से भागकर अपने भाई प्रेमपाल के घर पहुंचकर जान बचाई। इसके बाद लखन, उनके भाई सूरज और



प्रेमपाल स्कूटी लेने घटनास्थल पर गए। वहां पहले से घात लगाए बैठे 10-12 हमलावरों ने लाठी-डंडों और अवैध हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। फायरिंग के दौरान लखन राठौर, सूरज राठौर और प्रेमपाल राठौर को गोलियां लगीं।

**गोलियों से घायल, अस्पताल में भर्ती**

घटना में प्रेमपाल राठौर को पेट में गोली लगी, जिससे उनकी आंतें बाहर आ गईं। उन्हें तत्काल रामकिशोर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, लखन राठौर और सूरज राठौर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**रीना सिंह ने लगाए गंभीर आरोप**

घटना के बाद पीड़ित लखन राठौर की पत्नी रीना सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने सौरभ राठौर, टिंकू राठौर, रजत राठौर, शिवम राठौर, आकाश राठौर और उनके अन्य साथियों को नामजद करते हुए आरोप लगाया कि यह हमला जान से मारने की नीयत से किया गया था।

रीना सिंह ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी हैं और इन पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बीते साल भी उनके परिवार पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसकी एफआईआर बारादरी थाने में दर्ज है।

**पुलिस जांच में जुटी**

घटना की जानकारी मिलते ही बारादरी पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर मामला दर्ज कर लिया है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

**क्षेत्र में दहशत का माहौल**

घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इस गंभीर वारदात ने शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर वहां शिक्षा के स्तर को जाना, साफ सफाई की व्यवस्था को जांचा, मध्यान्ह भोजन को चेक किया। बच्चों से किताब पढवाई व शिक्षा संबंधी सवाल पूछे। अध्यापकों व बच्चों की उपस्थिति का भौतिक सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने के लिए अध्यापकों को निर्देशित किया तथा मध्यान्ह भोजन मेनू के अनुसार ना बनने होने पर अपनी नाराजगी व्यक्ति।

**मध्यान्ह भोजन मेनू के अनुसार न होने पर डीएम ने व्यक्ति की नाराजगी**

जिलाधिकारी ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय सराय नाहर खा नंबर एक का निरीक्षण किया। जिसमें पंजीकृत 52 बच्चों में से 32 बच्चे उपस्थित पाए गए। प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। शिक्षामित्र आकस्मिक अवकाश पर थी। उन्होंने सराय नाहर खान नंबर 2 का निरीक्षण किया। जिसमें पंजीकृत 25 बच्चों के सापेक्ष 14 उपस्थित पाए गए। प्रधान अध्यापिका चिकित्सा अवकाश पर थी। वहीं ऊपर पारा नगर क्षेत्र प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत 50 बच्चों के सापेक्ष 19 उपस्थित पाए गए तथा प्रधानाध्यापिका उपस्थित मिली। लालपुल नगर क्षेत्र बदायूं में पंजीकृत 43 बच्चों के सापेक्ष 24 उपस्थित पाए गए तथा प्रधानाध्यापिका उपस्थित मिली। जिलाधिकारी ने बच्चों की कम उपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्ति की। उन्होंने उपस्थिति अध्यापकों से कहा कि बच्चों की शत प्रतिशत



उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए यूनिफॉर्म व अन्य निशुल्क सामान बच्चों के पास उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा तथा मध्यान्ह भोजन को मेनू के अनुसार बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, इनकी स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों पर बच्चों का सर्वप्रथम अधिकार है। उन्होंने बच्चों से शिक्षा संबंधी सवाल पूछे व किताब पढवाई। उन्हें शिक्षा का स्तर अपेक्षाकृत कम नजर आया। जिस पर उन्होंने अध्यापकों से मन लगाकर बच्चों को पढ़ाने के लिए कहा। इस अवसर पर अध्यापक व बच्चे मौजूद रहे।

# हेलीकॉप्टर से आया दूल्हा, निकाह में हुई देर,दुल्हन बिना लिए ही पायलट ले उड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** शादी को यादगार बनाने के लिए दूल्हा हेलीकॉप्टर से आया। दुल्हन की विदाई भी हेलीकॉप्टर से होनी थी, लेकिन निकाह में देरी हो गई। इसके चलते पायलट हेलीकॉप्टर ले उड़ा।





बदायूं के एक मैरिज लॉन में निकाह के बाद दुल्हन की विदाई हेलीकॉप्टर से होनी थी, लेकिन निकाह पढ़े जाने में देर हो गई। इसके चलते हेलीकॉप्टर बिना दुल्हन को लिए उड़ गया। बाद में लड़का पक्ष ने जिस कंपनी से हेलीकॉप्टर बुक किया था, उस कंपनी को फोन करके नाराजगी व्यक्त की। कुंवरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी शहर के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती से तय हुई थी। शादी तय होने के दौरान ही तय हुआ था कि दुल्हन हेलीकॉप्टर से विदा होगी। युवक ने तय अनुसार रविवार को हेलीकॉप्टर अपने गांव में बुलाया। इसके बाद दुल्हा हेलीकॉप्टर से शहर मैरिज लॉन में पहुंच गया। बरात दोपहर में दो बजे पहुंची। इसके बाद निकाह कार्यक्रम में देर हो गई। हेलीकॉप्टर शाम को चार बजे तक बुक किया गया था। ऐसे में चार बजे बाद हेलीकॉप्टर के चालक ने बिना दूल्हे और दुल्हन को लिए ही उड़ान भर दी। चालक का कहना था कि शाम हो गई है और मौसम खराब है। ऐसे में ज्यादा देर हुई तो उड़ान नहीं भर पाऊंगा। इसी के चलते अब जाना होगा। बाद में दूल्हा अपनी दुल्हन को कार से विदा कराकर ले गया।

# नारायण सेवा समिति द्वारा कराई जाएगी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** श्री नारायण सेवा समिति द्वारा "सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता" का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए नगर क्षेत्र के समस्त विद्यालयों को पत्रक प्रेषित किए जा चुके हैं । संपूर्ण प्रतियोगिता को कक्षानुसार चार से बारह तक चार वर्गों--प्रथम वर्ग कक्षा 4 5; द्वितीय वर्ग कक्षा 6,7 व 8; तृतीय वर्ग कक्षा 9 व 10 तथा चतुर्थ वर्ग कक्षा 11 व 12 में विभक्त किया गया है । इस वर्ष कक्षा 4 से 8 की प्रतियोगिता दि. 15 दिसंबर'24 तथा कक्षा 9 से 12 की प्रतियोगिता 22 दिसंबर'24 को नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर होगी ।

इस बार सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पाठ्यक्रम के रूप में प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग पाठ्य सामग्री तैयार की गई है । कक्षा 9 व 10 तथा 11 व 12 के वर्ग के लिए अलग-अलग पाठ्य पुस्तकें निर्धारित हैं । प्रश्न पत्रों का प्रारूप बहुविकल्पीय उत्तर पद्धति पर आधारित होगा । कक्षा चार से आठ में 50 प्रश्नों का तथा कक्षा 9 से 12 में 100 प्रश्नों का प्रश्न पत्र होगा । विद्यालय स्तर पर सूची में नाम लिखाने या प्रविष्टि फॉर्म भरने की अंतिम तिथि कक्षा चार से आठ के लिए 11 दिसंबर' 24 तथा कक्षा 9 से 12 के लिए 18 दिसंबर' 24 है । यह जानकारी समिति के प्रबंधक हरीश कठेरिया एडवोकेट द्वारा दी गई ।

# सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में हुआ सम्मान समारोह आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के महाजन मोहल्ला स्थित लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य एवम छोटेलाल कॉलोनी निवासी जगभान सिंह की पौत्री लेफ्टिनेंट कर्नल ओजश्वनी का अभिनंदन जयघोष के साथ किया गया।जगभान सिंह ने बताया कि उनके पुत्र सुधीर कुमार सिंह सेना में सूबेदार मेजर रह चुके है।उन्ही की प्रेरणा से बेटी ने सैनिक स्कूल से शिक्षा ग्रहण करके लॉफ्टिनेंट कर्नल तक का सफर तय किया।मुख्य अतिथि डॉ टीएस पाल ने कहां की बच्चों को अग्रसित करने और प्रेरणा प्रदान करने के लिए माता पिता के संस्कार ही प्राथमिकता पर होते है।जिनके परिवार में राष्ट्र सेवा की भावना हो उनको आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता।यहां उपस्थित भैया बहन ओजश्वनी को प्रेरणा स्त्रोत मानकर निश्चित ही अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करेंगे।नन्हे मुन्ने भैया बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष आमोद वार्ष्णेय, प्रबन्धक सुरेंद्र रस्तोगी,कोषाध्यक्ष आईपीएस चौहान ,सदस्य कुलदीप वार्ष्णेय एवम स्टाफ ने ओजश्वनी का फूलमाला,शॉल,प्रतीक चिन्ह से अभिनंदन करके मिष्ठान वितरित किये।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य अरुण विपिन शर्मा ने किया। स्टाफ राजवीर सिंह,आनंद पाल, कुसुमाकर,दीप्ति वार्ष्णेय, रुचि,अंजना एवं प्रिया शर्मा आदि उपस्थित रहे।





## खनन

### तेज रफ्तार, उड़ती धूल, परेशान राहगीर-परिवहन विभाग व पुलिस प्रशासन इन सबसे दूर

# मानक को ताक में रखकर,चल रहे है खनन के ट्रेक्टर व डंपर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जनपद में रात और दिन धड़ल्ले से हो रहा है खनन फिर चाहे परमीशन का है या फिर दबंगता वाला,खैर इस की कोई बात नही यह तो बात आम हो चुकी है इस पर कोई अधिकारी विशेष ध्यान नही देता क्योंकि कही अपने खास होते हैं,कही जान पहचान निकल आती है तो कही राजनीति यह एक मजबूरी की बात है चलिए आम जनता का इससे कोई लेना-देना नहीं।

**मुख्य बात तो यह है**

लिंक व हाय वे पर सरपट दौड़ रहे है डंपर व ट्रेक्टर जो कि ओवर लोड मिट्टी भर कर हाई स्पीड पर दौडते है फिर चाहे वो जिलाधिकारी आवास व कार्यालय हो या फिर पुलिस अधीक्षक का आवास या कार्यालय इन सभी के सामन से हाईस्पीड से धूल उड़ाते जाते है परन्तु परिवहन विभाग हो या फिर पुलिस विभाग हो इस पर सभी महरवान नजर आ रहे है क्योंकि इन पर न किसी की नजर है न कोई कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

**मानक क्या है**

वाहन के दस्तावेज पूर्ण होने चाहिए।वाहन चालक के पास लाइसेंस होना अनिवार्य है।

वाहन की गति सीमा तय हो। जिस वाहन से मिट्टी की ढुलाई की जा रही हो उस मिट्टी को त्रिपाल से ढक कर ले जाना चाहिए।

वाहन में ओवर लोड मिट्टी नही होनी चाहिए।



मानक को ताक में रख कर की जा रही है मनमानी क्योंकि जब

संइया कोतवाल तो डर काहे को

विभाग की क्या मजबूरी है जो इन वाहनों पर नही हो रही कार्रवाई, मिट्टी से भरे वाहन जब तेज रफ्तार से धूल उड़ाते हुए दौड़ते है तो उनके पीछे बाले वाहन चालकों की आंखों में मिट्टी भरने से आये दिन बह दुर्घटना का शिकार हो रहे है, जनपद में खनन के वाहनों ने मां के लालों को छीना है, बहनों के भाईयों को, पत्नी के सुहाग को और बच्चों के पिताओं को परन्तु सोया हुआ सिस्टम आज तक नही जागा।

**क्या इसको संभल का दुर्भाग्य समझे**

# विभागीय गतिविधि के अन्तर्गत 'साहित्यिक प्रतिभा खोज' प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के संभल गेट स्थित एन.के.बी.एम.जी.डिग्री कालेज में हिंदी विभाग के तत्वावधान में विभागीय गतिविधि के अन्तर्गत 'साहित्यिक प्रतिभा खोज' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्या प्रो.अलका रानी अग्रवाल ने माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया । हिंदी विभाग प्रभारी प्रो.स्नेहलता पाण्डेय एवं शिक्षिका डॉ.रंजना अग्रवाल के दिशानिर्देशन में कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर विभा सिंह ने किया।



कार्यक्रम के निर्णायक मंडल मे प्रो.अर्चना कुमारी एवं प्रो.रंजना अग्रवाल संस्कृत विभाग रही।प्रतियोगिता में समूह-क की छात्राएँ विजेता रही एवं उपविजेता समूह- ख की छात्राएँ रही। कार्यक्रम के अंत मे विभाग प्रभारी प्रो.स्नेहलता पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय की अन्य शिक्षिकाएँ प्रो.सुमिता शर्मा,डॉ राका शर्मा ,प्रो. दीपा पाठक,डॉं मोनिका राघव डॉ.बबिता डॉ.शीतल यादव आदि शिक्षिकाएँ उपस्थित रही।

# शोभित मिश्रा हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाओ महाअभियान के लखनऊ जिलाध्यक्ष मनोनीत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गोसाईंगंज, लखनऊ।** हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाओ महाअभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अभियान प्रमुख ललितकान्त पाण्डेय के अनुसार वह देश की एकता को मजबूत करने की सोच के आधार पर हिन्दी को राष्ट्रभाषा का स्थान दिलाने के लिए विगत पाँच वर्षों से महाअभियान चला रहे हैं। जिसमें कई सक्रिय लोगों को संगठन में उनके कार्यों के अनुरूप दायित्व सौंपे जा रहे हैं। इसी क्रम में सेक्टर-1 फेज-1 एल्डिको कॉलोनी



बंगला बाजार लखनऊ के रहने वाले आचार्य पण्डित शोभित मिश्रा को लखनऊ के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत कर अभियान का सहयोगी बनाया जा रहा है। मनोनीत किये गए जिलाध्यक्ष शोभित मिश्रा ने कहा कि हम हिन्दी को राष्ट्रभाषा का स्थान दिलाने के मिशन को सफलता तक पहुंचाने में अपना हर सम्भव सहयोग प्रदान करेंगे।वहीं शोभित मिश्रा को इस अभियान का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर सिद्धार्थ मिश्रा अथर्व सौम्या तृप्ति सहित शुभ्र ज्योतिष ग्रुप के सदस्यों ने हर्ष प्र6 करते हुए उन्हें बधाई दी।

# खो-खो विश्व कप प्रशिक्षण शिविर अगले महीने होने वाले खो-खो विश्वकप के लिए मंगलवार से शुरू होगा प्रशिक्षण शिविर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में अगले महीने होने वाले खो खो विश्वकप के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 10 दिसंबर मंगलवार को प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में शुरू होगा।

जिसमे देश भर से चुने गए 60 लड़कियों और 60 लड़कों को टीम भावना विकसित करने , कौशल बढ़ाने, मानसिक मजबूती,अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । इस शिविर अनुभवी और नए युवा प्रतिभाशाली खिलाडियों को खेल विषेशज्ञों द्वारा पोल डाइविंग ,टैपिंग ,जिग जैग रनिंग ,डाजिंग टैपिंग आदि खो खो खेल की बारीकियां सिखाई जाएँगी। भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष श्री सुधांशु मित्तल ने आज यहां बताया कि खो खो विश्वकप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा इस प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के आधार पर खो खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 लड़कों और 15 लड़कियों की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा जोकि विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह 13 से 19 जनवरी, 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाले खो खो विश्व कप के लिए उनकी अंतिम तैयारियों की शुरूआत है। भारतीय राष्ट्रीय टीम मुख्य कोच अश्विनी शर्मा की देखरेख में एक महीने तक यह फिटनेस और प्रशिक्षण शिविर चलेगा।इसमें खिलाड़ियों की चपलता और तकनिकी पर फोक्स होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर के पुरुष और महिला वर्ग दोनों के साठ साठ प्रतिभाशाली खिलाड़ी, अनुभवी और नए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। जहाँ खिलाड़ी बिजली की तरह तेज रिफक्स, सटीक मूवमेंट और सहज समन्वय की तकनीक सीखेंगे।

यह शिविर खिलाड़ियों को एक टीम के रूप में एक-दूसरे के साथ मिलकर कैसे मुकाबला जीता जाता है यह सीखने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि विश्व कप के लिए अंतिम टीमों का चयन प्रशिक्षण शिविर के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। लगभग 16 कोच और सहायक कर्मचारी खिलाड़ियों को इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी में



सहायता करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में समन्वय, खेल अभ्यास, तकनीक, पोल डाइविंग और टैपिंग जैसे पीछा करने के कौशल, डोजिंग और जिग जैग रनिंग जैसे रनिंग कौशल आदि में विशेष प्रशिक्षण के साथ फिटनेस के स्तर को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों के लिए केकेएफआई ने खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए एक खेल मनोवैज्ञानिक को भी नियुक्त किया है। वह खिलाड़ियों को चुनौतियों का सामना करने, दबाव को रोकने और मानसिक थकान से निपटने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि योग, ध्यान, आहार विशेषज्ञ और फिजियोलॉजी जैसे विभिन्न विषयों के प्रसिद्ध विशेषज्ञ खिलाड़ियों के प्रदर्शन, मानसिक दृढ़ता और स्वास्थ्य को अनुकूलित करने के लिए टीम भावना, सहयोग और आपसी समझ पैदा करने के लिए प्रशिक्षण शिविरों के दौरान विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। श्री सुधांशु मित्तल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरूआत से पहले दो दिनों के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था जवाहर लाल नेहरू साई छात्रावास में की जाएगी जो प्रशिक्षण शिविर स्थल से 100 मीटर की दूरी पर है। सभी खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास सुविधा तथा 20,000/-(बीस हजार रुपये) मूल्य की खेल किट उपलब्ध कराई जाएगी। खिलाड़ियों के पोषण का विशेष प्रबंध किया गया है तथा प्रशिक्षण शिविर में उन्हें आहार, सूखे मेवे, जूस, शाकाहारी तथा मांसाहारी भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

# दिल्ली पुलिस के जवान ने 60 वर्षीय महिला को जान जोखिम में डालकर आग की चपेट से बचाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली ( ऐजाज अली)।** राजधानी दिल्ली में बिल्डिंगों में और रेस्तरां में आग लगने का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कुछ महीना पहले गर्मियों के मौसम में इलेक्ट्रिक वायर के गर्म होने के कारण शॉर्ट सर्किट हो जाता था जिसकी वजह से दिल्ली के बड़े-बड़े भवन टावरों में आग लग जाती थी।

और आए दिन आग लगने की सूचना सुर्खियां बनी रहती थी। मौसम गर्मी का जाने के बाद राजधानी दिल्ली में अभी भी आग लगने का मामला नहीं रुक रहा। जिसकी वजह से दमकल विभाग और दिल्ली पुलिस को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि ओवरलोड होने के कारण वायर गर्म हो जाते हैं जिसकी वजह से इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट होने से आग




लग रही है। इलेक्ट्रिक वायरिंग नियम अनुसार न होने से वायर मानक के रूप में इमारतों में उपयोग नहीं किया जा रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते कागजों में सब खाने पूर्ति की जाती है। तुरंत मौके की स्थिति कुछ और ही होती है जिसके कारण दिल्ली प्रदेश में आज की घटनाएं बढ़ रही है।

यही कारण हुआ कि दिल्ली के राजौरी गार्डन के जंगल जंबूरी रेस्तरां में भीषण आग लग गई है। आग इतनी भयावह है कि दमकल विभाग के दस वाहन मौके पर पहुंच गए हैं।

परंतु समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया गया था। दिल्ली पुलिस ने एक 60 वर्षीय महिला को आग की चपेट से अपनी जान जोखिम में डालकर बचाया है।

# जान लेने की हद तक अंधा होता प्यार, गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात करते हुए कानपुर में फांसी पर झूला युवक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** प्रेम प्रसंग को लेकर अक्सर होने वाली आत्महत्या की घटनाओं के संदर्भ में शायद यह भी कहा जा सकता है कि प्यार ऐसा वैसा नहीं बल्कि जान लेने की हद तक अंधा होता है। ...और जब प्रेमी या प्रेमिका को एक दूसरे से बिछड़ने का भय होता है अथवा ऐसा हो ही जाता है तो इंसान अपनी जीवन लीला भी समाप्त कर लेने से भी नहीं चूकता।

कुछ ऐसा ही हुआ कमाई के मामले में लगभग 30 - 40 लाख सालाना टर्न ओवर वाले एक युवक के साथ जिसने प्रेमिका की कथित धोखेबाजी से दुखी होकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद उसके परिवार में कोहरा मचा हुआ है।

यह घटना नजीराबाद थाना क्षेत्र के कौशलपुरी की है जहां का रहने वाले युवक ने गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात करते हुए फांसी लगा ली। वह मेट्रोमोनियल वेबसाइट चलाता था,जिसका सालाना टर्न ओवर लगभग 30 40 लाख का था। उसकी लाश को पोस्टमॉर्टम हाउस भेजने के साथ ही नजीराबाद पुलिस परिवार के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार इस मामले में गर्लफ्रेंड के भी बयान दर्ज कराए जाएंगे।

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार कौशलपुरी नजीराबाद निवासी अर्पित सर्राफ (28) अपनी मां नीलम के साथ मिलकर मेट्रोमोनियल वेबसाइट सदगुरू के नाम से चलाते थे। वेबसाइट के जरिए अच्छा कारोबार मिल रहा था। इनके व्यापार का 25-30 लाख रुपए का टर्नओवर है। मौके पर पहुंची पुलिस को अर्पित के ममेरे भाई अभिनव ने बताया- अर्पित किसी गर्लफ्रेंड से बात करता था। दोनों के बीच अच्छे संबंध थे। दोनों घूमने-फिरने भी जाते थे।

ममेरे भाई अभिनव ने पुलिस को यह भी बताया कि बताया कि अर्पित की गर्लफ्रेंड के जीवन में कोई और आ गया था। इसके बाद वो अर्पित से दूर रहने लगी थी।

उससे बातचीत कम कर दी थी और ब्रेकअप की बात करती थी। इसी को लेकर दोनों के बीच वीडियो कॉल पर बात चल रही थी।

अभिनव के अनुसार अर्पित उसे मनाने का प्रयास कर रहा था मगर वो मान नहीं रही थी। इसी नोकझोंक में अर्पित ने वीडियो कॉल के दौरान ही मां की चुनरी से फांसी का फंदा बनाकर उससे लटक कर अपनी जान दे दी। फिलहाल पुलिस चर्चा का विषय बनी इस घटना की छानबीन कर रही है।

# ससुराल में अपमानित युवक ने घर लौटने पर की आत्महत्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गोसाईगंज,लखनऊ।** ससुराल से अपमानित होकर लौटने पर युवक ने अपने कमरे में पंखे के कुंडे से साड़ी के सहारे लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक प्राइवेट नौकरी करता था।पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक हसनापुर गांव निवासी धमानंद वर्मा ने बताया कि उसके बेटे भूपेंद्र सिंह वर्मा उर्फ अंकुल (30) रविवार की सुबह अपने मौसिया के साथ पत्नी कामिनी को लेने ससुराल बाराबंकी के चकसार गांव गया था। लेकिन पत्नी ने आने से मना कर दिया। उसे पत्नी व उसके ससुराली जनों ने अपमानित करके भगा दिया। जिसके कारण रविवार को ससुराल से घर लौटने के बाद भूपेंद्र ने कुंडे से साड़ी के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। उसका शव सोमवार



की सुबह कमरे में लटका देखा तो पिता ने गोसाईंगंज थाने आकर घटना की सूचना दी।

इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पिता की सूचना पर पत्नी कामनी ससुर प्रदीप चचिया ससुर अनिल साले अंकुश और नन्हा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तथा शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा गया। पुलिस के मुताबिक मृतक के कमरे से एक सुसाइट नोट मिला है जिसमे उसने अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी व ससुराली जनों को ठहराया है। पुलिस के मुताबिक मृतक की एक तीन साल की बेटी सिया है। मृतक की पत्नी तीन माह से मायके में है। वह उसके साथ आने को तैयार नही थी।

# कहानी वो ही सफल जो अपने कथ्य में पाठक को डुबो ले : संतोष श्रीवास्तव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय विश्वमैत्री मंच द्वारा दो कहानी ,दो समीक्षक का अभिनव आयोजन आभाषी पटल पर किया गया।

समारोह के आरंभ में मंच की दिल्ली इकाई

**अंतरराष्ट्रीय विश्वमैत्री मंच का दो कहानी- दो समीक्षक का अभिनव आयोजन**

की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार शकुंतला मित्तल ने अतिथियों एवं सदन में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों का आत्मीयता से स्वागत किया।

मंच के संस्थापक अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने कहानी के सन्दर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि - मन के अनुकूल कहानी जहन में उतरती चली जाती है। कहानी तब ही सफल मानी जाती है जब वह पाठक को पूरी तरह अपने कथ्य में डुबो ले और इसके लिए कहानी लिखते समय उसकी बुनावट और शिल्प पर ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ व्यंग्यकार रामस्वरूप दीक्षित ने कहानीकार डॉ हंसा दीप की कहानी जिन्दा इतिहास पर समग्र रूप से समीक्षा करते हुए कहा कि - कहानी में आदर्शोन्मुखी यथार्थ होना जरूरी है। आज अपने समय से तीखी मुठभेड़ करती हुई रचना की आवश्यकता है इसलिए रचनाकार की समाज के प्रति बहुत जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि शिक्षाविद एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ संदीप अवस्थी ने कहा कि कहानी का स्वरुप बदल रहा है। पाठ्यक्रमों से भी आधुनिक



परिवेश की कहानियों को शामिल करने की जरुरत पर जोर दिया जा रहा है। आपने सुनीता माहेश्वरी की कहानी विद्रोह पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि - कहानी वाचन करते समय धवनि का आरोह-अवरोह जरूरी है। मंच की मध्यप्रदेश इकाई की अध्यक्ष महिमा श्रीवास्तव वर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए, अपनी मधुर आवाज में गाने के दो बोल सुना कर, सभी से आगामी कहानी संवाद में उपस्थिति का आग्रह किया। महासचिव मुजफ्फर सिद्दीकी ने शानदार सञ्चालन करते हुवे कहा कि - जिन्दगी की कहानी कभी खत्म नहीं होती केवल पात्र बदल जाते हैं। इस कहानी संवाद में देश-विदेश से अनेक वरिष्ठ साहित्यकार अंत तक जुड़े रहे।

# वीके सक्सेना के आदेश के बावजूद नशे के व्यापार का अड्डा बना तिमारपुर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (अनिता)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के सख्त दिशा निर्देश के बाद भी थाना तिमारपुर क्षेत्र में नशे का व्यापार रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश पर संपूर्ण दिल्ली में नशे के विरुद्ध चलाई गई मुहिम में दिल्ली पुलिस का त्वरित एक्शन जारी है। उसके बाद भी तिमारपुर थाना क्षेत्र के नंदलाला झुग्गी में मादक पदार्थ का व्यापार क्षेत्रीय पुलिसकर्मियों की चोरी चुपके 24 घंटे बिक रहा है। नकली और जहरीले हरियाणा ब्रांड की नकली वाली संतरा नाम की जहरीली शराब का सेवन करने से क्षेत्र में छीन झपट और छेड़खानी जैसी घटनाएं घटती रहती हैं। क्षेत्र वासियों का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के युवाओं को शराब का आदि बनाकर शराब महंगी कर दी जिसके कारण दिल्ली में युवा पीढ़ी नकली और जहरीली सस्ती शराब पीने पर मजबूर है। इसी के चलते नशे के सेवन से जहां घरेलू हिंसा पनप रही है। अपराध में भी




बढ़ोतरी का कारण हो गया है। दिल्ली प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने प्रधानमंत्री की नशा मुक्ति भारत हो हर इंसान के मुहिम को तेज करने के लिए दिल्ली पुलिस को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं। जिस पर दिल्ली पुलिस ड्रग्स पर कई प्रकार से कार्य कर रही है जैसे की नुक्कड़ नाटक करके दिल्ली वासियों को जागरूक करना और कई प्रकार से अभियान चलाकर ड्रग्स के तस्करों को भी बराबर गिरफ्तार कर रही है परंतु उसके बाद भी कहीं ना कहीं कुछ पुलिस कर्मियों के मिली भगत के चलते दिल्ली प्रदेश में नकली और जहरीली शराब का अवैध व्यापार प्रतिदिन बढ़ने का कारण और नशेड़ियों की बढ़ती संख्या बताई जा रही है। जिसके वजह से नशे के आदि लगभग 6 महीने पहले नकली और जहरीले संतरा नाम के 200 ग्राम के पव्वे की कीमत 40 रुपए की थी नशेड़ियों की बढ़ती मांग के कारण अब शराब के इस व्यापार के व्यापारी ने संतरा नाम की शराब की कीमत 60 से ?70 प्रति पव्वा कर दी है। उप राज्यपाल के दिशा निर्देश पर पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने 6 ड्रग तस्कर गिरफ्तार किए। जिनके पास से 255.32 ग्राम स्मैक,1 weighing machine ड्रग्स सप्लाई के लिए इस्तेमाल बाइक बरामद की। वही मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त की टीम ने ड्रग्स से जुड़े 2 अलग अलग मामलों में 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया जिनके पास से 271 ग्राम हेरोइन, 65 ग्राम गांजे सहित 15,33,860 नकद बरामद किया।

# सुकृति छेत्री बनीं लुलु नीविआ ब्यूटी क्वीन-2024

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** लुलु हाइपरमार्केट द्वारा आयोजित लुलु ब्यूटी फेस्ट 2024 पॉडस और ट्रस्मी के सौजन्य से फियामा यार्डली लंदन, इंचंटर व डर्माफिक के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस प्रतियोगिता हेतु 500 से अधिक उम्मीदवारों ने ऑडिशन के लिए अपनी प्रोफाइल साझा करके अपनी भागीदारी दर्ज की, जिनमे से 50 चयनित प्रतियोगियों ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया। अलग-अलग राउंड से गुजरने के बाद, कुल 20 फाइनलिस्टों में से, "लुलु नीविआ ब्यूटी क्वीन - 2024" की विजेता सुकृति छेत्री, और "लुलु रॉयल मिराज मैन ऑफ द ईयर - 2024" का खिताब सिद्धांत तलवार ने जीता, जबकि प्रथम और द्वितीय रनर अप - फीमेल एंड मेल क्रमशः प्रिया मौर्या, प्रशांत द्विवेदी, अपेक्षा सिंह चौहान और ऋषव देव सिंह ने जीते। विजेताओं को मुख्य




अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री हषार्ली मल्होत्रा द्वारा सम्मानित किया गया। लुलु ब्यूटी फेस्ट 2024 मूल्यांकन फैशन डिजाइनर असमा हुसैन एवं बॉलीवुड अभिनेता आकर्ष अलघ द्वारा किया गया तथा कोरियोग्राफी का श्रेय समीर श्रीवास्तव को जाता है। नोमान अजीज खान - महाप्रबंधक लुलु हाइपरमार्केट - लखनऊ ने कहा कि लुलु हाइपरमार्केट ने गर्व के साथ एक अभूतपूर्व कार्यक्रम सम्पन्न किया, जिसने न केवल सौंदर्य उद्योग में नवीनतम रुझानों को प्रदर्शित किया, बल्कि समुदाय की भावना को भी बढ़ावा देते हुए शहर में सशक्तिकरण की भूमिका भी निभाई जिससे लखनऊ शहर में नयी प्रतिभा को नए अवसर मिलें।

**स्वस्थ महाकुम्भ** महाकुम्भ में नेत्र रोगियों को मिलेगी सुविधा, मेला क्षेत्र के सेक्टर 6 में स्थापित हो रहा नेत्र कुम्भ ,नेत्र कुम्भ में आने वाले मरीजों को जांच के बाद ऑपरेशन के लिए रेफर कर सकेंगे डॉक्टर्स

# महाकुम्भ में होगी आंखों की जांच, घर के पास पसंद के अस्पताल में करा सकेंगे ऑपरेशन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**महाकुम्भनगर।** तीर्थराज प्रयागराज में संगम के पावन तट पर 13 जनवरी 2025 से शुरू हो रहे दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुम्भ में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगाने के लिए जुटने वाले हैं। योगी सरकार की ओर से इन श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के साथ ही उनके स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में महाकुम्भ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के नेत्रों (आंखों) के स्वास्थ्य को लेकर भी यहां नेत्र कुम्भ की स्थापना की जा रही है। 9 एकड़ में बन रहे इस नेत्र कुम्भ में पहली बार एक साथ 5 लाख से ज्यादा लोगों की आंखों की जांच और 3 लाख चश्मों के वितरण का दावा किया जा रहा है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि यहां जांच कराने वाले ऐसे नेत्र रोगियों को जिन्हें ऑपरेशन की आवश्यकता है, उन्हें उनके घर के पास स्थित नेत्र चिकित्सालय में निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए नेत्र कुम्भ की ओर से देश भर के 150 से ज्यादा अस्पतालों के साथ करार किया गया है। यानी रोगी अपनी आंखों की जांच महाकुम्भ में आकर कराएंगे और ऑपरेशन अपने घर जाकर।

**150 अस्पतालों के साथ किया करार**

नेत्र कुम्भ की आयोजन कमेटी के अध्यक्ष कवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस महाकुम्भ में पहली बार ये व्यवस्था की जा रही है कि डॉक्टर्स जिस मरीज को भी ऑपरेशन के लिए रेफर करेंगे, वह अपने जिले या घर के करीब स्थित अस्पताल में जब चाहे ऑपरेशन करा सकता है। ऐसे मरीजों को डॉक्टर निरीक्षण के बाद एक एक रेफरल कार्ड देंगे, जिसकी एक कॉपी संबंधित अस्पताल को जाएगी और दूसरी कॉपी नेत्र कुम्भ की आयोजक संस्था 'सक्षम' के कार्यकर्ता को जाएगी। इसके बाद सक्षम कार्यकर्ता या मरीज कोऑर्डिनेट करके अपने रहने के स्थान पर सुविधानुसार निशुल्क ऑपरेशन सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मरीजों के ऑपरेशन के लिए देश भर के 150 छोटे-बड़े अस्पतालों को इम्पैनल किया गया है। संबंधित मरीज मेले के दौरान या मेले के बाद भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। अनुमान है कि नेत्र कुम्भ से 50 हजार लोगों को ऑपरेशन कार्ड प्रदान किए जा सकते हैं।

**5 लाख लोगों की आंखों की जांच का बनेगा रिकॉर्ड**

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इसमें देश भर से करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं। उनकी सुविधा को देखते हुए इस नेत्र चिकित्सा महायज्ञ का नेत्र कुम्भ के रूप में आयोजन किया जा रहा है। इस नेत्र कुम्भ में



भारतीय सेना के डॉक्टर भी अपनी सेवाएं निःशुल्क देंगे। यहां आने वाले मरीजों को निशुल्क निरीक्षण के साथ ही निशुल्क दवाएं और निशुल्क जलपान की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि नेत्र कुम्भ का आयोजन पहली बार 2019 में किया गया था। तब से लेकर अब इसके स्केल में दोगुना से अधिक वृद्धि हो चुकी है। 2019 कुम्भ के दौरान 1.5 लाख लोगों को चश्मा और 3 लाख लोगों की जांच के साथ हमने लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान बनाया था। इस बार यह नेत्र कुम्भ पिछले रिकॉर्ड को भी तोड़ने जा रहा है। संख्या की दृष्टि से यह भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी किसी आयोजन में नेत्र रोगियों की जांच और चश्मा वितरण का सबसे बड़ा रिकॉर्ड होगा। इस आयोजन में हमारी सहयोगी संस्थाओं के साथ ही मेला प्रशासन की ओर से भी योगदान दिया जा रहा है।

**प्रतिदिन 40 डॉक्टर्स की टीम रहेगी मौजूद**

नेत्र कुम्भ की मीडिया को-ऑर्डिनेटर डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने बताया कि इस नेत्र कुम्भ का आयोजन सेक्टर 6 में स्थित नागवासुकि मंदिर के सामने मेला क्षेत्र में होने जा रहा है। इसका उद्देश्य जागरूकता के अभाव में बड़ी संख्या में आंखों की रोशनी खोने वालों की मदद करना है। नेत्र कुम्भ 12 जनवरी से मेला क्षेत्र में शुरू होगा, जो 26 फरवरी तक प्रतिदिन (प्रमुख स्नान पर्व को छोड़कर) चलता रहेगा। इसमें नेत्र संबंधित समस्याओं से ग्रसित लोग आ सकते हैं और यहां पूरी व्यवस्था निशुल्क रहेगी। करीब 150 डॉक्टर्स बाहर से आकर यहां पर अपनी सेवाएं देंगे, जबकि करीब 400 डॉक्टर्स यहां 45 दिन तक उपस्थित होंगे। इनमें प्रति दिन 40 डॉक्टर्स ओपीडी का हिस्सा बनेंगे। वहीं 500 से ज्यादा ऑप्टोमेट्रिस्ट रहेंगे, जिनमें 100 प्रतिदिन सेवाएं प्रदान करेंगे। कुल मिलाकर प्रतिदिन 200 डॉक्टर्स, ऑप्टोमेट्रिस्ट और अन्य वालंटियर्स नेत्र रोगियों की सेवा में मौजूद रहेंगे। नेत्र ओपीडी सुबह 8 बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगी, जिसे बढ़ाकर शाम 4 बजे तक किया जा सकता है।

# मुरादाबाद मंडल में हज यात्रा 2025 के लिए 4420 यात्रियों का हुआ चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मंडल से हज यात्रा पर जाने के लिए 4,420 यात्रियों का चयन हुआ है। मुरादाबाद मंडल में सबसे अधिक लोग जनपद मुरादाबाद के हैं। जबकि दूसरे स्थान पर रामपुर से 966 का चयन किया गया है। हज यात्रा के लिए पहली किस्त जमा करनी की आखिरी तारीख 11 नवंबर थी। जबकि दूसरी किस्त जमा करने की आखिरी तिथि 16 दिसंबर तय की गई है। वहीं तीसरी किस्त की धनराशि का निर्णय हवाई यात्रा का किराया और सऊदी अरब में होने वाले खर्च के बाद लिया जाएगा। हज यात्रा 2025 की तैयारी आखिरी दौर में है। हज सफर के लिए मंडल में 4420 यात्रियों का चयन किया गया है। जिला हज प्रशिक्षक मुहम्मद अली ने बताया कि मुरादाबाद में सबसे ज्यादा और संभल से सबसे कम लोग हज का सफर करेंगे। केंद्रीय हज कमेटी ने पहली किश्त में हर यात्री को 1,30,300 रुपये जमा करने के निर्देश दिए हैं। जबकि दूसरी किस्त के रूप में 1,42,000 रुपये जमा करने होंगे। यह राशि 16 दिसंबर तक आनलाइन या स्टेट बैंक आफ इंडिया और यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखाओं में जमा की जा सकती है। हज 2025 के लिए प्रदेश से 15457 हज यात्रियों ने आवेदन किया था।, जिसमें जनपद संभल से 513, - मुरादाबाद से 1758, रामपुर से 966, बिजनौर से 635 तथा अमरोहा से 548 लोगों ने हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन किया है।

# डिजिटल युग में भी किताबें अनमोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में टीएमयू के केन्द्रीय पुस्तकालय और तरूण बुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित पुस्तक मेले में तीर्थकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेन्टर के डीन प्रो. एसके जैन, यूनिवर्सिटी की पुस्तकालयाध्यक्षा डॉ. विनीता जैन और फिजियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. जयवल्लभ कुमार की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के 150 से अधिक स्टुडेंट्स ने पुस्कत मेले की विजिट की। पुस्तक मेले में देश-विदेश के जाने-माने शैक्षिक प्रकाशनों जैसे- एल डब्ल्यू डब्ल्यू, एल्सेवियर, सीआरसी, रूटलेज, विली, स्प्रिंगर, सीबीएस, आर्या आदि की नवीनतम संस्करणों की पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। मेडिकल के डीन प्रो. जैन ने कहा कि डिजिटल युग में भी किताबें अनमोल हैं। अध्ययन के लिए प्रकाशित पुस्तकों का अपना विशेष स्थान है। उन्होंने इसे मेडिकल साइंस के स्टुडेंट्स के लिए बहुत उपयोगी बताते हुए कहा, वह एक ही स्थान पर अपने विषयों से सम्बन्धित नई पुस्तकों के साथ-साथ पूर्व की पुस्तकों के नवीनतम संस्करण को भी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।




# विद्यालयों और मदरसों में मनाया गया" अपार दिवस"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील एवं जनपद के कक्षा एक से 12 तक के सभी विद्यालयों और मदरसों में सोमवार को अपार दिवस मनाया गया यह दिवस मंगलवार को भी मनाया जाएगा । बीएसए विमलेश कुमार के अनुसार छात्रों को विशेष पहचान देने के लिए शिक्षा विभाग की ओर छात्रों का विशेष कोड तैयार कराया जा रहा है। इस पहचान का नाम अपार आईडी दिया गया है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों की अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके तहत छात्रों को 12 अंक का यूनिक नंबर दिया जाएगा। इस नंबर के माध्यम से छात्रों की शैक्षिक प्रगति यू-डायस पोर्टल पर अपलोड होगी। तहसील क्षेत्र के अनेक विद्यालयों में यह दिवस मनाया गया।

# वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट ओपी रोड़ा नहीं रहे, लोकोशेड मोक्ष धाम पर हुआ अंतिम संस्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद निवासी वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट 80 वर्षीय ओपी रोड़ा का रविवार को निधन हो गया। वह दो महीने से अस्वस्थ चल रहे थे। रविवार को रात 8:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। ओपी रोड़ा वर्ष 1972 से दैनिक जागरण में फोटो जर्नलिस्ट के रूप में उन्होंने अपनी सेवाएं दीं। फोटोग्राफर एसोसिएशन उप्र मुरादाबाद डिवीजन के अध्यक्ष भी रहे। वह अपने पीछे भतीजे संजीव रोड़ा, भतीज बहू महिमा रोड़ा व पौत्र आयुष रोड़ा को छोड़ गए हैं। सोमवार को दोपहर एक बजे उनका अंतिम संस्कार लोकोशेड मोक्षधाम पर किया गया' उनके निधन पर प्रेस क्लब कांठ के अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, संरक्षक ओमवीर सिंह बिश्नोई, पूर्व अध्यक्ष आर के कश्यप, तनवीर आलम, केहर सिंह देवल, संजय यादव, खालिद हक्कानी,भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई आदि लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# महाकुंभ- 2025 में सी0एस0आर0 फंड से मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने हेतु परिवहन निगम ने कम्पनियों/संस्थाओं को भेजा प्रस्ताव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** परिवहन मंत्री के निर्देश पर महाकुंभ-मेला 2025 में निर्मित अस्थायी बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के दृष्टिगत सी0एस0आर0 फंड से व्यवस्था कराने के संबंध में प्रबंध निदेशक परिवहन निगम ने प्रमुख कम्पनियों/संस्थाओं को पत्र भेजा है। सी0एस0आर0 फंड से वाटर ए0टी0एम0, थीमैटिक प्रवेश द्वार, पूछताछ डिस्प्ले, यात्री बैंच, मेगाफोन, डस्टबिन अलाव कंबल, गद्दे, साइनेज एव गमले की व्यवस्था कराये जाने का प्रस्ताव भेजा है। एम0डी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एस0डी0एफ0सी0 बैंक, इंडियन बैंक, पी0एन0बी0, कोटक महिंद्रा, इंडियन ऑयल, सेन्ट्रल बैंक जैसे संस्थाओं/ कम्पनियों को पत्र लिखकर महाकुंभ आने वाले स्नानार्थियों के लिए उक्त सुविधायें मुहैया कराये जाने का प्रस्ताव भेजा है।

# साक्षी चंदौसी स्टार ने की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के फुव्वारा चौक स्थित महिंद्र रेस्टोरेंट में साक्षी सेवा समिति संभल उत्तर प्रदेश की शाखा साक्षी चंदौसी स्टार के तत्वधान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ साक्षी सेवा समिति संभल उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा द्वारा गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सचिव रेनू शर्मा ने साक्षी चंदौसी स्टार द्वारा वर्ष 2024 में किए गए सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही वर्ष 2025 की कार्यकारणी का चुनाव भी किया गया। समस्त सदस्यों की सहमति से वर्ष 2025 में साक्षी चंदौसी स्टार के अध्यक्ष पद पर रेनू शर्मा का चयन किया गया। सचिव पद पर बबिता बिंदल को, कोषाध्यक्ष पद पर विजयलक्ष्मी यादव , उपाध्यक्ष आंतरिक छवि रस्तौगी, उपाध्यक्ष बाह्य निधि गुप्ता,सह सचिव गीतांजलि मदान डायरेक्टर पद पर वर्षा सिंधी,शालिनी गोयल,रजनी रस्तौगी,सुनीता शर्मा,भावना सिंह, दयमंती सिंह,सलोनी रस्तौगी, आरोही शर्मा चुनी गई।



# संगठन पर्व सत्यापन अधिकारी ने भाजपा कार्यालय पर सक्रिय सदस्यों की सूची को किया चस्पा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद, (आशा चौधरी)।** संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत भाजपा के सक्रिय सदस्यों की सूची को भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं विधायक संजीव शर्मा ने सत्यापन अधिकारी मुकेश सिंघल पूर्व अध्यक्ष मेरठ महानगर के साथ सत्यापित कर भाजपा के नेहरू नगर स्थित जिला महानगर कार्यालय पर अंतिम रूप दिया और सूची को चस्पा कराने का काम किया।

पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश के क्रम में बैठक में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला महानगर सत्यापन अधिकारी मुकेश सिंघल, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में सक्रिय सदस्य बनने के लिए जमा फॉर्म की जांच पड़ताल की गई। इसके उपरांत जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यों की सूची चस्पा करने की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिनमें से तकरीबन 2762 सक्रिय सदस्यों का सत्यापन होने के उपरान्त प्रथम चरण की सूची चस्पा की गई है। सूची चस्पा किए जाने पर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा के हवाले से जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी. प्रदीप चौधरी ने बताया कि प्रथम चरण में अधिकांश फॉर्मो के सत्यापन होने के उपरान्त सक्रिय सदस्यों की सूची चस्पा करने की प्रथम चरण की प्रक्रिया आज पूर्ण हो गई है। इसमें सभी वरिष्ठ एवं प्रतिभावान कार्यकर्ताओ के साथ साथ हर वर्ग के लोगों को समाहित करने का काम किया गया है। सूची में रह जाने वाले शेष कार्यकर्ता अगली सूची में चस्पा कर दिए जाएंगे। सभी मंडलों में इस सूची की पीडीएफ भेज दी गई है। सभी अपने नाम की सही पुष्टि के लिए मंडल अध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी गिरीश अवस्थी से भी संपर्क कर सकते हैं। दूसरा चरण की प्रक्रिया में सूची में रह गए शेष नाम को जोड़ने का कार्य पूरा करते हुए इस प्रक्रिया को संपन्न कर सूची लखनऊ भेज दी जाएगी। वहीं से सदस्यता का केन्द्रीय सक्रियता संख्या का आबंटन किया जाएगा। सूची चस्पा किए जाने के दौरान अभियान सह संयोजक संदीप त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, ओम राजपूत, गिरीश अवस्थी, सोनू भाटी, आदि मौजूद रहे।



# बम बटक एकता मंच ने ज्ञापन पर कार्रवाई न होने पर उप जिला अधिकारी से की भेंट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में स्थित श्मशान घाट पर साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं को कराने की मांग करते हुए सोमवार को बम बटक एकता मंच के कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी प्रिंस वर्मा से मिले। कार्यकताओं ने कहा कि उन्होंने मांगों के संबंध में 28 नवंबर 2024 को एक ज्ञापन दिया था, जिस पर अभी तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है।

उल्लेखनीय है कि 28 नवंबर को बम बटक एकता मंच कांठ के कार्यकर्ताओ ने उपजिलाधिकारी प्रिंस वर्मा को ज्ञापन देते हुए श्मशान घाट पर चोरियां रूकवाने, असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई, श्मशान घाट की साफ-सफाई, देखरेख, यहां कैयर टेकर नियुक्त करने सहित कई मांगें की थीं। लेकिन 12 दिन का समय बीत जाने के बाद भी ज्ञापन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर सोमवार को बम बटक एकता मंच के अध्यक्ष डॉ. देवराज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी से मिले और मांगों को दोहराया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि उन्होंने मांगों के संबंध में नगर पंचायत प्रशासन को पत्र भेजा है। इस अवसर पर अनुभव भुइयार, हेमंत कुमार, हिमांशु सिंह, राजवीर सिंह, रणवीर सिंह, सुशांत कुमार, गणेश भुइयार, अमित कुमार, वासु विश्नोई आदि मौजूद थे ।



# बिल्डिंग से गिरकर युवक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बिल्डिंग से गिरकर मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लगी भीड़ ने आनन फानन में घायल युवक को पहले निजी चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को रेफर कर दिया उसके बाद घायल युवा को संयुक्त चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।





जहां परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया। घटनाक्रम के अनुसार नगर के मोहल्ला सेमर टोला के रहने वाले 26 वर्षीय बिट्टू सागर पुत्र केदारनाथ सिंह राजमिस्त्री का काम करता हैं परिजनों ने बताया कि बिट्टू टाइल पत्थर लगाने का काम करता है। जहां वह सोमवार को नगर के बहजोई रोड स्थित एक बिल्डिंग की दसवें माले पर काम कर रहा था।जहां परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा उसे बिना किसी सेफ्टी के काम करने को बोल दिया। जिससे उसका अचानक से पैर फिसल गया और वह दसवें माले से नीचे गिर पड़ा इसके बाद मौके पर भीड़ लग गई और युवक को निजी चिकित्सालय में दिखाया गया जहां चिकित्सकों ने रेफर कर दिया और युवक को संयुक्त चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया इसके बाद परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

# पुलिस ने माल सहित दो चोरों को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** पुलिस ने आज तीन दिन पहले हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है' घटना 6 दिसंबर की है थाना कांठ के गांव मुख्तियारपुर नवादा निवासी अफजल पुत्र सत्तार की चक्की के सामने से रखे हुए 25 किलो चावल का कट्टा चोरी हुआ था इस मामले में उसने थाने में तहरीर दी 8 दिसंबर को पुलिस ने मामला दर्ज किया और आज पुलिस ने चोरों को पड़कर घटना का खुलासा कर दिया बताया गया कि पकड़े गए चोरों ने अपना नाम जुबैर पुत्र इसराईल और आजम खाँ पुत्र इसराईल निवासी गण मौहल्ला मुरादावादी गेट दरवारे कला थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा, बताया पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गए 25 किलो चावल का कट्टा भी बरामद करते हुए आज चालान किया है।



# टीएमयू की पीजी रेजीडेंट डॉ. रचना गुप्ता पोस्टर प्रेजेंटेशन में पुरस्कृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में रेडियालॉजी विभाग की पीजी रेजीडेंट डॉ. रचना गुप्ता ने स्टेट कॉन्फ्रेंस के पोस्टर प्रेजेंटेशन में थर्ड पोजिशन पाई है। डॉ. रचना ने थ्रोम्बोस्ड कैल्सिफाइड कोरोनरी साइनस एस ए पैरीकाडियल मास-रेयर एन्टिटी पर अपना पोस्टर प्रेजेंट किया था। यूपी स्टेट नोएडा सिटी चैप्टर की ओर से आयोजित यूपी स्टेट चैप्टर ऑफ इंडियन रेडियोलॉजीकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन- आईआरआईए की 36वीं आरआईसीओएन-2024 में यह अवार्ड मिला है। डॉ. गुप्ता ने अपने पेपर में खुलासा किया, सीटी स्कैन में पता चला कि हार्ट की सबसे बड़ी वेन में क्लोट जमा हो गया था, जो कैल्शिफाइड हो चुका था। इसीलिए पेशेंट को हार्ट की समस्या है। यह माना जा रहा है, विश्व में यह इस तरह का पहला केस है। इंडियन रेडियोलॉजीकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन की इस कॉन्फ्रेंस में यूपी, हरियाणा, दिल्ली और एनसीआर के डॉक्टर्स की ओर से 100 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में रेडियालॉजी विभाग के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी ने अल्ट्रासाउंड ऑफ द शोल्डर्स ज्वाइंट पर व्याख्यान दिया। प्रो. रस्तोगी ने बताया, कंधे की अंदरूनी स्थिति को जानने के लिए एमआरआई के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड भी अधिक उपयोगी है। अल्ट्रासाउंड एमआरआई की अपेक्षा कम खचीर्ला और कम समय लेने वाला है। एमआरआई में एक बार में एक साइड को ही देखा जा सकता है, जबकि अल्ट्रासाउंड में दोनों कंधों का एक बार में जांच की जा सकती है। नेशनल कॉन्फ्रेंस में करीब 350 रेडियोलॉजिस्ट ने शिरकत की।

# मिलक अमावती गांव को मिला "कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत राष्ट्रीय पुरस्कार" : प्रधान गार्गी चौधरी को 11 दिसंबर को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति करेगी सम्मानित, पुरस्कार प्राप्त करने वाली "प्रदेश की पहली ग्राम पंचायत " को विकास के लिए मिलेंगे एक करोड रुपए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद जनपद की ग्राम पंचायत मिलक अमावती की प्रधान गार्गी चौधरी ने एक बार फिर देश में मुरादाबाद का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 में उनकी ग्राम पंचायत का चयन हुआ है। गांव को कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। राष्ट्रीय सम्मान पाने वाली प्रदेश की पहली और देश में तीसरी पंचायत है। 11 दिसंबर को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु प्रधान गार्गी चौधरी कोसम्मानित करेंगी। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डा. बिजय कुमार बेहेरा ने प्रदेश के अपर मुख्य सचित्र पंचायती राज को ग्राम पंचायत मिलक अमावती का चयन भारत सरकार के कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए होने की जानकारी दी। पत्र में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2014 के स्पेशल कैटेगरी अवार्ड कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार के लिए देश की तीन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। इनमें एक महाराष्ट्र और दूसरी ग्राम पंचायत ओडिशा की है। तीसरा स्थान मिलक अमावती गांव का है। राष्ट्रीय पुरस्कार में चयन के बाद गांव के विकास के लिए एक करोड़ रुपये मिलेंगे। सम्मान के लिए चयनित होने से उत्साहित प्रधान गार्गी चौधरी का कहना है कि इससे गांव का और तेजी से विकास होगा।मिलक अमावती गांव को 2023 में भी नानाजी देशमुख राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। इससे पहले 2021 में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार प्रधानमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार 2022. साल 2023 में फिर मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार और राममनोहर लोहिया पुरस्कार से नवाजा गया। कार्बन न्यूट्रल ग्रामपंचायत पुरस्कार कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार चयन के लिए संबंधित गांव में पौधारोपण, सोलर लाइट का प्रयोग, स्वच्छता, जैविक खेती, शुद्ध पेयजल, रास्ते, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय आदि व्यवस्था दुरुस्त करना 'गार्गी ने ऊर्जा संरक्षण के लिए अनूठी पहल की टीम के जरिये गांव के लोगों को ऊर्जा संरक्षण का महत्व बताया। इसके लिए बिजली के बजाय सोलर ऊर्जा के प्रयोग पर जोर दिया। सोलर ऊर्जा के लिए सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी भी दी। नतीजा यह हुआ कि धीरे-धीरे गांव में लोगों ने सोलर ऊर्जा का प्रयोग शुरू कर दिया। इसके बाद पेट्रोल-डीजल से उत्सर्जित होने वाले हानिकारण धुएं व प्रदूषण से बचने के लिए ग्रामीणों में चेतना जगाई। इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को लेकर पंचायतें हुई। जिसके बाद गांव के लोगों का धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति रुझान बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में जैविक खेती ने भी बदलाव की नई तस्वीर पेश की। नतीजा यह हुआ कि महज चार साल में गाव ना सिर्फ सामाजिक उन्नयन की नई गाथा लिख रहा है एवं दूसरों को प्रेरित भी कर रहा है।



**अवैध अतिक्रमण** | जेसीबी में तेल खत्म होने से 45 मिनट तक अभियान में हुई देरी

# एफआर रोड के आस पास हटाया गया अवैध अतिक्रमण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** नगरपालिका द्वारा पिछले काफी दिनों से नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नगरपालिका की टीम पीएसी जवानों व बुल्डोजर के साथ विभिन्न स्थानों से लगातार अतिक्रमण हटा रही है। जिसमें नगर के मुख्य स्थान फुव्वारा चौक, संभल गेट आदि जैसे स्थानों के साथ-साथ मंदिर मस्जिद जो की अतिक्रमण की जद में आ रहा था उसे भी हटाया जा रहा है। इसी तरह नगरपालिका द्वारा 3 दिसंबर को फुव्वरा चौक स्थित नगर पालिका के बाहर बनी दुकानों को ध्वस्त किया गया था उसी क्रम में बीते रविवार को ध्वस्त की गई उन्हीं दुकानों में से एक दुकान संचालक मकसूद अहमद पुत्र नूर मोहम्मद द्वारा पुनः अपनी दुकान का निर्माण कराकर उसमें शटर लगवा लिया ।जिसकी जानकारी होते ही नगर पालिका अपने कर्मचारियों व बुलडोजर को साथ लेकर पहुंच गए इस पर दुकान संचालक अपने परिवार के साथ दुकान के अंदर बैठ गया ' और दुकान से बाहर न आने को लेकर अड़ गया।जिसपर कई बार नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा उसे बार बार समझाया गया लेकिन वह नहीं माना इस पर पुलिस को सूचना दी गई और काफी देर तक परिवार को दुकान से बाहर निकलने को कहा गया। लेकिन दुकान संचालक ने पुलिस कर्मियों की एक नहीं सुनी इसी बीच मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग इकट्ठे हो गए काफी समय बीत जाने के बाद अधिशासी अधिकारी के0के0 सोनकर द्वारा परिवार से बात करते हुए उन्हें दोबारा दुकान देने का आश्वासन दिया। काफी देर समझाने के बाद परिवार के लोग मान गए और दुकान से बाहर आ गए इसके बाद चंद मिनटों में बुलडोजर ने दुकानों को धस्त करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई थी । इसी तरह सोमवार को एफ आर इंटर कॉलेज रोड पर भी अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही अतिक्रमण हटाने गई जेसीबी में तेल खत्म होने की वजह से 45 मिनट तक जेसीबी रोड के बीचो-बीच खड़ी रही जिससे जाम की स्थिति भी बन गई लगभग 45 मिनट के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया हालांकि कुछ लोगों द्वारा स्वयं अपना अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इस दौरान मौजूद रहे।, आशीष शर्मा, प्रमोद वाल्मीकि, प्रभाकर गुप्ता, अवनेश कुमार, राजू, जेई अनुज कुमार, व मौजूद रहे।





# सौतेले पिता ने 14 वर्षीय बेटी से किया दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एक सौतेले पिता ने ही अपनी 14 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म करने की वारदात को अंजाम दे दिया। मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी को आज गिरफ्तार कर चालान किया है'नगर के एक मोहल्ले में किराये के घर में रहने वाली महिला का कहना है कि मुरादाबाद निवासी उसके पहले पति की मृत्यु के बाद करीब सात साल पूर्व उसने अमरोहा के हसनपुर निवासी युवक से शादी कर ली थी। पहले पति से उसे दो बेटी और एक बेटा था। जिसमें एक 14 वर्ष की बेटी भी है।

वर्तमान में वह अपने दूसरे पति और बच्चों के साथ कांठ नगर के मोहल्ले में किराये के घर में रह रही है।महिला का आरोप है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी पर दूसरा पति काफी दिन से बुरी नजर रखे हुए था। विरोध करने पर बेटी को मारने की धमकी देता था। जब महिला घर में नहीं होती तो उसकी गैरमौजूदगी में पति करीब तीन माह से उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा है। जब बेटी गुमसुम रहने लगी तो परेशान होकर उसने मां को सारी बात बताई। जिस पर महिला बेटी को लेकर थाने पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किया है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# समुंद्र के किनारे मोनालिसा ने दिखाईं कातिल अदाएं, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस का मचला दिल

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और स्टनिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही छाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस का दिल मचल गया है।एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग और बोल्डनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिल अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा समुंद्र के किनारे बेहद ही किलर अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर पोस्ट होते ही वायरल हो गया है।मोनालिसा समुंद्र ने व्हाइट कलर का कोर्ड सेट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। ये ही नहीं वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो भी करते हैं।

# अर्जुन उस्तरा में शाहिद कपूर संग बनी तृप्ति डिमरी की जोड़ी, भाभी 2 संग रोमांस करेंगे कबीर सिंह



तृप्ति डिमरी पहली बार शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने के लिए तैयार हैं. एनिमल एक्ट्रेस विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म अर्जुन उस्तरा में शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी. वह फिल्म में लीड एक्ट्रेस की भूमिका निभाएंगी.

तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म अर्जुन उस्तरा के बारे में कुछ खास जानकारी नहीं मिली है. लेकिन, एनिमल की भाभी-2 और कबीर सिंह को एक साथ देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि दोनों पहली बार किसी प्रोजेक्ट के लिए एक साथ आ रहे हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम पहले से ही चल रहा है. बहुप्रतीक्षित फिल्म 6 जनवरी 2025 को फ्लोर पर आने वाली है. वहीं, शूटिंग शेड्यूल के प्लान के साथ, मेकर्स जल्द ही इस प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहते है, क्योंकि वे 2025 में ही अर्जुन उस्तरा को सिनेमाघरों में रिलीज करने का प्लान कर रहे हैं। तृप्ति डिमरी को हाल ही में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 में देखा गया. फिल्म की शानदार सफलता के बाद वह अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म धड़क 2 पर काम कर रही हैं. फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है, जिसमें उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आएंगे।

धर्मा प्रोडक्शंस की निर्मित यह फिल्म 2018 की हिट धड़क की बहुप्रतीक्षित सीक्वल है, जिसमें जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर ने डेब्यू किया था. ओरिजिनल फिल्म मराठी फिल्म सैराट की रीमेक थी।

इस साल मई में करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए धड़क के सीक्वल की पुष्टि की थी. उन्होंने पोस्ट के जरिए धड़क 2 की रिलीज के बारे में बताया था. शाजिया इकबाल की निर्देशित, यह फिल्म पहले 22 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में आने वाली थी. हालांकि, अब इसे अगले साल के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है।

# अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स फिनाले रेस 2024 में भाग लेंगी बॉलीवुड की स्त्री श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड स्टार श्रद्धा कपूर ना सिर्फ एक्टिंग में बल्कि स्पोर्ट्स में भी दिलचस्पी रखती हैं. हाल ही में खबर आई है कि ये स्त्री अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स फाइनल रेस 2024 में भाग लेने वाली है. इसके के लिए वह पूरी तरह से तैयार हैं। अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स वर्तमान में चल रहा है, जिसकी आखिरी रेस 8 दिसंबर को निर्धारित किया गया है. अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स के पिछले सीजन में मैक्स वेरस्टैपेन ने जीत हासिल की थी, उसके बाद दूसरे स्थान पर चार्ल्स लेक्लर और तीसरे स्थान पर जॉर्ज रसेल थे। यह इवेंट गेम कैलेंडर का प्रमुख बिंदु है. यह दुनिया



भर से मशहूर हस्तियों और फैंस को आकर्षित करने के लिए जाना जाता है. श्रद्धा पिछले प्रतिभागियों की लाइनअप में शामिल हो गई हैं, जिसमें प्रियंका चोपड़ा जोनस और नाओमी कैंपबेल और ऑरलैंडो ब्लूम जैसे ग्लोबल स्टार का नाम शामिल हैं। 2024 श्रद्धा के लिए एक एक शानदार साल रहा है, क्योंकि स्त्री 2 शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान को पछाड़ कर हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी हिट बनकर उभरी. ग्रैंड प्रिक्स में श्रद्धा की मौजूदगी इस इवेंट में एक अनूठी भारतीय झलक लाती है, जो खेल और मनोरंजन के दिग्गजों की मेजबानी के लिए फेमस है। श्रद्धा के लिए यह उपस्थिति एक और मील का पत्थर है, जिसने बॉलीवुड के पसंदीदा स्टार के रूप में उनकी स्थिति को और मजबूत किया है. वहीं, इंस्टाग्राम पर 94.2 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स के साथ, वह इंडियन एंटरटेनेमेट इंडस्ट्री की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली शख्सियतों में से एक बन गई हैं।

# पुष्पा 2 ने 2 दिनों में कमाए 400 करोड़, इंडिया में किया 250 करोड़ का आंकड़ा पार, पहले वीकेंड में 500 करोड़ पक्के

पुष्पा 2: द रूल 2 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 2 : साउथ फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपनी एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 की कमाई से बॉक्स ऑफिस पर सफलता का झंडा पहले ही दिन गाड़ दिया. तकरीबन 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी पुष्पा 2 ने ओपनिंग डे के कलेक्शन से ही अपना 90 फीसदी मेकिंग बजट कवर कर लिया है. अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की जोड़ी दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है. पुष्पा 2 ने पहले ही दिन वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 294 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. वहीं, फिल्म पुष्पा 2 ने पहले दिन भारत में हिंदी पट्टी में 72 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. वहीं, फिल्म ने दूसरे दिन कितना कलेक्शन किया और कुल कलेक्श कितना हुआ आइए जानते हैं।

बता दें, पुष्पा 2 ने इंडिया में सभी भाषा में 174.9 करोड़ रुपये से खाता खोला है. वहीं, दूसरे दिन भारत में पुष्पा ने 90.10 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. सैकनिल्क के अनुसार, वहीं, भारत में पुष्पा का नेट कलेक्शन दो दिनों में 250 करोड़ रुपये से पार जा चुका है. पुष्पा 2 का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल नेट कलेक्शन 265 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं, पुष्पा 2 ने वर्ल्डवाइड दो दिनों में 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. बता दें, दूसरे दिन की कमाई से पुष्पा 2 एक शाहरुख खान की फिल्म जवान समेत सभी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. जवान ने दूसरे दिन भारत में 70 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए थे।

पुष्पा 2 ने राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर मास एक्शन फिल्म आरआरआर की ओपनिंग डे कलेक्शन 225



करोड़ रुपये का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. पुष्पा वर्ल्डवाइड, भारत और साउथ सिनेमा की बिगेस्ट ओपनर बन गई है और साथ ही अल्लू अर्जुन के करियर की भी बिगेस्ट ओपनर बन गई है. बता दें, पुष्पा 2 ने इंडियन फिल्म इंडस्ट्री की सभी बिगेस्ट ओपनिंग फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ डाला है. बता दें, सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म पुष्पा बीती 5 दिसंबर को रिलीज हुई है. फिल्म पुष्पा आज अपनी रिलीज के तीसरे दिन में और वीकेंड में पुष्पा 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन करने जा रही है।

# टाइफाइड में जल्दी ठीक होने के लिए क्या खाना चाहिए? जानिए किन चीजों से करें परहेज

टाइफाइड से रिकवर होने के लिए दवा के साथ-साथ डाइट का भी बहुत ख्याल रखने की जरूरत होती है। टाइफाइड साल्मोनेला टाइफी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह एक प्रकार का बैक्टीरियल इंफेक्शन होता है। टाइफाइड फीवर संक्रमित व्यक्ति से एक स्वस्थ व्यक्ति में भी फैल सकता है। इसकी वजह से लोगों को पेट में दर्द, सूखी खांसी, सिरदर्द, शरीर में दर्द और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल



जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर वक्त रहते इस बीमारी का पता चल जाए तो वक्त से पहले रिकवर हो सकते हैं। इसके लिए आपको अपने खानपान का भी विशेष ध्यान रखना होगा। आइए जानते हैं टाइफाइड में जल्दी ठीक होने के लिए क्या खाना चाहिए? टाइफाइड में क्या परहेज करना चाहिए? या फिर टाइफाइड में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं?

**टाइफाइड में रोटी नहीं खाना चाहिए या नहीं?**

डॉक्टर्स के मुताबिक टाइफाइड में रोटी खाने से तबीयत बिगड़ सकती है। क्योंकि टाइफाइड पेट से जुड़ी बीमारी है, जिसमें भारी भोजन करने की सलाह नहीं दी जाती है। खासकर जिनमें फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, वैसे भोजन से बचने की सलाह दी जाती है। रोटी में फाइबर की मात्रा बहुत होती है और ये पचने में भी भारी होता है।

**मसालेदार खाना न खाएं**

टाइफाइड फीवर में मसालेदार खाने से परहेज करना चाहिए। क्योंकि टाइफाइड में डाइजेस्टिव सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में तला-भुना या मसालेदार भोजन खाने से पेट की समस्या और ज्यादा बढ़ जाती हैं। टायफाइड में आसानी से डाइजेस्ट होने वाला भोजन खाएं जैसे खिचड़ी, दलिया, सूप, उबले चावल आदि।

**कच्चे फल और सब्जियां न खाएं**

टाइफाइड फीवर में कच्चे फल और सब्जियां नहीं खाना चाहिए। लेट्यूस और जामुन जैसे फल जिन्हें छील नहीं सकते हैं उनको खाने से परहेज करें। अगर आप फलों का सेवन करना चाहते हैं तो आप केले, एवोकाडो और संतरे को बेहतर विकल्प के रुप में उपयोग कर सकते हैं।

**टाइफाइड में क्या खाना चाहिए?**


टाइफाइड में जल्दी रिकवर होने के लिए काबोर्हाइड्रेट से भरपूर खाद्य पदार्थ खाने चाहिए। क्योंकि टाइफाइड बुखार के दौरान बॉडी का एनर्जी लेवल खत्म हो जाता है, इसीलिए खाने में दलिया, फ्रूट कस्टर्ड, बॉयल्ड एग, शहद और उबले हुए चावल जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए।

**टाइफाइड में दूध पी सकते हैं क्या?**

टाइफाइड में जल्दी ठीक होने के लिए ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। फीवर में शरीर में पानी की बहुत कमी हो जाती है, ऐसे में आपको डिहाइड्रेशन से बचने के लिए अधिक मात्रा में पानी या पेय पदार्थों का सेवन करना बेहद जरूरी होता है। आप पेय पदार्थों में नारियल पानी, नींबू पानी, सूप और फलों के जूस का सेवन कर सकते हैं।

# दिन में कितने बार हाथ धोना चाहिए, क्या है सेफ

अपने शरीर को साफ रखना बहुत जरूरी है, खासकर हाथों की सफाई. हाथ गंदे होने पर धोना चाहिए, लेकिन सवाल यह है कि दिन में कितनी बार हाथ धोना जरूरी है? कुछ लोग दिन में कई बार, यहां तक कि 50 बार भी हाथ धोते हैं. यह आदत सही नहीं है क्योंकि इससे त्वचा को नुकसान हो सकता है.तो आइए जानें, कब और कितनी बार हाथ धोना चाहिए।



कितनी बार धोना चाहिए हाथ?

रिपोर्ट के अनुसार विशेषज्ञ, बताते हैं कि हाथ धोने की आदत कई चीजों पर निर्भर करती है. आपके काम को देखकर, हाथ कितने गंदे हो रहे हैं. बाहर के संपर्क में आने की स्थिति में. अगर आपके हाथ धूल-मिट्टी से गंदे दिख रहे हैं, तो धोना जरूरी है. इसके अलावा, जब आप किसी पब्लिक प्लेस से आते हैं या खाने से पहले हाथों को साफ करना चाहिए. अगर हाथ धोना संभव न हो, तो सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें।

विशेषज्ञ का कहना है कि दिनभर हर छोटी बात पर हाथ धोने की जरूरत नहीं होती. हाथ धोने या सैनिटाइज करने का सही समय यह है. बाहर से घर लौटने पर, खाना खाने से पहले, किसी अन्य व्यक्ति को छूने के बाद हाथ धोना चाहिए।

**हद से ज्यादा हाथ धोना बन सकता है समस्या**

कुछ लोग बार-बार हाथ धोते हैं, जो कि एक मानसिक समस्या हो सकती है. इसे ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर कहा जाता है. ऐसे लोग हर समय संदेह में रहते हैं कि उनके हाथ साफ नहीं हैं. कई बार लोग अपने हेल्थ को लेकर इतने चिंतित हो जाते हैं कि बार-बार हाथ धोते रहते हैं. कुछ लोग घर की सफाई को लेकर इतना परेशान हो जाते हैं कि हर बार सफाई शुरू कर देते हैं. यह व्यवहार सामान्य नहीं है और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सलाह जरूरी होती है।

**बार-बार हाथ धोने के नुकसान**

रिपोर्ट के अनुसार, हमारी त्वचा की पहली परत में कई लाभदायक बैक्टीरिया और नेचुरल ऑयल मौजूद होते हैं, जो,त्वचा को संक्रमण से बचाते हैं. इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं.

लेकिन अगर आप बहुत ज्यादा हाथ धोते हैं तो इसका उल्टा असर पड़ सकता है, त्वचा की पहली परत क्षतिग्रस्त हो सकती है. त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है. बार-बार धोने से हाथों में सूजन और दर्द हो सकता है. बैक्टीरिया के खिलाफ आपकी प्राकृतिक सुरक्षा कमजोर हो सकती है।

# फिल्म तान्हाजी के सीक्वल पर लगी मुहर, अजय देवगन से भिड़ने को तैयार ऋतिक रोशन

साल 2020 में आई अजय देवगन और काजोल की फिल्म तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। ओम राउत इसके निर्देशन थे। तकरीबन 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 367.65 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।अब लगभग 4 साल बाद तान्हाजी के सीक्वल पर मुहर लग गई है। दरअसल, राउत और अजय ने तान्हाजी 2 के लिए एक बार फिर से हाथ मिलाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अजय और राउत तान्हाजी की दूसरी किस्त के लिए साथ आ गए हैं। दोनों के बीच अब तक कई मुलाकात हो चुकी हैं।इस फिल्म में एक गुमनाम योद्धा की कहानी दिखाई जाएगी। कहा जा रहा है कि फिल्म की कहानी पर काम शुरू हो गया है।अजय और राउत भारत के इतिहास के एक ऐसे दिग्गज की जिंदगी पर फिल्म बनाना चाहते थे, जिन्हें समय के साथ भुला दिया गया।



रिपोर्ट में दावा किया गया है कि तान्हाजी के सीक्वल में अजय के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए ऋतिक रोशन से संपर्क किया है। वह फिल्म में खलनायक के किरदार में नजर आएंगे। राउत और ऋतिक के बीच बातचीत लगातार जारी है।तान्हाजी की बात करें तो इस फिल्म में सैफ अली खान भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अजय ने भूषण कुमार के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया था।फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : जिले में 173 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने जोड़ों का दिया आशीर्वाद
- एक जोड़े की शादी पर 51हजार की धनराशि खर्च होती है:शिव कुमार

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सोमवार को जिले में 173 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना में 254 जोड़ों का विवाह संपन्न कराने के लिए 129.54 लाख रुपये प्राप्त हुए थे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवकुमार ने बताया कि सदर विधानसभा के ब्लॉक परिसर हापुड़ में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 33 जोडों तथा नगर पालिका हापुड़ में 23 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदर विजय पाल आढ़ती ने प्रतिभाग किया। सदर विधानसभा सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हापुड़ पुष्पा देवी,ब्लॉक प्रमुख हापुड़ ममता चौधरी,मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम सहित खंड विकास अधिकारी,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि धौलाना विधानसभा के तहत कुल 44 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नगर पालिका पिलखुवा के 14 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के तहत कुल 18 जोड़ो का सामूहिक विवाह तथा विकास खण्ड सिम्भावली के 37 जोड़ों एवं नगर पालिका गढ़मुक्तेश्वर के 04 का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतिया,भाजपा नेता सतपाल यादव,नगर पालिका अध्यक्ष गढ़मुक्ततेश्वर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवकुमार ने बताया कि विवाहित जोड़ों में से प्रति जोडे को रुपए 51 हजार की दर धनराशि खर्च की गयी है। जिसमें से कन्या के बैंक खाते में 35 हजार रुपए की धनराशि,विवाह संस्कार के लिये दस हजार का सामान उपहार स्वरूप एवं 6 हजार रुपये समारोह के आयोजन खान पान हेतु व्यय की जाती है।

# कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जिलों में किया रक्तदान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)** ।कांग्रेस संसदीय दल की नेता पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों पर आज कांग्रेसजनों द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप लगाकर रक्तदान किया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने आज जनपद वाराणसी में कांग्रेसजनों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। इसी क्रम में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर भी शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के कार्यवाहक अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ0 शहजाद आलम, सामाजिक कार्यकर्ता आक्सीजनमैन राजेश जायसवाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के कार्यवाहक अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के तमाम कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओ ने बढ़चढ़कर रक्त दान कर हमारी नेता सोनिया गांधी के जन्मदिवस को सदभावना दिवस के रूप में मनाया गया।





मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि हम सबकी प्रेरणाश्रोत विनम्र सहज और पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का भाव रखने वाली नेता सोनिया गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर रक्त दान से अच्छा कोई दूसरा उपहार हम कांग्रेसजनों की ओर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज देश में जिस तरह का विषाक्त माहौल वर्तमान भाजपा सरकार में बन गया है और दिन प्रतिदिन उसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बढ़ाया जा रहा, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बटोगे तो कटोगे की सियासत करने वाली भाजपा इस देश के संविधान की मूल भावना का अनादर करती है। यह लोग भारत के लोकतांत्रिक और सेक्युलर चरित्र को खत्म करना चाहते हैं। मगर हम कांग्रेस के लोग प्रतिबद्ध है इनके नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए। हम राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक हर तरीके की लड़ाई लडेंगे इस देश के मूल चरित्र को बचाए रखने के लिए। ईश्वर ने सभी इंसानों को एक जैसा बनाया, उसने कोई भेद नहीं किया। सभी के शरीर में एक जैसा रक्त बहता है और यह लाल रक्त हमें जातियों और धर्मों में बंटने से रोकता है और एक रखता है।आज रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश महासचिव, प्रभारी संगठन अनिल यादव, प्रदेश सचिव अतुल सिंह, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, निवर्तमान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 शहजाद आलम, सुधांशु बाजपेई, उरुषा राना, नितान्त सिंह, अनिल शुक्ला, अभिनव तिवारी, अमन यादव, मो0 वासिफ, मो0 आरिफ, मो0 वैश्य, सुनील कुमार पाल, अनामिका यादव, जैनब हैदर, संगीता जायसवाल, मंगल सिंह, अयूब सिद्दीकी, नावेद नकवी, मोहम्मद मासूक अली, शाहबाज रजा, रत्नेश शुक्ला, कोमल राठौर, ललित कुमार, उमर खान बाबा, उमेश चन्द्र, राधेश्याम, मो0 सलीम, इरशाद अली, आरिफ खान, सैय्यद वकार मेंहदी, दीपक, नंद किशोर, शाहरुख खान, जमाल खान, आकिल हुसैन, मो0 वसीम नूरी, मो0 सलमान, मेहताब जैनब, रितेश पाण्डेय, इरफान उल्ला, आदि शामिल रहे।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या पर भरतनाट्यम व भजन गीत से श्रोता मंत्रमुग्ध हुए,अमृतायन के तत्वाधान में कवि सम्मेलन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ** । आशियाना स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में वरिष्ठ कवि कुमार तरल और अशोक अज्ञानी अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा, हेमू चौरसिया, रनवीर सिंह और विनय दुबे ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच से शिव संस्कृति कला फाउंडेशन संस्थापिका मिठू रॉय सेक्रेटरी आशिम रॉय के संयोजन में मिठू रॉय गणेश वंदना कर आरम्भ किया। अर्धनारीश्वर प्रसंग भरतनाट्यम शुभम गौतम एवं ओ जी हरि कित गई नेहा लगाए.....अनीता दुबे के भजन गाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। सैंया मेरे लरकईयां...स्मृति मिश्रा ने लोकगीत की माला में पिरोया। राम जी से पूछे जनकपुर की नारी.. स्वरांजली ने भजन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया वहीं गिरिराज शर्मा ने कृष्ण भजन से दर्शकों का मन जीता। साहित्यिक संस्था अमृतायन का कवि सम्मेलन काशी राम सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल आशियाना मे संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि कुमार तरल ने तथा संचालन शुभेन्द्र सिंह ने किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ डॉ सुमन सुरभि द्वारा मां सरस्वती की वन्दना से किया गया।कार्यक्रम को गति देते हुए दोहा कार मित्र विपुल, छंदकार शुभेन्द्र सिंह,गीतकार पुष्पेन्द्र प्रेमी,कवयित्री सौम्या तिवारी, कवयित्री सुमन सुरभि, वरिष्ठ कवि कुमार तरल,चर्चित गीतकार गोविन्द गजब, वरिष्ठ कवि अशोक पांडेय अनहद, युवा कवि ध्रुवल श्रीवास्तव, मनीष मगन ,सन्नी पटेल उन्नाव, शशि नारायण त्रिपाठी, दीपक यादव आदि ने सुन्दर रचनाएँ प्रस्तुत किया। मुख्य रूप से राष्ट्र प्रेम पर आधारित रचनाएँ प्रस्तुत की गई। अन्त में अमृतायन संस्थापक वअध्यक्ष डॉ अशोक अज्ञानी को अरुण प्रताप सिंह व हेमू चौरसिया कवियों को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र से सम्मानित किए गए। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के मनोज सिंह चौहान, मोनालिसा, भारती सिंह, सरूपा तिवारी, अनन्या वर्मा और शिवम वर्मा उपस्थित रहे । मनीष पंडित और प्रदीप शुक्ला ने मंच का संचालन किया गया।




# अवध के रंग का दस दिवसीय आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** संस्कृति विभाग के सहयोग से इमेज एंड क्रियेशन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष कविता पाठक के आयोजन/संयोजन मे महाकुम्भ 2025 पर आधारित अवधी लोक गायन प्रस्तुतिप्रक कार्यशाला अवध के रंग का दस दिवसीय आयोजन प्रशिक्षक शिव पूजन शुक्ल & डॉ प्रतिभा मिश्रा के द्वारा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ के पूर्वाभ्यास कक्ष में किया जा रहा है।इस अवधी लोक गायन प्रस्तुतिप्रक कार्यशाला अवध के रंग मे महलों मैं बाजे बधाई,तिलक आज रघुबर की आई। महलों मैं बाजे बधाई,तिलक आज रघुबर की आई। तोहार दुलहा हो, तोहार दुलहा हो, तोहार दुलहा, गउरा सबसे निराला।। नेवता गीत अंगन मोरे आओ कारे भंवरा।गउवां के पूरुब है देवी कै चौरा आदि गीतों पर गोंडा जिले के प्रशिक्षक शिव पूजन शुक्ल & डॉ प्रतिभा मिश्रा के द्वारा मुख्य रूप से रश्मि, दीपांजलि त्रिपाठी, ज्योति रतन, सरिता अग्रवाल, शशि सिंह, अपर्णा सिंह, माधुरी सिंह, अरुणा कविता, नूतन, समरींन अनुमेंहा और नीशू त्यागी सहित लगभग चालीस से ज्यादा प्रतिभागियो को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसकी प्रस्तुति 16 दिसंबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय बोध्य शोध संस्थान में की जाएगी।




# देश के संविधान और प्रजातंत्र की रक्षा को लेकर विपक्ष एक साथ आया : प्रियंका चतुर्वेदी

**नई दिल्ली।** विपक्षी महागठबंधन इंडिया ब्लॉक में हो रही टूट और अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों पर शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) से राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि इंडिया ब्लॉक एकजुट है और आगे भी रहेगा।

इंडिया ब्लॉक को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष अबू आजमी ने गठबंधन से पीछे हटने बात कही है, वहीं शिवसेना (यूबीटी) से विधायक आदित्य ठाकरे ने सपा को भारतीय जनता पार्टी की बी टीम बताया है। देश के संविधान और प्रजातंत्र की रक्षा करने के लिए यहां पर हम सभी एक साथ आए हैं। भाजपा इस चीज को दरकिनार करने की कोशिश कर रही है।

महाराष्ट्र के संदर्भ में प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, आदित्य ठाकरे ने बहुत स्पष्ट तरीके से बताया था कि अखिलेश यादव हमारे साथ मिलकर वो लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन सपा के कुछ अन्य लोग हैं, जो महाविकास अघाड़ी से अलग होने वाले बयान देकर, भाजपा को फायदा दे रहे हैं। इससे हमें बचना चाहिए। अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में भाजपा के खिलाफ पुरजोर तरीके से लड़ रहे हैं। ऐसे में उनकी लड़ाई को कमजोर करना सही नहीं है। वो इसका संज्ञान लेंगे। मेरी उम्मीद है कि महाविकास अघाड़ी में सभी एक साथ होकर यह लड़ाई लड़ेंगे।



मांगों को लेकर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की तरफ कूच कर रहे किसानों को लेकर प्रियंका गांधी ने कहा, यह बहुत ही शर्मनाक है। ये सरकार हमेशा किसानों के खिलाफ काम करती है। उनके हित के बारे में नहीं सोचती। उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, इसके बाद तीन काले कानून लाए। जब 700 से अधिक किसान शहीद हुए, तो उन्हें आतंकवादी, एंटी इंडिया, खालिस्तानी समर्थक बताया गया। लेकिन फिर भी वो लड़ाई लड़ते रहे और मजबूर कर दिया कि उन तीन काले कानून को वापस लें।

शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा, तीन काले कानून वापस लेते समय सरकार ने एमएसपी देने का वादा किया था। जो अभी तक नहीं मिली। इसी मांग को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन पुलिस टियर गैस, लाठी चार्ज करके किसानों को घायल करती है। किसानों को दिल्ली बॉर्डर से आने नहीं देते हैं और उन पर पाबंदी लगाते हैं। ये खुद को किसान प्रेमी बताते हैं, लेकिन उनके विरोध में काम करते हैं। देश के उपराष्ट्रपति ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को फटकारा था कि यह कैसी वादाखिलाफी है, जिस पर उनको संज्ञान लेना चाहिए।

## कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन, रक्तदान कर दिया सद्भाव का संदेश

# त्याग, बलिदान और देशप्रेम की अनूठी मिसाल हैं सोनिया गांधी : जियाउर्रहमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी का जन्मदिन सोमवार को कांग्रेस जिला कार्यालय पर कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया । कांग्रेसियों ने उनके दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि सोनिया गांधी महिला सशक्तिकरण , त्याग, तपस्या बलिदान और सुचिता की प्रतिमूर्ति है। कांग्रेसियों ने इसके बाद जिला अस्पताल में रक्तदान कर सद्भावना दिवस के रूप में जन्मदिन मनाया और सद्भाव का संदेश दिया ।

पूर्व विधायक प्रत्याशी शिकारपुर, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कहा कि सोनिया गांधी जी त्याग, बलिदान और देशप्रेम की अनूठी मिसाल हैं । जहां लोग प्रधानी के लिए खून बहा देते हैं, वहां सोनिया जी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी का बलिदान किया था । उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति सोनिया गांधी जी का अप्रितम योगदान व समर्पित जीवन हर भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।




प्रभारी प्रदेश सचिव पंकज तेजानिया, शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी ने कहा कि सोनिया जी के चेयरमैन रहते हुए यूपीए शासन काल के दौरान देश में विकास की बयार बही। मनरेगा, सूचना का अधिकार, किसानों की कर्ज माफी व खाद्यान्न सुरक्षा बिल आदि योजनाएं लागू की गई। इन योजनाओं का लाभ कांग्रेस ने जरूरतमंद जनता तक पहुंचाने का कार्य किया । वरिष्ठ नेता चौ नरेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, वरिष्ठ नेता देवरंजन नागर ने कहा कि सोनिया गांधी जी के जीवन से प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरणा लेनी चाहिए । उन्होंने कहा कि सास और पति की हत्या के बाद भी सोनिया जी डरी नहीं और सांप्रदायिक व देशविरोधी ताकतों का डटकर सामना किया और भारत को प्रगति का नया आयाम दिया । इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान एड, शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी, नरेंद्र चौधरी, सुभाष गांधी, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत, मुनीर अकबर, देवरंजन नागर, डॉ इरफान, जेपी शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, कैफी फैसल, अम्बरीष वर्मा, महिपाल सिंह, इरफान ककोड़ आदि मौजूद रहे ।

## धौलाना ब्लॉक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शादी के बंधन में बंधे 44 जोड़े

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा/धौलाना (गजेन्द्र राठी)।** मुख्यमंत्री महत्वाकांक्षी योजना योसामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत धौलाना ब्लॉक के राज शगुन फार्म हाउस में 44 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे धौलाना ब्लॉक प्रमुख निशान सिसोदिया ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से समाज में एक सकारात्मक बदलाव आया है।जिसमें अब बेटियां बोझ नहीं बल्कि समाज की निमार्ता मानी जाती हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों ही बेटियों को लक्ष्मी के रूप में मानते हैं और इसी सोच को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से साकार किया गया है।सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और इस प्रकार के आयोजन सामाजिक सशक्तिकरण का हिस्सा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बहू को बेटी की तरह मानें और परिवार में समान सम्मान दें। धौलाना विकासखंड अधिकारी राम कुमार शर्मा ने नव विवाहित जोड़ों को बधाई दी और उनके सुखी जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सरकार ने 51 हजार रुपये की व्यवस्था की है।इसमें 35 हजार रुपये नकद उनके खाते में तथा सामग्री भी उपलब्ध करा रही है। इस दौरान एडीओ शशांक सिंह,एडीओ मुस्ताक भाजपा नेता मिंटू चौहान,मनोज गौतम,ग्राम प्रधान अतुल फगोता,रियाज अहमद,मोनू प्रधान सहित ब्लॉक के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे ।




## रेल पटरी चटकी | सूचना मिलने के बाद कंट्रोल रूम ने ट्रेन को इज्जतनगर में रोक दिया

# आगरा फोर्ट रामनगर एक्सप्रेस पलटने से बची, रेल पटरी चटकी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली ।** रेल पटरी चटकी होने के कारण सोमवार तड़के 15055-56 आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस पलटने से बची। सूचना मिलने के बाद कंट्रोल रूम ने ट्रेन को इज्जतनगर में रोक दिया। इंजीनियरिंग टीम ने 45 मिनट में ट्रैक को दुरुस्त किया। इसके बाद ट्रैक पर 20 किमी प्रति घंटा के कॉशन के बाद ट्रेन को इज्जतनगर से आगे रवाना किया गया।

आगरा फोर्ट-रामनगर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस का सप्ताह में अप-डाउन तीन-तीन दिन संचालन होता है। रविवार राम 8:53 बजे आगरा फोर्ट से चलने के बाद यह ट्रेन सोमवार तड़के 4:04 बजे इज्जतनगर पहुंची थी। इज्जतनगर-भोजीपुरा के बीच रेलवे क्रॉसिंग संख्या 236 बी के पास ट्रैकमैन प्रेमपाल और हरीबाबू पेट्रोलिंग कर रहे थे। उन्होंने देखा कि रेल पटरी चटकी हुई है। पटरी में करीब एक इंच की दरार थी। अगर ट्रेन यहां से गुजरती है तो हादसा हो सकता है। प्रेमपाल ने तुरंत की इसकी सूचना गेटमैन को दी। गेटमैन ने कंट्रोल रूम को अलर्ट कर दिया। इस दौरान ट्रेन इज्जतनगर स्टेशन छोड़ रही थी। रेल लाइन में फैक्चर की सूचना पर ट्रेन को रोक दिया गया।

कुछ ही देर में रेलवे की इंजीनियरिंग टीम मौके पर पहुंच गई। 45 मिनट में ट्रैक की मरम्मत करने के बाद 20 किलोमीटर प्रति घंटा के कॉशन के साथ 15055 आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस को इज्जतनगर से रवाना किया गया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि तापमान में गिरावट आने पर रेल पटरियां सिकुड़ने से इस तरह के फ्रैक्चर होते हैं। सभी रेलवे सेक्शन में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।

खुल गया था पटरी का ज्वाइंट, एक इंच से ज्यादा गैप

इज्जतनगर-भोजीपुरा के बीच पटरी सिकुड़ने के कारण ज्वाइंट खुल गया था। इससे पटरी में एक इंच से ज्यादा की दरार आ गई थी। जिस स्थान पर यह ट्रैक फैक्चर हुआ वहां ट्रेन की औसतन रफ्तार 60-70 किमी प्रति घंटा की रहती है। अगर फ्रैक्चर के समय आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस यहां से गुजरती तो हादसा हो सकता था। फिलहाल इंजीनियरिंग टीम ने रेलवे क्रॉसिंग संख्या 236 बी के पास 20 किमी प्रति घंटा का अस्थाई कॉशन दे दिया है। इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि इज्जतनगर-भोजीपुरा के बीच क्रॉसिंग संख्या 236 बी के पास रेल लाइन फ्रैक्चर हुई थी। ट्रैकमैन की सूझबूझ से आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस को इज्जतनगर में कंट्रोल कर लिया गया। 45 मिनट में ट्रैक दुरुस्त करने के बाद 20 किमी प्रति घंटा के कॉशन के साथ ट्रेन को आगे रवाना किया गया।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267